बितारिकी आलि-हतिना अन् क़ौलि-क व मा नह्नु ल-क बिमुअ्मिनीन (53)
इन्नक़ूलु इल्लअ्-तरा-क बअ्ज़ु आलि-हतिना बिसूइन्, क़ा-ल इन्नी उश्हिदुल्ला-ह वश्हदू अन्नी बरीउम्-मिम्मा तुश्रिकून (54)
मिन् दूनिही फ़कीदूनी जमीअन् सुम्-म ला तुन्ज़िरून (55)
इन्नी तवक्कल्तु अलल्लाहि रब्बी व रब्बिकुम्, मा मिन् दाब्बतिन् इल्ला हु-व आख़िज़ुम् बिनासि-यतिहा, इन्-न रब्बी अला सिरातिम् मुस्तक़ीम (56)
फ़-इन् तवल्लौ फ़-क़द् अब्लग़्तुकुम् मा उर्सिल्तु बिही इलैकुम्, व यस्तख़्लिफ़ु रब्बी क़ौमन् ग़ैरकुम् व ला तज़ुर्रूनहू शैअन्, इन्-न रब्बी अला कुल्लि शैइन् हफ़ीज़ (57)
व लम्मा जा-अ अम्रुना नज्जैना हूदंव्वल्लज़ी-न आमनू म-अहू बिरह्मतिम्-मिन्ना व नज्जैनाहुम् मिन् अज़ाबिन् ग़लीज़ (58)
व तिल्-क आदुन् ज-हदू बिआयाति रब्बिहिम् व असौ रुसु-लहु वत्त-बअू अम्-र कुल्लि जब्बारिन् अनीद (59)
व उत्बिअू फ़ी हाज़िहिद्दुन्या लअ्न-तंव्-व यौमल्-क़ियामति, अला-इन्-न आदन् क-फ़रू रब्बहुम्, अला बुअ्दल् लिआदिन् क़ौमि हूद (60) ●
व इला समू-द अख़ाहुम् सालिहन्● क़ा-ल या क़ौमिअ्बुदुल्ला-ह मा लकुम् मिन् इलाहिन् ग़ैरुहू, हु-व अन्श-अकुम् मिनल् अर्ज़ि वस्तअ्म-रकुम् फ़ीहा फ़स्तग़्फ़िरूहु सुम्-म तूबू इलैहि, इन्-न रब्बी क़रीबुम् मुजीब (61)

بِتَارِكِيْٓ اٰلِهَتِنَا عَنْ قَوْلِكَ وَمَا نَحْنُ
لَكَ بِمُؤْمِنِيْنَ ﴿٥٣﴾
اِنْ نَّقُوْلُ اِلَّا اعْتَرٰىكَ بَعْضُ اٰلِهَتِنَا
بِسُوْٓءٍ ۭ قَالَ اِنِّىْٓ اُشْهِدُ اللّٰهَ وَاشْهَدُوْٓا
اَنِّىْ بَرِيْۗءٌ مِّمَّا تُشْرِكُوْنَ ﴿٥٤﴾
مِنْ دُوْنِهٖ فَكِيْدُوْنِيْ جَمِيْعًا ثُمَّ
لَا تُنْظِرُوْنِ ﴿٥٥﴾
اِنِّىْ تَوَكَّلْتُ عَلَى اللّٰهِ رَبِّيْ وَرَبِّكُمْ ۭ
مَا مِنْ دَاۗبَّةٍ اِلَّا هُوَ اٰخِذٌۢ بِنَاصِيَتِهَا ۭ
اِنَّ رَبِّيْ عَلٰي صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ﴿٥٦﴾
فَاِنْ تَوَلَّوْا فَقَدْ اَبْلَغْتُكُمْ مَّآ اُرْسِلْتُ
بِهٖٓ اِلَيْكُمْ ۭ وَيَسْتَخْلِفُ رَبِّيْ قَوْمًا غَيْرَكُمْ ۚ
وَلَا تَضُرُّوْنَهٗ شَـيْـــًٔا ۭ اِنَّ رَبِّيْ عَلٰي كُلِّ
شَيْءٍ حَفِيْظٌ ﴿٥٧﴾
وَلَمَّا جَاۗءَ اَمْرُنَا نَجَّيْنَا هُوْدًا وَّالَّذِيْنَ
اٰمَنُوْا مَعَهٗ بِرَحْمَةٍ مِّنَّا ۚ وَنَجَّيْنٰهُمْ مِّنْ
عَذَابٍ غَلِيْظٍ ﴿٥٨﴾
وَتِلْكَ عَادٌ جَحَدُوْا بِاٰيٰتِ رَبِّهِمْ وَعَصَوْا
رُسُلَهٗ وَاتَّبَعُوْٓا اَمْرَ كُلِّ جَبَّارٍ عَنِيْدٍ ﴿٥٩﴾
وَاُتْبِعُوْا فِيْ هٰذِهِ الدُّنْيَا لَعْنَةً وَّيَوْمَ
الْقِيٰمَةِ ۭ اَلَآ اِنَّ عَادًا كَفَرُوْا رَبَّهُمْ ۭ اَلَا
بُعْدًا لِّعَادٍ قَوْمِ هُوْدٍ ﴿٦٠﴾
وَاِلٰي ثَمُوْدَ اَخَاهُمْ صٰلِحًا ۘ قَالَ يٰقَوْمِ
اعْبُدُوا اللّٰهَ مَا لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ غَيْرُهٗ ۭ هُوَ
اَنْشَاَكُمْ مِّنَ الْاَرْضِ وَاسْتَعْمَرَكُمْ فِيْهَا
فَاسْتَغْفِرُوْهُ ثُمَّ تُوْبُوْٓا اِلَيْهِ ۭ اِنَّ رَبِّيْ
قَرِيْبٌ مُّجِيْبٌ ﴿٦١﴾

62 उन्होंने कहा, "ऐ सालेह, इससे पहले तू हमारे दरमियान ऐसा शख़्स था जिससे बड़ी उम्मीदें थीं। क्या तू हमें उनको पूजने से रोकता है जिनको हमारे बाप-दादा पूजते रहे हैं? जिसकी तरफ़ तू हमें दावत दे रहा है उसके बारे में तो हमें शक है जो खलजान में डाले हुए है"।

63. उसने कहा, "ऐ मेरी क़ौम के लोगो! क्या तुमने सोचा, अगर मैं अपने रब की एक रौशन दलील पर हूं, और उसने मुझे अपनी रहमत से नवाज़ा है, तो अगर मैं उसकी नाफ़रमानी करूं तो अल्लाह के मुक़ाबले में कौन मेरी मदद करेगा? तुम तो और ज़्यादा ख़सारे में डाल देने के सिवा मेरे हक़ में और कोई इज़ाफ़ा न करोगे।

64. ऐ मेरी क़ौम के लोगो! यह अल्लाह की ऊंटनी तुम्हारे लिए एक निशानी है। इसे छोड़ दो कि अल्लाह की ज़मीन में खाए, और उसे तकलीफ़ देने को हाथ न लगाना वरना अज़ाब तुम्हें आ पकड़ेगा जो दूर नहीं है"।

65. लेकिन उन्होंने उसकी कूचें काट डालीं, इसपर उसने कहा, "तीन दिन अपने घरों में और मज़े कर लो। यह ऐसा वादा है जो झूटा साबित न होगा"।

66. फिर जब हमारा हुक्म आ पहुंचा, तो हमने अपनी रहमत से सालेह और उसके साथ के ईमान लानेवालों को बचा लिया और उस दिन की रुसवाई से महफ़ूज़ रखा, तुम्हारा रब ही दरअसल बड़ी ताक़त वाला, बड़ा ज़बरदस्त है।

67. और जिन लोगों ने ज़ुल्म की रविश इख़्तियार की थी उनको एक हौलनाक आवाज़ ने आ लिया, और वो अपने घरों में औंधे पड़े रह गए।

68. गोया वो वहां कभी बसे ही न थे: सुनो समूद ने अपने रब के साथ कुफ़्र किया, सुन लो फिटकार ही समूद पर!"

69. और हमारे फ़िरिश्तादे इब्राहीम के पास ख़ुशख़बरी लेकर पहुंचे; उन्होंने कहा, "सलाम हो!" उसने भी कहा, "सलाम हो"। फिर उसने कुछ देर न की कि एक भुना हुआ बछड़ा ले आया।

70. लेकिन जब देखा कि उनके हाथ उसकी तरफ़ नहीं बढ़ रहे हैं तो उनसे उसने अजनबियत महसूस की और वह दिल में उनसे डरा। वो बोले, "डरो नहीं, हम तो क़ौमे लूत की तरफ़ भेजे गए हैं"।

71. उसकी औरत भी खड़ी थी वह इस पर हंस पड़ी, फिर हम ने उसको इसहाक़, और इसहाक़ के भाई याक़ूब की ख़ुशख़बरी दी।

क़ालू या सालिहु क़द् कुन्-त फ़ीना मर्जुव्वन् क़ब्-ल हाज़ा अतन्हाना अन्-नअ्बु-द मा यअ्बुदु आबाउना व इन्नना लफ़ी शक्किम् मिम्मा तद्अूना इलैहि मुरीब (62)

क़ा-ल या क़ौमि अ-रऐतुम् इन् कुन्तु अ़ला बय्यि-नतिम् मिर्रब्बी व आतानी मिन्हु रह्म-तन् फ़-मंय्यन्सुरुनी मिनल्लाहि इन् अ़सैतुहू, फ़मा तज़ीदू-ननी ग़ै-र तख़्सीर (63)

व या क़ौमि हाज़िही नाक़तुल्लाहि लकुम् आयतन् फ़-ज़रूहा तअ्कुल फ़ी अर्ज़िल्लाहि व ला तमस्सूहा बिसूइन् फ़-यअ्ख़ु-ज़कुम् अ़ज़ाबुन् क़रीब (64)

फ़-अ़-क़रूहा फ़क़ा-ल तमत्तअू फ़ी दारिकुम् सलास-त अय्यामिन्, ज़ालि-क वअ्दुन ग़ैरु मक्ज़ूब (65)

फ़-लम्मा जा-अ अम्रुना नज्जैना सालिहंव्-वल्लज़ी-न आमनू म-अ़हू बिरह्मतिम्-मिन्ना व मिन् ख़िज़्यि यौमिइज़िन्, इन्-न रब्ब-क हुवल् क़विय्युल्-अ़ज़ीज़ (66)

व अ-ख़ज़ल्लज़ी-न ज़-लमुस्सैहतु फ़-अस्बहू फ़ी दियारिहिम् जासिमीन (67)

कअल्लम् यग्नौ फ़ीहा, अला इन्-न समू-द क-फ़रू रब्बहुम्, अला बुअ्दल् लि-समूद (68) ●

व ल-क़द् जाअत् रुसुलुना इब्राही-म बिल्बुश्रा क़ालू सलामन्, क़ा-ल सलामुन् फ़मा लबि-स अन् जा-अ बिअ़िज्लिन् हनीज़ (69)

फ़-लम्मा रआ ऐदि-यहुम् ला तसिलु इलैहि नकि-रहुम् व औज-स मिन्हुम् ख़ीफ़-तन्, क़ालू ला तख़फ़् इन्ना उर्सिल्ना इला क़ौमि लूत (70)

वम्र-अतुहू क़ाइ-मतुन् फ़-ज़हिकत् फ़-बश्शर्नाहा बि-इस्हा-क़ व मिंव्वरा-इ इस्हा-क़ यअ्क़ूब (71)

قَالُوْا يٰصٰلِحُ قَدْ كُنْتَ فِيْنَا مَرْجُوًّا
قَبْلَ هٰذَآ اَتَنْهٰىنَآ اَنْ نَّعْبُدَ مَا يَعْبُدُ
اٰبَآؤُنَا وَاِنَّنَا لَفِيْ شَكٍّ مِّمَّا
تَدْعُوْنَآ اِلَيْهِ مُرِيْبٍ ﴿٦٢﴾
قَالَ يٰقَوْمِ اَرَءَيْتُمْ اِنْ كُنْتُ عَلٰى
بَيِّنَةٍ مِّنْ رَّبِّيْ وَاٰتٰىنِيْ مِنْهُ رَحْمَةً
فَمَنْ يَّنْصُرُنِيْ مِنَ اللّٰهِ اِنْ عَصَيْتُهٗ
فَمَا تَزِيْدُوْنَنِيْ غَيْرَ تَخْسِيْرٍ ﴿٦٣﴾
وَيٰقَوْمِ هٰذِهٖ نَاقَةُ اللّٰهِ لَكُمْ اٰيَةً
فَذَرُوْهَا تَاْكُلْ فِيْٓ اَرْضِ اللّٰهِ وَلَا
تَمَسُّوْهَا بِسُوْٓءٍ فَيَاْخُذَكُمْ عَذَابٌ قَرِيْبٌ ﴿٦٤﴾
فَعَقَرُوْهَا فَقَالَ تَمَتَّعُوْا فِيْ دَارِكُمْ
ثَلٰثَةَ اَيَّامٍ ذٰلِكَ وَعْدٌ غَيْرُ مَكْذُوْبٍ ﴿٦٥﴾
فَلَمَّا جَآءَ اَمْرُنَا نَجَّيْنَا صٰلِحًا وَّالَّذِيْنَ
اٰمَنُوْا مَعَهٗ بِرَحْمَةٍ مِّنَّا وَمِنْ خِزْيِ
يَوْمِئِذٍ اِنَّ رَبَّكَ هُوَ الْقَوِيُّ الْعَزِيْزُ ﴿٦٦﴾
وَاَخَذَ الَّذِيْنَ ظَلَمُوا الصَّيْحَةُ
فَاَصْبَحُوْا فِيْ دِيَارِهِمْ جٰثِمِيْنَ ﴿٦٧﴾
كَاَنْ لَّمْ يَغْنَوْا فِيْهَا اَلَآ اِنَّ ثَمُوْدَاۡ
ع كَفَرُوْا رَبَّهُمْ اَلَا بُعْدًا لِّثَمُوْدَ ﴿٦٨﴾
وَلَقَدْ جَآءَتْ رُسُلُنَآ اِبْرٰهِيْمَ بِالْبُشْرٰى قَالُوْا
سَلٰمًا قَالَ سَلٰمٌ فَمَا لَبِثَ اَنْ جَآءَ بِعِجْلٍ حَنِيْذٍ ﴿٦٩﴾
فَلَمَّا رَآٰ اَيْدِيَهُمْ لَا تَصِلُ اِلَيْهِ نَكِرَهُمْ
وَاَوْجَسَ مِنْهُمْ خِيْفَةً قَالُوْا لَا تَخَفْ
اِنَّآ اُرْسِلْنَآ اِلٰى قَوْمِ لُوْطٍ ﴿٧٠﴾
وَامْرَاَتُهٗ قَآئِمَةٌ فَضَحِكَتْ فَبَشَّرْنٰهَا
بِاِسْحٰقَ وَمِنْ وَّرَآءِ اِسْحٰقَ يَعْقُوْبَ ﴿٧١﴾

72. वह बोली, "ऐ मेरी कमबख़्ती! क्या मैं बच्चा जनूंगी जबकि मैं बूढ़ी हूं और यह मेरे शौहर हैं बूढ़े? यह तो बड़ी ही अजीब बात है!"

73. वो बोले, "क्या अल्लाह के हुक्म पर तुम तअज्जुब करती हो? ऐ घरवालो! तुमपर तो अल्लाह की रहमत और उसकी बरकतें हैं, वह यक़ीनन तारीफ़ के क़ाबिल, बड़ी शानवाला है"।

74. फिर जब इब्राहीम की घबराहट दूर हो गई और उसे खुशख़बरी मिली, तो वह क़ौमे लूत के मुआमले में हमसे झगड़ने लगा;

75. बेशक इब्राहीम बहुत बुर्दबार, दर्दमन्द, रुजू होने वाला था।

76. "ऐ इब्राहीम, इसे छोड़ो, तुम्हारे रब का हुक्म आ चुका है, और यक़ीनन उनपर वह अज़ाब आने को है जो टलने का नहीं"।

77. और जब हमारे क़ासिद लूत के पास पहुंचे, तो उनकी वजह से वह बहुत ग़मगीन हो गए, और उनकी हिफ़ाज़त से आजिज़ और दरमांदा कहने लगा, "यह तो बड़ा ही सख़्त दिन है"।

78. उसकी क़ौम के लोग दौड़ते हुए बे इख़्तियार उसके पास आ पहुंचे; और वो पहले से ही बुरे काम किया करते थे। उसने कहा, "ऐ मेरी क़ौम के लोगो! ये मेरी बेटियां हैं; ये तुम्हारे लिए पाकीज़ातर हैं। लिहाज़ा अल्लाह का डर रखो, और मुझे मेरे मेहमानों के मुआमले में रुसवा न करो। क्या तुममें कोई एक भी माक़ूल आदमी नहीं है?"

79. उन्होंने कहा, "तुझे तो मालूम है कि तेरी बेटियों से हमें कोई मतलब नहीं, हम जो चाहते हैं उसे तू ख़ूब जानता है"।

80. उसने कहा, "काश मुझमें तुमसे मुक़ाबले की ताक़त होती, या मैं किसी मज़बूत सहारे की पनाह ही ले सकता!"

81. उन्होंने कहा, "ऐ लूत, हम तुम्हारे रब के भेजे हुए हैं। वो तुम तक हरगिज़ नहीं पहुंच सकते; पस तुम रात के किसी हिस्से में अपने घरवालों को लेकर निकल जाओ, और तुममें कोई पीछे पलट कर न देखे, अलबत्ता तुम्हारी औरत का मुआमला और है;

क़ालत् या वैलता अ-अलिदु व अ-न अ़जूज़ुंव्-व हाज़ा बअ्ली शैख़न्, इन्-न हाज़ा लशैउन् अ़जीब (72)
क़ालू अतअ्जबी-न मिन् अम्रिल्लाहि रह्मतुल्लाहि व ब-रकातुहू अ़लैकुम् अह्लल्बैति, इन्नहू हमीदुम्-मजीद (73)
फ़-लम्मा ज़-ह-ब अ़न् इब्राहीमर्-रौअु व जाअत्हुल्-बुश्रा युजादिलुना फ़ी क़ौमि लूत (74)
इन्-न इब्राही-म ल-हलीमुन् अव्वाहुम् मुनीब (75)
या इब्राहीमु अअ्रिज़् अ़न् हाज़ा इन्नहू क़द् जा-अ अम्रु रब्बि-क व इन्नहुम् आतीहिम् अ़ज़ाबुन् ग़ैरु मर्दूद (76)
व लम्मा जाअत् रुसुलुना लूतन् सी-अ बिहिम् व ज़ा-क़ बिहिम् ज़र्अ़ंव्-व क़ा-ल हाज़ा यौमुन् अ़सीब (77)
व जा-अहू क़ौमुहू युह्रअू-न इलैहि, व मिन् क़ब्लु कानू यअ्मलूनस्-सय्यिआति, क़ा-ल या क़ौमि हा-उला-इ बनाती हुन्-न अत्हरु लकुम् फ़त्तक़ुल्ला-ह व ला तुख़्ज़ूनि फ़ी ज़ैफ़ी, अलै-स मिन्कुम् रजुलुर्रशीद (78)
क़ालू ल-क़द् अ़लिम्-त मा लना फ़ी बनाति-क मिन् हक़्क़िन् व इन्न-क ल-तअ्लमु मा नुरीद (79)
क़ा-ल लौ अन्-न ली बिकुम् क़ुव्वतन् औ आवी इला रुक्निन् शदीद (80)
क़ालू या लूतु इन्ना रुसुलु रब्बि-क लंय्यसिलू इलै-क फ़-अस्रि बिअह्लि-क बिक़ित्ज़िम्-मिनल्लैलि व ला यल्तफ़ित् मिन्कुम् अ-हदुन् इल्लम्र-अ-त-क, इन्नहू मुसीबुहा मा असाबहुम, इन्-न मौअि़-दहुमु-

قَالَتْ يٰوَيْلَتٰىٓ ءَاَلِدُ وَاَنَا عَجُوْزٌ وَّهٰذَا
بَعْلِيْ شَيْخًا ۭ اِنَّ هٰذَا لَشَيْءٌ عَجِيْبٌ ۝
قَالُوْٓا اَتَعْجَبِيْنَ مِنْ اَمْرِ اللّٰهِ رَحْمَتُ اللّٰهِ
وَبَرَكٰتُهٗ عَلَيْكُمْ اَهْلَ الْبَيْتِ ۭ اِنَّهٗ
حَمِيْدٌ مَّجِيْدٌ ۝
فَلَمَّا ذَهَبَ عَنْ اِبْرٰهِيْمَ الرَّوْعُ وَجَاۗءَتْهُ
الْبُشْرٰى يُجَادِلُنَا فِيْ قَوْمِ لُوْطٍ ۝
اِنَّ اِبْرٰهِيْمَ لَحَلِيْمٌ اَوَّاهٌ مُّنِيْبٌ ۝
يٰٓاِبْرٰهِيْمُ اَعْرِضْ عَنْ هٰذَا ۚ اِنَّهٗ قَدْ
جَاۗءَ اَمْرُ رَبِّكَ ۚ وَاِنَّهُمْ اٰتِيْهِمْ عَذَابٌ
غَيْرُ مَرْدُوْدٍ ۝
وَلَمَّا جَاۗءَتْ رُسُلُنَا لُوْطًا سِيْۗءَ بِهِمْ
وَضَاقَ بِهِمْ ذَرْعًا وَّقَالَ هٰذَا يَوْمٌ
عَصِيْبٌ ۝
وَجَاۗءَهٗ قَوْمُهٗ يُهْرَعُوْنَ اِلَيْهِ ۭ وَمِنْ
قَبْلُ كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ السَّـيِّاٰتِ ۭ قَالَ
يٰقَوْمِ هٰٓؤُلَاۗءِ بَنَاتِيْ هُنَّ اَطْهَرُ لَكُمْ
فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَلَا تُخْزُوْنِ فِيْ ضَيْفِيْ ۭ
اَلَيْسَ مِنْكُمْ رَجُلٌ رَّشِيْدٌ ۝
قَالُوْا لَقَدْ عَلِمْتَ مَا لَنَا فِيْ بَنٰتِكَ مِنْ
حَقٍّ ۚ وَاِنَّكَ لَتَعْلَمُ مَا نُرِيْدُ ۝
قَالَ لَوْ اَنَّ لِيْ بِكُمْ قُوَّةً اَوْ اٰوِيْٓ اِلٰى
رُكْنٍ شَدِيْدٍ ۝
قَالُوْا يٰلُوْطُ اِنَّا رُسُلُ رَبِّكَ لَنْ يَّصِلُوْٓا
اِلَيْكَ فَاَسْرِ بِاَهْلِكَ بِقِطْعٍ مِّنَ الَّيْلِ
وَلَا يَلْتَفِتْ مِنْكُمْ اَحَدٌ اِلَّا امْرَاَتَكَ ۭ
اِنَّهٗ مُصِيْبُهَا مَآ اَصَابَهُمْ ۭ اِنَّ مَوْعِدَهُمُ

उसपर भी वही कुछ गुज़रने वाला है जिनका उनपर गुज़रना तय हो चुका है। उनके लिए मुक़र्रर वक़्त सुबह का है तो क्या सुबह क़रीब नहीं?"

82. फिर जब हमारा हुक्म आ पहुंचा, तो हमने उसको तलपट कर दिया, और उसपर कंकरीले पत्थर ताबड़-तोड़ बरसाए,

83. जो तुम्हारे रब के यहां निशानज़दा थे और वह ज़ालिमों से कुछ दूर भी नहीं।

84. मदयन की तरफ़ उनके भाई शुऐब को भेजा; उसने कहा, "ऐ मेरी क़ौम के लोगो, अल्लाह की बन्दगी करो! उसके सिवा तुम्हारा और कोई माबूद नहीं। और नाप और तौल में कमी न करो। मैं तो तुम्हें अच्छी हालत में देख रहा हूं; लेकिन मुझे तुम्हारे बारे में एक घेर लेनेवाले दिन के अज़ाब का डर है।

85. ऐ मेरी क़ौम के लोगो! इनसाफ़ के साथ नाप और तौल को पूरा रखो, और लोगों को उनकी चीज़ों में घाटा न दो, और रूसियाह (कलंकित) मत हो ज़मीन में मुफ़्सिद बनकर।

86. अगर तुम मोमिन हो तो जो अल्लाह के पास बाक़ी रहता है वही तुम्हारे लिए बेहतर है। मैं तुम पर कोई मुक़र्रर रखवाला तो हूं नहीं"।

87. वो बोले, "ऐ शुऐब, क्या तेरी नमाज़ तुझे यही सिखाती है कि जिन्हें हमारे बाप-दादा पूजते आए हैं उन्हें हम छोड़ दें, या यह कि हम अपने माल में अपने मंशा के मुताबिक़ तसर्रुफ़ न करें? बस एक तू ही तो बुर्दबार होशमन्द रह गया है!"

88. उसने कहा "ऐ मेरे लोगो! तुम्हारा क्या ख़याल है? अगर मैं अपने रब की एक रौशन दलील पर हूं और उसने मुझे अपनी तरफ़ से अच्छा रिज़्क़ भी अता किया (तो झुटलाना मुझे कितना ज़रर रसां होगा!) और मैं नहीं चाहता कि जिन बातों से मैं तुम्हें रोकता हूं ख़ुद तुम्हारे बरख़िलाफ़ उनको करने लगूं; मैं तो अपने बस भर सिर्फ़ इसलाह चाहता हूं। मुझे तौफ़ीक़ मिलना तो अल्लाह ही की मदद से है; उसी पर मेरा भरोसा है और उसी की तरफ़ मैं रुजू करता हूं।

स्सुब्हु, अलैसस्-सुब्हु बि-क़रीब (81)
फ़-लम्मा जा-अ अम्रुना जअल्ना आलि-यहा साफ़ि-लहा व अम्तर्ना अ़लैहा हिजा-रतम् मिन् सिज्जीलिम्-मन्जूद (82)
मुसव्व-मतन् अ़िन्-द रब्बि-क, व मा हि-य मिनज़्ज़ालिमी-न बि-बअ़ीद ● (83) ●
व इला मद्य-न अख़ाहुम् शुअ़ैबन्, क़ा-ल या क़ौमिअ़्बुदुल्ला-ह मा लकुम् मिन् इलाहिन् ग़ैरुहू, व ला तन्क़ुसुल्-मिक्या-ल वल्मीज़ा-न इन्नी अराकुम् बिख़ैरिंव्-व इन्नी अख़ाफ़ु अ़लैकुम् अ़ज़ा-ब यौमिम्-मुहीत (84)
व या क़ौमि औफ़ुल्-मिक्या-ल वल्मीज़ा-न बिल्-क़िस्ति व ला तब्ख़सुन्ना-स अश्या-अहुम् व ला तअ़्सौ फ़िल्अर्ज़ि मुफ़्सिदीन (85)
बक़िय्यतुल्लाहि ख़ैरुल्लकुम् इन् कुन्तुम् मुअ्मिनी-न, व मा-अ-न अ़लैकुम् बि-हफ़ीज़ (86)
क़ालू या शुअ़ैबु अ-सलातु-क तअ्मुरु-क अन् नत्रु-क मा यअ़्बुदु आबाउना औ अन्-नफ़्अ़-ल फ़ी अम्वालिना मा नशा-उ, इन्न-क ल-अन्तल् हलीमुर्रशीद (87)
क़ा-ल या क़ौमि अ-रऐतुम् इन् कुन्तु अ़ला बय्यि-नतिम् मिर्रब्बी व र-ज़-क़नी मिन्हु रिज़्क़न् ह-सनन्, व मा उरीदु अन् उख़ालि-फ़कुम् इला मा अन्हाकुम् अ़न्हु, इन् उरीदु इल्लल्-इस्ला-ह मस्त-तअ़्तु, व मा तौफ़ीक़ी इल्ला बिल्लाहि, अ़लैहि तवक्कल्तु व इलैहि उनीब (88)

الصُّبْحُ ۚ أَلَيْسَ الصُّبْحُ بِقَرِيبٍ ﴿٨١﴾
فَلَمَّا جَآءَ أَمْرُنَا جَعَلْنَا عَالِيَهَا سَافِلَهَا
وَأَمْطَرْنَا عَلَيْهَا حِجَارَةً مِّن سِجِّيلٍ
مَّنضُودٍ ﴿٨٢﴾
مُّسَوَّمَةً عِندَ رَبِّكَ ۖ وَمَا هِيَ مِنَ
الظَّٰلِمِينَ بِبَعِيدٍ ﴿٨٣﴾
وَإِلَىٰ مَدْيَنَ أَخَاهُمْ شُعَيْبًا ۚ قَالَ
يَٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللَّهَ مَا لَكُم مِّنْ إِلَٰهٍ
غَيْرُهُ ۖ وَلَا تَنقُصُوا الْمِكْيَالَ وَالْمِيزَانَ ۚ
إِنِّي أَرَىٰكُم بِخَيْرٍ وَإِنِّي أَخَافُ عَلَيْكُمْ
عَذَابَ يَوْمٍ مُّحِيطٍ ﴿٨٤﴾
وَيَٰقَوْمِ أَوْفُوا الْمِكْيَالَ وَالْمِيزَانَ بِالْقِسْطِ ۖ
وَلَا تَبْخَسُوا النَّاسَ أَشْيَآءَهُمْ وَلَا تَعْثَوْا
فِي الْأَرْضِ مُفْسِدِينَ ﴿٨٥﴾
بَقِيَّتُ اللَّهِ خَيْرٌ لَّكُمْ إِن كُنتُم
مُّؤْمِنِينَ ۚ وَمَا أَنَا عَلَيْكُم بِحَفِيظٍ ﴿٨٦﴾
قَالُوا يَٰشُعَيْبُ أَصَلَوٰتُكَ تَأْمُرُكَ أَن
نَّتْرُكَ مَا يَعْبُدُ ءَابَآؤُنَآ أَوْ أَن نَّفْعَلَ
فِي أَمْوَٰلِنَا مَا نَشَٰٓؤُا ۖ إِنَّكَ لَأَنتَ
الْحَلِيمُ الرَّشِيدُ ﴿٨٧﴾
قَالَ يَٰقَوْمِ أَرَءَيْتُمْ إِن كُنتُ عَلَىٰ بَيِّنَةٍ
مِّن رَّبِّي وَرَزَقَنِي مِنْهُ رِزْقًا حَسَنًا ۚ
وَمَآ أُرِيدُ أَنْ أُخَالِفَكُمْ إِلَىٰ مَآ
أَنْهَىٰكُمْ عَنْهُ ۚ إِنْ أُرِيدُ إِلَّا
الْإِصْلَٰحَ مَا اسْتَطَعْتُ ۚ وَمَا تَوْفِيقِي
إِلَّا بِاللَّهِ ۚ عَلَيْهِ تَوَكَّلْتُ وَإِلَيْهِ
أُنِيبُ ﴿٨٨﴾

89. ऐ मेरी क़ौम के लोगो! मेरी मुख़ालफ़त तुम्हें इस जुर्म पर आमादा न करे कि तुमपर भी वही कुछ गुज़रे जो क़ौमे नूह, या क़ौमे हूद, या क़ौमे सालेह पर गुज़र चुका है; और क़ौमे लूत तो तुमसे कुछ दूर भी नहीं।

90. अपने रब से बख़्शिश मांगो, और फिर उसकी तरफ़ पलट आओ; मेरा रब तो बड़ा मेहरबान, निहायत मुहब्बत करनेवाला है"।

91. उन्होंने कहा, "ऐ शुऐब, तेरी बहुत सी बातों के समझने से तो हम क़ासिर हैं। और हम तो तुझे अपने दरमियान कमज़ोर देखते हैं; अगर तेरे भाई-बन्द न होते तो हम कभी का तुझे संगसार कर चुके होते; तू हमारे मुक़ाबले में कोई ज़बरदस्त तो है नहीं"।

92. उसने कहा "ऐ मेरी क़ौम के लोगो! क्या मेरे भाई-बन्द तुमपर अल्लाह से भी ज़्यादा भारी हैं कि तुमने उसे अपने पीछे डाल दिया? तुम जो कुछ भी करते हो यक़ीनन मेरा रब उसका इहाता किए हुए है।

93. ऐ मेरी क़ौम के लोगो! तुम अपनी जगह काम करते रहो; मैं भी कर रहा हूं; जल्द ही तुम्हें मालूम हो जाएगा कि किस पर वह अज़ाब आता है जो उसे रुसवा करके रहेगा और कौन है जो झूटा है। इंतिज़ार करो, मैं भी तुम्हारे साथ इंतिज़ार में हूं"।

94. आख़िरकार जब हमारा हुक्म आ पहुंचा, तो हमने अपनी रहमत से शुऐब और उन लोगों को जो उसके साथ ईमान लाए थे बचा लिया, और जिन्होंने ज़ुल्म की रविश अपनाई थी उन्हें एक सख़्त आवाज़ ने आ लिया, और वो अपने घरों में औंधे पड़े रह गए।

95. गोया वो वहां कभी बसे ही न थे; "सुन लो फिटकार है मदयन पर, जैसे समूद पर फिटकार हुई!"

96-97. और हमने मूसा को अपनी निशानियों और रौशन दलीलों के साथ फ़िरऔन और उसके सरदारों के पास भेजा लेकिन उन्होंने फ़िरऔन ही के हुक्म की पैरवी की, हालांकि फ़िरऔन का हुक्म रास्ती पर न था।

98. क़ियामत के दिन वह अपनी क़ौम के लोगों के आगे होगा, — और उन्हें उसने आग में जा उतारा — और बहुत ही बुरा घाट है वह उतरने का!

99. यहां भी लानत ने उनका पीछा किया, और क़ियामत के दिन भी — बहुत ही बुरा इनाम है यह जो किसी को दिया जाए।

व या क़ौमि ला यज्रिमन्नकुम् शिक़ाक़ी अंय्युसी-बकुम् मिस्लु मा असा-ब क़ौ-म नूहिन् औ क़ौ-म हूदिन् औ क़ौ-म सालिहिन्, व मा क़ौमु लूतिम्-मिन्कुम् बि-बअ़ीद (89)

वस्तग्फ़िरू रब्बकुम् सुम्-म तूबू इलैहि, इन्-न रब्बी रहीमुंव्वदूद (90)

क़ालू या शुअ़ैबु मा नफ़्क़हु कसीरम्-मिम्मा तक़ूलु व इन्ना ल-नरा-क फ़ीना ज़ईफ़न्, व लौ ला रह्तु-क ल-रजम्ना-क व मा अन्-त अ़लैना बि-अ़ज़ीज़ (91)

क़ा-ल या क़ौमि अ-रह्ती अ-अ़ज़्ज़ु अ़लैकुम् मिनल्लाहि, वत्तख़ज़्तुमूहु वरा-अकुम् ज़िह्रिय्यन्, इन्-न रब्बी बिमा तअ़्मलू-न मुहीत (92)

व या क़ौमिअ़्-मलू अ़ला मकानतिकुम् इन्नी आ़मिलुन्, सौ-फ़ तअ़्लमू-न मंय्यअ्तीहि अ़ज़ाबुंय्युख़्ज़ीहि व मन् हु-व काज़िबुन्, वर्तक़िबू इन्नी म-अ़कुम् रक़ीब (93)

व लम्मा जा-अ-अम्रुना नज्जैना शुअ़ैबंव्-वल्लज़ी-न आमनू म-अ़हू बिरह्मतिम्-मिन्ना व अ-ख़-ज़तिल्लज़ी-न ज़-लमुस्सैहतु फ़-अस्बहू फ़ी दियारिहिम् जासिमीन (94)

कअल्लम् यग्नौ फ़ीहा, अला बुअ़्दल् लिमद्-य-न कमा बअ़िदत् समूद (95) ●

व ल-क़द् अर्सल्ना मूसा बिआयातिना व सुल्तानिम्-मुबीन (96)

इला फ़िर्औ़-न व म-लइही फ़त्तबअ़ू अम्-र फ़िरऔ़-न व मा अम्रु फ़िरऔ़-न बि-रशीद (97)

यक़्दुमु क़ौमहू यौमल-क़ियामति फ़औ-र-दहुमुन्ना-र, व बिअ्सल् विर्दुल्-मौरूद (98)

व उत्बिअ़ू फ़ी हाज़िही लअ़्-नतंव्-व यौमल्-क़ियामति, बिअ्सर्रिफ़्दुल् मर्फ़ूद (99)

وَيٰقَوْمِ لَا يَجْرِمَنَّكُمْ شِقَاقِيْٓ اَنْ يُّصِيْبَكُمْ
مِّثْلُ مَآ اَصَابَ قَوْمَ نُوْحٍ اَوْ قَوْمَ هُوْدٍ
اَوْ قَوْمَ صٰلِحٍ ۭ وَمَا قَوْمُ لُوْطٍ مِّنْكُمْ بِبَعِيْدٍ ۝٨٩
وَاسْتَغْفِرُوْا رَبَّكُمْ ثُمَّ تُوْبُوْٓا اِلَيْهِ ۭ اِنَّ رَبِّيْ
رَحِيْمٌ وَّدُوْدٌ ۝٩٠
قَالُوْا يٰشُعَيْبُ مَا نَفْقَهُ كَثِيْرًا مِّمَّا تَقُوْلُ
وَاِنَّا لَنَرٰىكَ فِيْنَا ضَعِيْفًا ۚ وَلَوْلَا رَهْطُكَ
لَرَجَمْنٰكَ ۡ وَمَآ اَنْتَ عَلَيْنَا بِعَزِيْزٍ ۝٩١
قَالَ يٰقَوْمِ اَرَهْطِيْٓ اَعَزُّ عَلَيْكُمْ مِّنَ اللّٰهِ ۭ
وَاتَّخَذْتُمُوْهُ وَرَاۗءَكُمْ ظِهْرِيًّا ۭ اِنَّ رَبِّيْ
بِمَا تَعْمَلُوْنَ مُحِيْطٌ ۝٩٢
وَيٰقَوْمِ اعْمَلُوْا عَلٰي مَكَانَتِكُمْ اِنِّىْ عَامِلٌ ۭ
سَوْفَ تَعْلَمُوْنَ ۙ مَنْ يَّاْتِيْهِ عَذَابٌ يُّخْزِيْهِ
وَمَنْ هُوَ كَاذِبٌ ۭ وَارْتَقِبُوْٓا اِنِّىْ مَعَكُمْ رَقِيْبٌ ۝٩٣
وَلَمَّا جَاۗءَ اَمْرُنَا نَجَّيْنَا شُعَيْبًا وَّالَّذِيْنَ
اٰمَنُوْا مَعَهٗ بِرَحْمَةٍ مِّنَّا ۚ وَاَخَذَتِ
الَّذِيْنَ ظَلَمُوا الصَّيْحَةُ فَاَصْبَحُوْا فِيْ
دِيَارِهِمْ جٰثِمِيْنَ ۝٩٤ۙ
كَاَنْ لَّمْ يَغْنَوْا فِيْهَا ۭ اَلَا بُعْدًا لِّمَدْيَنَ
كَمَا بَعِدَتْ ثَمُوْدُ ۝٩٥ ع
وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا مُوْسٰى بِاٰيٰتِنَا وَسُلْطٰنٍ مُّبِيْنٍ ۝٩٦ۙ
اِلٰى فِرْعَوْنَ وَمَلَا۟ىِٕهٖ فَاتَّبَعُوْٓا اَمْرَ
فِرْعَوْنَ ۚ وَمَآ اَمْرُ فِرْعَوْنَ بِرَشِيْدٍ ۝٩٧
يَقْدُمُ قَوْمَهٗ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ فَاَوْرَدَهُمُ
النَّارَ ۭ وَبِئْسَ الْوِرْدُ الْمَوْرُوْدُ ۝٩٨
وَاُتْبِعُوْا فِيْ هٰذِهٖ لَعْنَةً وَّيَوْمَ الْقِيٰمَةِ ۭ
بِئْسَ الرِّفْدُ الْمَرْفُوْدُ ۝٩٩

100. ये बस्तियों के कुछ हालात हैं जो हम तुमसे बयान कर रहे हैं; उनमें कुछ तो खड़ी हैं और कुछ की फ़सल कट चुकी है।

101. हमने उनपर जुल्म नहीं किया, बल्कि उन्होंने खुद अपने आप पर जुल्म ढाया; फिर जब तेरे रब का हुक्म आ पहुंचा तो उनके वो माबूद जिन्हें वो अल्लाह से हटकर पुकारा करते थे उनके कुछ भी काम न आ सके। उन्होंने हलाकत के सिवा उनके लिए किसी और चीज़ में इज़ाफ़ा न किया।

102. तेरे रब की पकड़ जब वह किसी ज़ालिम बस्ती को पकड़ता है ऐसी ही होती है; बेशक उसकी पकड़ बड़ी दर्दनाक, निहायत सख़्त होती है।

103. इसमें यकीनन उस शख़्स के लिए एक निशानी है जो आख़िरत के अज़ाब से डरता हो, वह एक ऐसा दिन होगा जिसमें सारे ही इन्सान जमा होंगे और वह एक ऐसा दिन होगा जिसमें सब कुछ आंखों के सामने होगा।

104. और हम उसे सिर्फ़ थोड़ी मुद्दत के लिए टाल रहे हैं;

105. जिस वक़्त वह (दिन) आएगा, तो उसकी इजाज़त के बग़ैर कोई शख़्स बात तक न कर सकेगा; फिर कोई तो उनमें बदबख़्त होगा और कोई ख़ुशनसीब होगा।

106. तो जो बदबख़्त होंगे वो आग में होंगे, जहां उन्हें सांस खींचना और फुंकार मारना है,

107. वो वहां हमेशा रहेंगे जब तक आसमान व ज़मीन क़ायम रहें, बात यह है कि तुम्हारे रब की मशीयत ही नाफ़िज़ रहेगी; बेशक तुम्हारा रब जो चाहे करे।

108. रहे वो जो ख़ुशनसीब होंगे, वो तो जन्नत में होंगे, जहां वो मुस्तक़िल रहेंगे जब तक आसमान व ज़मीन क़ायम रहें, बात यह है कि तुम्हारे रब की मशीयत ही नाफ़िज़ रहेगी; यह एक ऐसी बख़्शिश है जिसका सिलसिला कभी न टूटेगा।

109. पस जिनको ये पूज रहे हैं उनके बारे में तुम किसी शक में न रहो; यह तो बस उसी तरह पूजा किए जा रहे हैं जैसे इससे पहले उनके बाप-दादा पूजा करते रहे हैं; हम तो उन्हें उनका हिस्सा बग़ैर किसी कमी के पूरा-पूरा देनेवाले हैं।

110. हम मूसा को भी किताब दे चुके हैं; फिर उसमें भी इख़्तिलाफ़ किया गया, अगर तुम्हारे रब की तरफ़ से

ज़ालि-क मिन् अम्बाइल्कुरा नकुस्सुहू अ़लै-क मिन्हा काइमुंव्-व हसीद (100)

व मा ज़लम्नाहुम् व लाकिन् ज़-लमू अन्फु-सहुम् फ़मा अ़ग्नत् अ़न्हुम् आलि-हतुहुमुल्लती यद्अू-न मिन् दूनिल्लाहि मिन् शैइल्-लम्मा जा-अ अम्रु रब्बि-क, व मा ज़ादूहुम् ग़ै-र तत्बीब (101)

व कज़ालि-क अख़्ज़ु रब्बि-क इज़ा अ-ख़ज़ल्-कुरा व हि-य ज़ालि-मतुन्, इन्-न अख़्ज़हू अलीमुन् शदीद (102)

इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआयतल् लिमन् ख़ा-फ़ अ़ज़ाबल्-आख़िरति ज़ालि-क यौमुम्-मज्मूअुल्-लहुन्नासु व ज़ालि-क यौमुम्-मश्हूद (103)

व मा नु-अख़्ख़िरुहू इल्ला लि-अ-जलिम् मअ़्दूद (104)

यौ-म यअ्ति ला तकल्लमु नफ़्सुन् इल्ला बि-इज़्निही फ़-मिन्हुम् शक़िय्युंव्-व सअ़ीद (105)

फ़-अम्मल्लज़ी-न शक़ू फ़फ़िन्नारि लहुम् फ़ीहा ज़फ़ीरुंव्-व शहीक़ (106)

ख़ालिदी-न फ़ीहा मा दामतिस्समावातु वल्अर्ज़ु इल्ला मा शा-अ रब्बु-क, इन्-न रब्ब-क फ़ अ़्आलुल्लिमा युरीद (107)

व अम्मल्लज़ी-न सुअिदू फ़फ़िल्-जन्नति ख़ालिदी-न फ़ीहा मा दामतिस्समावातु वल्अर्ज़ु इल्ला मा शा-अ रब्बु-क, अ़ताअन् ग़ै-र मज्ज़ूज़ (108)

फ़ला तकु फ़ी मिर्यतिम् मिम्मा यअ़्बुदु हा-उला-इ मा यअ़्बुदू-न इल्ला कमा यअ़्बुदु आबाउहुम् मिन् क़ब्लु, व इन्ना लमुवफ़्फ़ूहुम् नसीबहुम् ग़ै-र मन्क़ूस (109) ●

व ल-क़द् आतैना मूसल्-किता-ब फ़ख़्तुलि-फ़ फ़ीहि,

ذٰلِكَ مِنْ اَنْۢبَآءِ الْقُرٰى نَقُصُّهٗ عَلَيْكَ
مِنْهَا قَآئِمٌ وَّحَصِيْدٌ ۝١٠٠
وَمَا ظَلَمْنٰهُمْ وَلٰكِنْ ظَلَمُوْٓا اَنْفُسَهُمْ فَمَآ
اَغْنَتْ عَنْهُمْ اٰلِهَتُهُمُ الَّتِىْ يَدْعُوْنَ مِنْ
دُوْنِ اللّٰهِ مِنْ شَىْءٍ لَّمَّا جَآءَ اَمْرُ رَبِّكَ
وَمَا زَادُوْهُمْ غَيْرَ تَتْبِيْبٍ ۝١٠١
وَكَذٰلِكَ اَخْذُ رَبِّكَ اِذَآ اَخَذَ الْقُرٰى
وَهِىَ ظَالِمَةٌ ۚ اِنَّ اَخْذَهٗٓ اَلِيْمٌ شَدِيْدٌ ۝١٠٢
اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً لِّمَنْ خَافَ عَذَابَ
الْاٰخِرَةِ ۚ ذٰلِكَ يَوْمٌ مَّجْمُوْعٌ ۙ لَّهُ النَّاسُ
وَذٰلِكَ يَوْمٌ مَّشْهُوْدٌ ۝١٠٣
وَمَا نُؤَخِّرُهٗٓ اِلَّا لِاَجَلٍ مَّعْدُوْدٍ ۝١٠٤
يَوْمَ يَاْتِ لَا تَكَلَّمُ نَفْسٌ اِلَّا بِاِذْنِهٖ ۚ
فَمِنْهُمْ شَقِىٌّ وَّسَعِيْدٌ ۝١٠٥
فَاَمَّا الَّذِيْنَ شَقُوْا فَفِى النَّارِ لَهُمْ فِيْهَا
زَفِيْرٌ وَّشَهِيْقٌ ۝١٠٦
خٰلِدِيْنَ فِيْهَا مَا دَامَتِ السَّمٰوٰتُ وَالْاَرْضُ
اِلَّا مَا شَآءَ رَبُّكَ ۚ اِنَّ رَبَّكَ فَعَّالٌ
لِّمَا يُرِيْدُ ۝١٠٧
وَاَمَّا الَّذِيْنَ سُعِدُوْا فَفِى الْجَنَّةِ خٰلِدِيْنَ
فِيْهَا مَا دَامَتِ السَّمٰوٰتُ وَالْاَرْضُ اِلَّا
مَا شَآءَ رَبُّكَ ۚ عَطَآءً غَيْرَ مَجْذُوْذٍ ۝١٠٨
فَلَا تَكُ فِىْ مِرْيَةٍ مِّمَّا يَعْبُدُ هٰٓؤُلَآءِ ۚ
مَا يَعْبُدُوْنَ اِلَّا كَمَا يَعْبُدُ اٰبَآؤُهُمْ
مِّنْ قَبْلُ ۚ وَاِنَّا لَمُوَفُّوْهُمْ نَصِيْبَهُمْ
ع غَيْرَ مَنْقُوْصٍ ۝١٠٩
وَلَقَدْ اٰتَيْنَا مُوْسَى الْكِتٰبَ فَاخْتُلِفَ فِيْهِ

وَلَوْلَا كَلِمَةٌ سَبَقَتْ مِنْ رَّبِّكَ لَقُضِيَ
بَيْنَهُمْ وَإِنَّهُمْ لَفِي شَكٍّ مِّنْهُ مُرِيبٍ ﴿١١٠﴾
وَإِنَّ كُلًّا لَّمَّا لَيُوَفِّيَنَّهُمْ رَبُّكَ
أَعْمَالَهُمْ إِنَّهُ بِمَا يَعْمَلُونَ خَبِيرٌ ﴿١١١﴾
فَاسْتَقِمْ كَمَا أُمِرْتَ وَمَنْ تَابَ مَعَكَ
وَلَا تَطْغَوْا إِنَّهُ بِمَا تَعْمَلُونَ بَصِيرٌ ﴿١١٢﴾
وَلَا تَرْكَنُوا إِلَى الَّذِينَ ظَلَمُوا فَتَمَسَّكُمُ
النَّارُ وَمَا لَكُمْ مِّنْ دُونِ اللَّهِ مِنْ
أَوْلِيَاءَ ثُمَّ لَا تُنْصَرُونَ ﴿١١٣﴾
وَأَقِمِ الصَّلَاةَ طَرَفَيِ النَّهَارِ وَزُلَفًا
مِّنَ اللَّيْلِ إِنَّ الْحَسَنَاتِ يُذْهِبْنَ السَّيِّئَاتِ
ذَٰلِكَ ذِكْرَىٰ لِلذَّاكِرِينَ ﴿١١٤﴾
وَاصْبِرْ فَإِنَّ اللَّهَ لَا يُضِيعُ أَجْرَ
الْمُحْسِنِينَ ﴿١١٥﴾
فَلَوْلَا كَانَ مِنَ الْقُرُونِ مِنْ قَبْلِكُمْ
أُولُو بَقِيَّةٍ يَنْهَوْنَ عَنِ الْفَسَادِ فِي
الْأَرْضِ إِلَّا قَلِيلًا مِّمَّنْ أَنْجَيْنَا مِنْهُمْ
وَاتَّبَعَ الَّذِينَ ظَلَمُوا مَا أُتْرِفُوا فِيهِ
وَكَانُوا مُجْرِمِينَ ﴿١١٦﴾
وَمَا كَانَ رَبُّكَ لِيُهْلِكَ الْقُرَىٰ بِظُلْمٍ
وَأَهْلُهَا مُصْلِحُونَ ﴿١١٧﴾
وَلَوْ شَاءَ رَبُّكَ لَجَعَلَ النَّاسَ أُمَّةً
وَاحِدَةً وَلَا يَزَالُونَ مُخْتَلِفِينَ ﴿١١٨﴾
إِلَّا مَنْ رَّحِمَ رَبُّكَ وَلِذَٰلِكَ خَلَقَهُمْ
وَتَمَّتْ كَلِمَةُ رَبِّكَ لَأَمْلَأَنَّ جَهَنَّمَ
مِنَ الْجِنَّةِ وَالنَّاسِ أَجْمَعِينَ ﴿١١٩﴾
وَكُلًّا نَّقُصُّ عَلَيْكَ مِنْ أَنْبَاءِ الرُّسُلِ

व लौ ला कलि-मतुन् स-बकत् मिर्रब्बि-क लकुज़ि-य बैनहुम, व इन्नहुम् लफ़ी शक्किम् मिन्हु मुरीब (110)

व इन्-न कुल्लल्-लम्मा लयुवफ़्फ़ियन्नहुम् रब्बु-क अअ्मालहुम्, इन्नहू बिमा यअ्मलू-न ख़बीर (111)

फ़स्तक़िम् कमा उमिर्-त व मन् ता-ब म-अ-क व ला तत्ग़ौ, इन्नहू बिमा तअ्मलू-न बसीर (112)

व ला तर्कनू इलल्लज़ी-न ज़-लमू फ़-तमस्सकुमुन्नारु व मा लकुम् मिन् दूनिल्लाहि मिन् औलिया-अ सुम्-म ला तुन्सरून (113)

व अक़िमिस्सला त त-र-फ़यिन्नहारि व ज़ु-लफ़म् मिनल्लैलि, इन्नल्-ह-सनाति युज़्हिब्नस्-सय्यिआति, ज़ालि-क ज़िक्रा लिज़्ज़ाकिरीन (114)

वस्बिर् फ़-इन्नल्ला-ह ला युज़ीअु अज्रल्-मुह्सिनीन (115)

फ़लौ ला का-न मिनल्कुरूनि मिन् क़ब्लिकुम् उलू बक़िय्यतिंय्यन्हौ-न अनिल्फ़सादि फ़िल्अर्ज़ि इल्ला क़लीलम् मिम्-मन् अन्जैना मिन्हुम् वत्त-बअ़ल्लज़ी न ज़-लमू मा उत्रिफ़ू फ़ीहि व कानू मुज्रिमीन (116)

व मा का-न रब्बु-क लियुह्लिकल्-क़ुरा बिज़ुल्मिंव्-व अह्लुहा मुस्लिहून (117)

व लौ शा-अ रब्बु-क ल-ज-अ़लन्ना-स उम्मतंव्-वाहि-दतंव्-व ला यज़ालू न मुख़्तलिफ़ीन (118)

इल्ला मर्रहि-म रब्बु-क, व लिज़ालि क ख़ ल-क़हुम्, व तम्मत् कलि मतु रब्बि-क ल-अम्ल-अन्-न जहन्न-म मिनल्-जिन्नाति वन्नासि अज्मअ़ीन (119)

व कुल्लन् नक़ुस्सु अ़लै-क मिन् अम्बाइर्रुसुलि

एक बात पहले ही तय न कर दी गई होती तो उनके दरमियान कभी का फ़ैसला कर दिया गया होता; ये उसकी तरफ़ से ख़लजान में मुब्तला कर देने वाले शक में पड़े हुए हैं।

111. यक़ीनन वक़्त आने पर एक-एक को जितने भी हैं उनको तुम्हारा रब उनका किया पूरा देकर रहेगा; वो जो कुछ कर रहे हैं बेशक इसकी उसे पूरी ख़बर है।

112. पस जैसा कि तुम्हें हुक्म हुआ है जमे रहो, और तुम्हारे साथ के तौबा करनेवाले भी साबित क़दम रहें; और हद से आगे न बढ़ना; तुम जो कुछ भी करते हो, यक़ीनन वह उसपर निगाह रखता है।

113. जिन्होंने ज़ुल्म इख़्तियार किया है उनकी तरफ़ ज़रा न झुकना, वरना आग तुम्हें आ लपेटेगी — और अल्लाह से हटकर तुम्हारा कोई हिमायती नहीं — फिर तुम्हें कोई मदद भी न मिलेगी।

114. दिन के दोनों सिरों पर और रात के कुछ हिस्से में नमाज़ क़ायम करो; इसमें शक नहीं कि नेकियां बुराइयों को दूर कर देती हैं। याद रखने वालों के लिए यह एक याददिहानी है।

115. और सब्र करो इसलिए कि अल्लाह ख़ूबकारों का अजर अकारत नहीं करता।

116. फिर तुमसे पहले जो नसलें गुज़र चुकी हैं उनमें ऐसे भले समझदार क्यों न हुए, जो ज़मीन में बिगाड़ से रोकते, सिवाय उन थोड़े लोगों के जिनको उनमें से हमने बचा लिया; ज़ुल्म इख़्तियार करनेवाले तो उसी ऐश के पीछे पड़े रहे जिसमें वो रखे गए थे। वो तो थे ही मुजरिम।

117. तुम्हारा रब तो ऐसा नहीं कि बस्तियों को नाहक़ तबाह कर दे, जबकि वहां के रहनेवाले बनाव और इसलाह में लगे हों।

118. और अगर तुम्हारा रब चाहता तो वह तमाम इंसानों को एक उम्मत बना देता; लेकिन अब तो वो मुख़्तलिफ़ तरीक़ों पर चलते ही रहेंगे।

119. सिवाय उनके जिनपर तुम्हारा रब रहम फ़रमाए। और इसी के लिए उसने उन्हें पैदा किया है, और तुम्हारे रब की यह बात पूरी होकर रही कि "मैं जहन्नम को जिन्नों और इंसानों सबसे भर कर रहूंगा"।

120. रसूलों के हालात में से हर वह क़िस्सा जो हम तुम्हें सुनाते हैं उसके

ज़रिए से हम तुम्हारे दिल को मज़बूत करते हैं; और इसमें तुम्हारे पास हक़ आ गया है और मोमिनीन के लिए नसीहत और याददिहानी।

121. जो लोग ईमान नहीं ला रहे हैं उनसे कह दो: "तुम अपनी जगह काम किए जाओ; हम भी कर रहे हैं।

122. तुम भी इंतिज़ार करो; हम भी इंतिज़ार में हैं"।

123. अल्लाह ही का है आसमानों और ज़मीन का ग़ैब और मुआमला हर एक उसी की तरफ़ पलटता है; लिहाज़ा उसी की बन्दगी करो, और भरोसा भी उसी पर रखो। तुम्हारा रब तुम जो कुछ भी करते हो उससे ग़ाफ़िल नहीं है।

सूरह यूसुफ़ मक्की

(आयतें 111, रुकूआत 12)

खुदा-ए-रहमान व रहीम के नाम से

1. अलिफ़-लाम-रा। ये रौशन किताब की आयतें हैं।

2. हमने इसे अरबी कुरआन की शक्ल में उतारा है ताकि तुम समझो।

3. इस कुरआन को तुम्हारी तरफ़ वही करके इसके ज़रिए से हम तुम्हें एक निहायत अच्छा बयान सुनाते हैं, बेशक इससे पहले तुम बेख़बर थे।

4. जब यूसुफ़ ने अपने बाप से कहा, "ऐ मेरे बाप, मैंने ख़्वाब में ग्यारह सितारे देखे, और सूरज और चांद भी साथ थे, मैंने उन (सितारों) को देखा कि वो मुझे सजदा कर रहे हैं।"

5. उसने कहा "ऐ मेरे बेटे! अपना ख़्वाब अपने भाइयों से मत बयान करना, वरना वो तेरे ख़िलाफ़ कोई चाल चलकर रहेंगे। शैतान तो इनसान का खुला दुश्मन है।

6. और ऐसा ही होगा तेरा रब तुझे मुन्तख़ब करेगा, और तुझे बातों की हक़ीक़त तक पहुंचना सिखाएगा, और अपनी नवाज़िश तुझ पर और आले याकूब पर उसी तरह पूरी करेगा, जिस तरह इससे पहले वह तेरे बाप इब्राहीम और इसहाक़ पर उसे पूरी कर चुका है; बेशक तेरा रब सब कुछ

मा नुसब्बितु बिही फ़ुआद-क व जाअ-क फ़ी हाज़िहिल्-हक़्कु व मौअ़ि-ज़तुंव्-व ज़िक्रा लिल्मुअ्मिनीन (120)

व क़ुल् लिल्लज़ी-न ला युअ्मिनूनअ्मलू अ़ला मकानतिकुम्, इन्ना आ़मिलून (121)

वन्तज़िरू इन्ना मुन्तज़िरून (122)

व लिल्लाहि ग़ैबुस्समावाति वल्अर्ज़ि व इलैहि युर्जअुल्-अम्रु कुल्लुहू फ़अ्बुद्हु व तवक्कल् अ़लैहि, व मा रब्बु-क बिग़ाफ़िलिन् अ़म्मा तअ्मलून (123)

12 सूरतु यूसुफ़
(मक्की) इस सूराः में अरबी के 7411 अक्षर, 1C33 शब्द, 111 आयतें और 12 रुकू हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

अलिफ़्-लाम्-रा, तिल्-क आयातुल्-किताबिल् मुबीन (1)

इन्ना अन्ज़ल्नाहु क़ुरआनन् अ़-रबिय्यल् लअ़ल्लकुम् तअ्क़िलून (2)

नहनु नक़ुस्सु अ़लै-क अह्स-नल्-क़-ससि बिमा औहैना इलै-क हाज़ल्-क़ुरआ-न व इन् कुन्-त मिन् क़ब्लिही लमिनल्-ग़ाफ़िलीन (3)

इज़् क़ा-ल यूसुफ़ु लि-अबीहि या अ-बति इन्नी रऐतु अ-ह-द अ़-श-र कौकबंव्- वश्शम्-स वल्क़-म-र रऐतुहुम् ली साजिदीन (4)

क़ा-ल या बुनय्-य ला तक़्सुस् रूअ्या-क अ़ला इख़्वति-क फ़-यकीदू ल-क कैदन्, इन्नश्शैता-न लिल्इन्सानि अ़दुव्वुम् मुबीन (5)

व कज़ालि-क यज्तबी-क रब्बु-क व युअ़ल्लिमु-क मिन् तअ्वीलिल् अहादीसि व युतिम्मु निअ्म-तहू अ़लै-क व अ़ला आलि यअ्क़ू-ब कमा अ-तम्महा अ़ला अ-बवै-क मिन् क़ब्लु इब्राही-म व इस्हा-क़, इन्-न रब्ब-के

مَا نُثَبِّتُ بِهٖ فُؤَادَكَ وَجَآءَكَ فِيْ هٰذِهِ
الْحَقُّ وَمَوْعِظَةٌ وَّذِكْرٰى لِلْمُؤْمِنِيْنَ ۝١٢٠
وَقُلْ لِّلَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ اعْمَلُوْا عَلٰى
مَكَانَتِكُمْ ۭ اِنَّا عٰمِلُوْنَ ۝١٢١
وَانْتَظِرُوْا ۚ اِنَّا مُنْتَظِرُوْنَ ۝١٢٢
وَلِلّٰهِ غَيْبُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَاِلَيْهِ
يُرْجَعُ الْاَمْرُ كُلُّهٗ فَاعْبُدْهُ وَتَوَكَّلْ
عَلَيْهِ ۭ وَمَا رَبُّكَ بِغَافِلٍ عَمَّا
تَعْمَلُوْنَ ۝١٢٣

سُوْرَةُ يُوْسُفَ مَكِّيَّةٌ ١٢ اٰيَاتُهَا ١١١ رُكُوْعَاتُهَا ١٢

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

الۤرٰ ۣ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْمُبِيْنِ ۝١
اِنَّآ اَنْزَلْنٰهُ قُرْءٰنًا عَرَبِيًّا لَّعَلَّكُمْ
تَعْقِلُوْنَ ۝٢
نَحْنُ نَقُصُّ عَلَيْكَ اَحْسَنَ الْقَصَصِ
بِمَآ اَوْحَيْنَآ اِلَيْكَ هٰذَا الْقُرْاٰنَ ڰ
وَاِنْ كُنْتَ مِنْ قَبْلِهٖ لَمِنَ الْغٰفِلِيْنَ ۝٣
اِذْ قَالَ يُوْسُفُ لِاَبِيْهِ يٰٓاَبَتِ اِنِّيْ رَاَيْتُ
اَحَدَ عَشَرَ كَوْكَبًا وَّالشَّمْسَ وَالْقَمَرَ
رَاَيْتُهُمْ لِيْ سٰجِدِيْنَ ۝٤
قَالَ يٰبُنَيَّ لَا تَقْصُصْ رُءْيَاكَ عَلٰٓى
اِخْوَتِكَ فَيَكِيْدُوْا لَكَ كَيْدًا ۭ اِنَّ
الشَّيْطٰنَ لِلْاِنْسَانِ عَدُوٌّ مُّبِيْنٌ ۝٥
وَكَذٰلِكَ يَجْتَبِيْكَ رَبُّكَ وَيُعَلِّمُكَ مِنْ
تَاْوِيْلِ الْاَحَادِيْثِ وَيُتِمُّ نِعْمَتَهٗ عَلَيْكَ
وَعَلٰٓى اٰلِ يَعْقُوْبَ كَمَآ اَتَمَّهَا عَلٰٓى اَبَوَيْكَ
مِنْ قَبْلُ اِبْرٰهِيْمَ وَاِسْحٰقَ ۭ اِنَّ رَبَّكَ

जाननेवाला, हिकमतवाला है"।

7. हक़ीक़त में यूसुफ़ और उसके भाइयों में ज़रूरतमन्दों के लिए निशानियां हैं।

8. जबकि उन्होंने कहा कि "यूसुफ़ और उसका भाई दोनों हमारे बाप को हमसे ज़्यादा महबूब हैं, हालांकि हम एक पूरा जत्था हैं। हक़ीक़त में हमारे बाप सरीहन बहक गए हैं।

9. यूसुफ़ को मार डालो, या उसे किसी सरज़मीन में फेंक आओ ताकि तुम्हारे बाप की तवज्जुह सिर्फ़ तुम्हारी तरफ़ हो जाए, इसके बाद तुम लोगों के सब काम बन जाएंगे।"

10. उनमें से एक बोलने वाला बोल पड़ा, "यूसुफ़ को क़त्ल न करो, अगर तुम्हें कुछ करना ही है तो उसे किसी कुएं की तह में डाल दो, कोई राह चलता उसे उठा लेगा।"

11. उन्होंने कहा, "ऐ हमारे बाप, आपको क्या हो गया है कि यूसुफ़ के मुआमले में आप हम पर भरोसा नहीं करते, हालांकि हम तो उसके ख़ैर ख़्वाह हैं,

12 कल हमारे साथ उसे भेज दीजिए कि वह चर-चुग और खेल ले; उसकी हिफ़ाज़त के लिए हम तो मौजूद ही हैं"।

13. उसने कहा कि "यह बात कि तुम उसे ले जाओ मुझे ग़म में डाल देती है; मुझे तो डर है कि कहीं तुम उससे ग़ाफ़िल हो जाओ और भेड़िया उसे खा जाए"।

14. वो बोले, "हमारे एक जत्थे के होते हुए भी अगर भेड़िये ने उसे खा लिया, तब तो हम लाज़िमन ज़ियांकार साबित होंगे!"

15. फिर जब वो उसे ले गए, और सबकी राए यह ठहरी कि उसे एक कुएं की गहराई में डाल दें, और हमने उसकी तरफ़ वही की कि तू उनकी यह हरकत उन्हें जताएगा जबकि उन्हें कुछ ख़याल भी न होगा"।

16. कुछ रात गए वो रोते हुए अपने बाप के पास आए।

17 कहने लगे, "ऐ हमारे बाप, हम बाहम दौड़ में मुक़ाबला करते हुए दूर चले गए, और यूसुफ़ को हमने अपने सामान के पास छोड़ दिया था कि इतने में भेड़िया उसे खा गया।

अ़लीमुन् हकीम (6). ●
ल-क़द् का-न फ़ी यूसु-फ़ व इख़्वतिही आयातुल् लिस्सा-इलीन (7)
इज़् क़ालू ल-यूसुफ़ु व अख़ूहु अहब्बु इला अबीना मिन्ना व नह्नु उस्बतुन्, इन्-न अबाना लफ़ी ज़लालिम्-मुबीन (8)
उक़्तुलू यूसु-फ़ अविऱ्हु अर्ज़ंय्यख़्लु लकुम् वज्हु अबीकुम् व तकूनू मिम्-बअ़्दिही क़ौमन् सालिहीन (9)
क़ा-ल क़ाइलुम्-मिन्हुम् ला तक़्तुलू यूसु-फ़ व अल्क़ूहु फ़ी-ग़या-बतिल्-जुब्बि यल्तक़ित्हु बअ़्ज़ुस्सय्यारति इन् कुन्तुम् फ़ाअ़िलीन (10)
क़ालू या अबाना मा ल-क ला तअ्मन्ना अ़ला यूसु-फ़ व इन्ना लहू लनासिहून (11)
अर्सिल्हु म-अ़ना ग़दंय्-यर्तअ़् व यल्अ़ब् व इन्ना लहू लहाफ़िज़ून (12)
क़ा-ल इन्नी ल-यह्ज़ुनुनी अन् तज़्हबू बिही व अख़ाफ़ु अंय्यअ्कु-लहुज़्ज़िअ्बु व अन्तुम् अ़न्हु ग़ाफ़िलून (13)
क़ालू ल-इन् अ-क-लहुज़्ज़िअ्बु व नह्नु अ़ुस्बतुन् इन्ना इज़ल्-लख़ासिरून (14)
फ़-लम्मा ज़-हबू बिही व अज्मअ़ू अंय्यज्-अ़लूहु फ़ी ग़या-बतिल्-जुब्बि व औहैना इलैहि लतुनब्बि-अन्नहुम् बिअम्रिहिम् हाज़ा व हुम् ला यश्अ़ुरून (15)
व जाऊ अबाहुम् अ़िशाअंय्-यब्कून (16)
क़ालू या अबाना इन्ना ज़हब्ना नस्तबिक़ु व तरक्ना यूसु-फ़ अ़िन्-द मताअ़िना फ़-अ-क-लहुज़्-ज़िअ्बु

ع عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ۞
لَقَدْ كَانَ فِىْ يُوْسُفَ وَاِخْوَتِهٖۤ اٰيٰتٌ
لِّلسَّآئِلِيْنَ ۞
اِذْ قَالُوْا لَيُوْسُفُ وَاَخُوْهُ اَحَبُّ اِلٰٓى
اَبِيْنَا مِنَّا وَنَحْنُ عُصْبَةٌ ؕ اِنَّ اَبَانَا
لَفِىْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنِ ۞
اِقْتُلُوْا يُوْسُفَ اَوِاطْرَحُوْهُ اَرْضًا يَّخْلُ
لَكُمْ وَجْهُ اَبِيْكُمْ وَتَكُوْنُوْا مِنْۢ بَعْدِهٖ
قَوْمًا صٰلِحِيْنَ ۞
قَالَ قَآئِلٌ مِّنْهُمْ لَا تَقْتُلُوْا يُوْسُفَ
وَاَلْقُوْهُ فِىْ غَيٰبَتِ الْجُبِّ يَلْتَقِطْهُ بَعْضُ
السَّيَّارَةِ اِنْ كُنْتُمْ فٰعِلِيْنَ ۞
قَالُوْا يٰۤاَبَانَا مَا لَكَ لَا تَاْمَنَّا عَلٰى يُوْسُفَ
وَاِنَّا لَهٗ لَنٰصِحُوْنَ ۞
اَرْسِلْهُ مَعَنَا غَدًا يَّرْتَعْ وَيَلْعَبْ وَاِنَّا
لَهٗ لَحٰفِظُوْنَ ۞
قَالَ اِنِّىْ لَيَحْزُنُنِىْۤ اَنْ تَذْهَبُوْا بِهٖ
وَاَخَافُ اَنْ يَّاْكُلَهُ الذِّئْبُ وَاَنْتُمْ
عَنْهُ غٰفِلُوْنَ ۞
قَالُوْا لَئِنْ اَكَلَهُ الذِّئْبُ وَنَحْنُ عُصْبَةٌ
اِنَّاۤ اِذًا لَّخٰسِرُوْنَ ۞
فَلَمَّا ذَهَبُوْا بِهٖ وَاَجْمَعُوْۤا اَنْ يَّجْعَلُوْهُ
فِىْ غَيٰبَتِ الْجُبِّ ۚ وَاَوْحَيْنَاۤ اِلَيْهِ لَتُنَبِّئَنَّهُمْ
بِاَمْرِهِمْ هٰذَا وَهُمْ لَا يَشْعُرُوْنَ ۞
وَجَآءُوْۤ اَبَاهُمْ عِشَآءً يَّبْكُوْنَ ۞
قَالُوْا يٰۤاَبَانَاۤ اِنَّا ذَهَبْنَا نَسْتَبِقُ وَتَرَكْنَا
يُوْسُفَ عِنْدَ مَتَاعِنَا فَاَكَلَهُ الذِّئْبُ ۚ

आप तो हमारा यक़ीन करेंगे नहीं, अगरचे हम सच्चे हैं।"

18. वो उसके क़मीज़ पर झूटमूट का खून लगाए थे। उसने कहा, "नहीं, बल्कि तुम्हारे जी ने बहका कर तुम्हारे लिए एक बात बना दी है। अब सब्र ही खूबतर है। जो बात तुम बता रहे हो उसमें अल्लाह ही मददगार हो सकता है"।

19. एक क़ाफ़िला आया, फिर उन्होंने अपने पानी लाने वाले को भेजा, उसने अपना डोल जो डाला तो पुकार उठा, "अरे खुशख़बरी हो। यह तो एक लड़का है;" उन्होंने उसे माले तिजारत समझकर छुपा लिया; लेकिन जो कुछ वो कर रहे थे अल्लाह तो उसे जानता ही था।

20. उन्होंने उसे हक़ीर क़ीमत, गिनती के चन्द ही दिरहमों में बेच दिया; क्योंकि वो उसके मुआमले में बेपरवाह थे।

21. मिस्र के जिस शख़्स ने उसे ख़रीदा, उसने अपनी औरत से कहा, "इसको अच्छी तरह रखना, बहुत मुमकिन है कि यह हमारे काम आए या हम इसे बेटा बना लें;" इस तरह हमने उस सरज़मीन में यूसुफ़ के क़दम जमाने की सूरत निकाली, और ताकि वाक़िआत और बातों का नतीजा हम उसके इल्म में लाएं। अल्लाह तो अपना मक़सद हासिल करके रहता है, लेकिन अक्सर लोग जानते नहीं।

22. और जब वह अपनी पूरी जवानी को पहुंचा, तो हमने उसे क़ुव्वते फ़ैसला और इल्म अता किया। हम इसी तरह खूबकारों को जज़ा देते हैं।

23. जिस औरत के घर में वह रहता था वह उसपर डोरे डालने लगी, उसने दरवाज़े बन्द कर दिए और कहने लगी, "लो, आ जाओ!" उसने कहा, "अल्लाह की पनाह! मेरे रब ने मेरा मक़ाम बेहतर रखा है। ज़ालिम कभी कामयाब नहीं होते"।

24. उसने उसका इरादा कर लिया था; वह भी उसका इरादा कर लेता, अगर वह अपने रब की रौशन दलील न देख लेता। ऐसा हुआ ताकि हम बुराई और बेहयाई को उससे दूर रखें; बेशक वह हमारे चुने हुए बन्दों में से था"।

25. वो दोनों दरवाज़े की तरफ़ झपटे; और उस औरत ने उसका क़मीज़

व मा अन्-त बिमुअ्मिनिल्लना व लौ कुन्ना सादिक़ीन ● (17)
व जाऊ अ़ला क़मीसिही बि-दमिन् कज़िबिन्, क़ा-ल बल् सव्व-लत् लकुम् अन्फ़ुसुकुम् अम्रन्, फ़-सब्रुन् जमीलुन्, वल्लाहुल्-मुस्तआनु अ़ला मा तसिफ़ून (18)
व जाअत् सय्यारतुन् फ़-अर्सलू वारि-दहुम् फ़-अद्ला दल्वहू, क़ा-ल या बुश्रा हाज़ा ग़ुलामुन्, व अ-सर्रूहु बिज़ा-अतन्, वल्लाहु अ़लीमुम्-बिमा यअ्मलून (19)
व शरौहु बि-स-मनिम् बख़्सिन् दराहि-म मअ्दू-दतिन् व कानू फ़ीहि मिनज़्ज़ाहिदीन (20) ●
व क़ालल्लज़िश्तराहु मिम्-मिस्-र लिम्र-अतिही अक्रिमी मस्वाहु अ़सा अंय्यन्फ़-अ़ना औ नत्तख़ि-ज़हू व-लदन्, व कज़ालि-क मक्कन्ना लियूसु-फ़ फ़िल्अर्ज़ि व लिनुअ़ल्लि-महू मिन् तअ्वीलिल्-अहादीसि, वल्लाहु ग़ालिबुन् अ़ला अम्रिही व लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला यअ्लमून (21)
व लम्मा ब-ल-ग़ अशुद्-दहू आतैनाहु हुक्मंव्-व अ़िल्मन्, व कज़ालि-क नज्ज़िल्-मुह्सिनीन (22)
व रा-वदत्हुल्लती हु-व फ़ी बैतिहा अ़न् नफ़्सिही व ग़ल्ल-क़तिल्-अब्वा-ब व क़ालत् है-त ल-क, क़ा-ल मआ़ज़ल्लाहि इन्नहू रब्बी अह्स-न मस्वा-य, इन्नहू ला युफ़्लिहुज़्ज़ालिमून (23)
व ल-क़द् हम्मत् बिही व हम्-म बिहा लौ ला अर्-रआ बुर्हा-न रब्बिही, कज़ालि-क लिनस्रि-फ़ अ़न्हुस्सू-अ वल्-फ़ह्शा-अ, इन्नहू मिन् अ़िबादिनल् मुख़्लसीन (24)
वस्त-बक़ल्बा-ब व क़द्दत् क़मी-सहू मिन्

وَمَآ اَنْتَ بِمُؤْمِنٍ لَّنَا وَلَوْ كُنَّا صٰدِقِيْنَ ۝١٧
وَجَآءُوْ عَلٰى قَمِيْصِهٖ بِدَمٍ كَذِبٍ ۭ قَالَ
بَلْ سَوَّلَتْ لَكُمْ اَنْفُسُكُمْ اَمْرًا ۭ فَصَبْرٌ
جَمِيْلٌ ۭ وَاللّٰهُ الْمُسْتَعَانُ عَلٰى مَا تَصِفُوْنَ ۝١٨
وَجَآءَتْ سَيَّارَةٌ فَاَرْسَلُوْا وَارِدَهُمْ
فَاَدْلٰى دَلْوَهٗ ۭ قَالَ يٰبُشْرٰى هٰذَا غُلٰمٌ ۭ
وَاَسَرُّوْهُ بِضَاعَةً ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ بِمَا
يَعْمَلُوْنَ ۝١٩
وَشَرَوْهُ بِثَمَنٍۢ بَخْسٍ دَرَاهِمَ مَعْدُوْدَةٍ ۚ
وَكَانُوْا فِيْهِ مِنَ الزّٰهِدِيْنَ ۝٢٠
وَقَالَ الَّذِي اشْتَرٰىهُ مِنْ مِّصْرَ لِامْرَاَتِهٖٓ
اَكْرِمِيْ مَثْوٰىهُ عَسٰٓى اَنْ يَّنْفَعَنَآ اَوْ نَتَّخِذَهٗ
وَلَدًا ۭ وَكَذٰلِكَ مَكَّنَّا لِيُوْسُفَ فِي الْاَرْضِ ۡ
وَلِنُعَلِّمَهٗ مِنْ تَاْوِيْلِ الْاَحَادِيْثِ ۭ وَاللّٰهُ
غَالِبٌ عَلٰٓى اَمْرِهٖ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ
لَا يَعْلَمُوْنَ ۝٢١
وَلَمَّا بَلَغَ اَشُدَّهٗٓ اٰتَيْنٰهُ حُكْمًا وَّعِلْمًا ۭ
وَكَذٰلِكَ نَجْزِي الْمُحْسِنِيْنَ ۝٢٢
وَرَاوَدَتْهُ الَّتِيْ هُوَ فِيْ بَيْتِهَا عَنْ نَّفْسِهٖ
وَغَلَّقَتِ الْاَبْوَابَ وَقَالَتْ هَيْتَ لَكَ ۭ
قَالَ مَعَاذَ اللّٰهِ اِنَّهٗ رَبِّيْٓ اَحْسَنَ مَثْوَايَ ۭ
اِنَّهٗ لَا يُفْلِحُ الظّٰلِمُوْنَ ۝٢٣
وَلَقَدْ هَمَّتْ بِهٖ ۚ وَهَمَّ بِهَا لَوْلَآ اَنْ
رَّاٰ بُرْهَانَ رَبِّهٖ ۭ كَذٰلِكَ لِنَصْرِفَ عَنْهُ
السُّوْۗءَ وَالْفَحْشَاۗءَ ۭ اِنَّهٗ مِنْ عِبَادِنَا
الْمُخْلَصِيْنَ ۝٢٤
وَاسْتَبَقَا الْبَابَ وَقَدَّتْ قَمِيْصَهٗ مِنْ

पीछे से फाड़ दिया। दरवाज़े पर दोनों ने उस औरत के ख़ाविन्द को पाया। वह बोली: "जो कोई तुम्हारी घर वाली के साथ बुरा इरादा करे उसका बदला इसके सिवा क्या होगा कि उसे क़ैद किया जाए या फिर कोई दर्दनाक अज़ाब दिया जाए?"

26. उसने कहा, "यही मुझपर डोरे डाल रही थी"। उस औरत के कुंबेवालों में से एक आनेवाला आ गया, कहा कि "अगर इसका क़मीज़ आगे से फटा है तो यह सच्ची है, और वह झूटा है;

27. और अगर उसका क़मीज़ पीछे से फटा है तो यह झूटी और वह सच्चा है"।

28. फिर जब देखा कि उसका क़मीज़ पीछे से फटा है तो उसने कहा, "यह तुम औरतों की चाल है; यक़ीनन तुम्हारी चाल बड़े ग़ज़ब की होती है।

29. यूसुफ़, इस मुआमले से दरगुज़र कर; और औरत, तू अपने गुनाह की माफ़ी मांग; बेशक ख़ता तेरी ही है"।

30. शहर में औरतें कहने लगीं कि "अज़ीज़ की बीवी अपने नौजवान ग़ुलाम पर डोरे डालना चाहती है; वह अज़रूए मुहब्बत उसके दिल में घर कर गया है; हम तो उसे देख रही हैं कि वह सरीहन ग़लती में पड़ गई है"।

31. उसने जब उनकी मक्काराना बातें सुनीं, तो उन्हें बुला भेजा, और उनमें से हर एक को तसल्ली देते हुए उनके लिए इम्तिहान की ज़मीन तैयार की। उसने कहा कि "उनके सामने आ जाओ"! फिर जब औरतों ने उसे देखा तो वो उसकी अज़मत से दंग रह गई, वो तमाम तदबीरें करके हार गई और कहने लगीं, "अल्लाह की पनाह! यह आदमी नहीं; यह तो कोई मुकर्रम फ़रिश्ता है"।

32. वह बोली "यह वही है जिसके मुआमले में तुम मुझे मलामत कर रही थीं। हां, मैंने उसे रिझाना चाहा था, लेकिन यह बचा रहा। मैं उससे जो बात कहती हूं अगर उसने न किया,

दुबुरिंव्-व अल्फ़या सय्यि-दहा लदल्-बाबि, क़ालत् मा जज़ा-उ मन् अरा-द बि-अह्लि-क सूअन् इल्ला अंय्युस्ज-न औ अज़ाबुन् अलीम (25)

क़ा-ल हि-य रा-वदत्नी अन्-नफ़्सी व शहि-द शाहिदुम् मिन् अह्लिहा इन् का-न क़मीसुहू क़ुद्-द मिन् क़ुबुलिन् फ़-स-दक़त् व हु-व मिनल्-काज़िबीन (26)

व इन् का-न क़मीसुहू क़ुद्-द मिन् दुबुरिन् फ़-क-ज़बत् व हु-व मिनस्सादिक़ीन (27)

फ़-लम्मा रआ क़मी-सहू क़ुद्-द मिन् दुबुरिन् क़ा-ल इन्नहू मिन् कैदिकुन्-न, इन्-न कै-दकुन्-न अज़ीम (28)

यूसुफ़ु अअ्‌रिज़ अन् हाज़ा वस्तग़्फ़िरी लिज़म्बिकि इन्नकि कुन्ति मिनल्-ख़ातिईन (29)

व क़ा-ल निस्वतुन् फ़िल्-मदीनतिम्र-अतुल्-अज़ीज़ि तुराविदु फ़ताहा अन्-नफ़्सिही क़द् श-ग़-फ़हा हुब्बन्, इन्ना ल-नराहा फ़ी ज़लालिम्-मुबीन (30)

फ़-लम्मा समिअत् बिमक्रिहिन्-न अर्-सलत् इलैहिन्-न व अअ्‌त-दत् लहुन्-न मुत्त-कअंव्-व आतत् कुल्-ल वाहि-दतिम् मिन्हुन्-न सिक्कीनंव्-व क़ालतिख़्रुज् अलैहिन्-न फ़-लम्मा रऐ-नहू अक्बर्-नहू व क़त्तअ्‌-न ऐदियहुन्-न व क़ुल्-न हा-श लिल्लाहि मा हाज़ा ब-शरन्, इन् हाज़ा इल्ला म-लकुन् करीम (31)

क़ालत् फ़ज़ालिकुन्नल्लज़ी लुम्तुन्ननी फ़ीहि, व ल-क़द् रावत्तुहू अन् नफ़्सिही फ़स्तअ्‌-स-म, व ल-इल्लम् यफ़अल् मा आमुरुहू लयुस्ज-नन्-न

دُبُرٍ وَّ اَلْفَيَا سَيِّدَهَا لَدَا الْبَابِ ۭ قَالَتْ
مَا جَزَآءُ مَنْ اَرَادَ بِاَهْلِكَ سُوْٓءًا اِلَّآ
اَنْ يُّسْجَنَ اَوْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ﴿٢٥﴾
قَالَ هِيَ رَاوَدَتْنِيْ عَنْ نَّفْسِيْ وَشَهِدَ
شَاهِدٌ مِّنْ اَهْلِهَا ۚ اِنْ كَانَ قَمِيْصُهٗ
قُدَّ مِنْ قُبُلٍ فَصَدَقَتْ وَهُوَ مِنَ
الْكٰذِبِيْنَ ﴿٢٦﴾
وَاِنْ كَانَ قَمِيْصُهٗ قُدَّ مِنْ دُبُرٍ فَكَذَبَتْ
وَهُوَ مِنَ الصّٰدِقِيْنَ ﴿٢٧﴾
فَلَمَّا رَاٰ قَمِيْصَهٗ قُدَّ مِنْ دُبُرٍ قَالَ
اِنَّهٗ مِنْ كَيْدِكُنَّ ۭ اِنَّ كَيْدَكُنَّ
عَظِيْمٌ ﴿٢٨﴾
يُوْسُفُ اَعْرِضْ عَنْ هٰذَا ٚ وَاسْتَغْفِرِيْ
ع لِذَنْۢبِكِ ښ اِنَّكِ كُنْتِ مِنَ الْخٰطِـِٕيْنَ ﴿٢٩﴾
وَقَالَ نِسْوَةٌ فِي الْمَدِيْنَةِ امْرَاَتُ الْعَزِيْزِ
تُرَاوِدُ فَتٰىهَا عَنْ نَّفْسِهٖ ۚ قَدْ شَغَفَهَا حُبًّا ۭ
اِنَّا لَنَرٰىهَا فِيْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ ﴿٣٠﴾
فَلَمَّا سَمِعَتْ بِمَكْرِهِنَّ اَرْسَلَتْ اِلَيْهِنَّ
وَاَعْتَدَتْ لَهُنَّ مُتَّكَاً وَّاٰتَتْ كُلَّ
وَاحِدَةٍ مِّنْهُنَّ سِكِّيْنًا وَّقَالَتِ
اخْرُجْ عَلَيْهِنَّ ۚ فَلَمَّا رَاَيْنَهٗٓ اَكْبَرْنَهٗ
وَقَطَّعْنَ اَيْدِيَهُنَّ وَقُلْنَ حَاشَ لِلّٰهِ
مَا هٰذَا بَشَرًا ۭ اِنْ هٰذَآ اِلَّا مَلَكٌ
كَرِيْمٌ ﴿٣١﴾
قَالَتْ فَذٰلِكُنَّ الَّذِيْ لُمْتُنَّنِيْ فِيْهِ ۭ
وَلَقَدْ رَاوَدْتُّهٗ عَنْ نَّفْسِهٖ فَاسْتَعْصَمَ ۭ
وَلَىِٕنْ لَّمْ يَفْعَلْ مَآ اٰمُرُهٗ لَيُسْجَنَنَّ

तो यह ज़रूर क़ैद होगा, और ज़िल्लत उठाएगा"।

33. उसने कहा, "मेरे रब, जिसकी तरफ़ ये सब मुझे बुला रही हैं उससे ज़्यादा तो मुझे क़ैद ही पसन्द है; अगर तूने उनके दांव-घात को मुझसे न फेरा, तो मैं उनके दाम-ए-शौक़ में फंसकर रहूंगा, और जज़्बात से मग़लूब हो जाऊंगा"।

34. पस उसके रब ने उसकी सुन ली, और उसकी तरफ़ से उन औरतों के दांव-घात को फेर दिया; बेशक वह सब कुछ सुनता, जानता है।

35. फिर उन्हें इसके बाद कि वो निशानियां देख चुके थे, यह सूझा कि उसे एक मुद्दत के लिए क़ैद कर दें।

36. क़ैद ख़ाने में दो नौजवान भी उसके साथ दाख़िल हुए। उनमें से एक ने कहा "मैंने ख़्वाब देखा है कि मैं शराब निचोड़ रहा हूं"। दूसरे ने कहा, "मैंने देखा कि मैं अपने सर पर रोटियां उठाए हुए हूं जिनको परिन्दे खा रहे हैं। हमें इसकी ताबीर बताइए; हमें तो आप निहायत नेकूकार नज़र आते हैं"।

37-38. उसने कहा, "जो खाना तुम्हें मिला करता है वह तुम्हारे पास नहीं आ पाएगा उससे पहले ही मैं तुम्हें उसकी ताबीर बता दूंगा। यह उन बातों में से है, जो मेरे रब ने मुझे सिखाई हैं। मैंने तो उन लोगों का तरीक़ा छोड़कर जो अल्लाह को नहीं मानते और जिन्हें आख़िरत का इनकार है अपने बाप-दादा इब्राहीम और याक़ूब का तरीक़ा इख़्तियार किया है। हमारे लिए यह हरगिज़ मुनासिब नहीं कि हम अल्लाह के साथ किसी चीज़ को शरीक ठहराएं। यह हमपर और लोगों पर अल्लाह का एक फ़ज़्ल है, मगर अक्सर लोग शुक्र नहीं करते।

39. ऐ ज़िन्दां के मेरे साथियों, क्या अलग-अलग बहुत से रब अच्छे हैं, या अकेला अल्लाह जो सब पर ग़ालिब है?

40. तुम उसके सिवा जिनकी भी बन्दगी करते हो वो तो बस महज़ नाम हैं, जो तुमने अपने तौरपर रख छोड़े हैं, तुमने भी और तुम्हारे बाप-दादा

व ल-यकूनम् मिनस्साग़िरीन (32)
क़ा-ल रब्बिस्सिज्नु अहब्बु इलय्-य मिम्मा यद्ऊ-ननी इलैहि व इल्ला तस्रिफ़् अ़न्नी कैदहुन्-न अस्बु इलैहिन्-न व अकुम् मिनल्-जाहिलीन (33)
फ़स्तजा-ब लहू रब्बुहू फ़-स-र-फ़ अ़न्हु कैदहुन्-न, इन्नहू हुवस्-समीअुल्-अ़लीम (34)
सुम्-म बदा लहुम् मिम्-बअ्दि मा र-अवुल्-आयाति ल-यस्जुनुन्नहू हत्ता हीन (35) ●
व द-ख़-ल म-अ़हुस्सिज्-न फ़-तयानि, क़ा-ल अ-हदुहुमा इन्नी अरानी अअ्सिरु ख़म्रन व क़ालल्-आख़रु इन्नी अरानी अह्मिलु फ़ौ-क़ रअ्सी ख़ुब्ज़न् तअ्कुलुत्तैरु मिन्हु, नब्बिअ्ना बितअ्वीलिही इन्ना नरा-क मिनल्मुह्सिनीन (36)
क़ा-ल ला यअ्तीकुमा तआ़मुन् तुरज़क़ानिही इल्ला नब्बअ्तुकुमा बितअ्वीलिही क़ब्-ल अंय्यअ्ति-यकुमा, ज़ालिकुमा मिम्मा अ़ल्ल-मनी रब्बी, इन्नी तरक्तु मिल्ल-त क़ौमिल् ला युअ्मिनू-न बिल्लाहि व हुम् बिलआख़िरति हुम् काफ़िरून (37)
वत्तबअ्तु मिल्ल-त आबाई इब्राही-म व इस्हा-क़ व यअ्क़ू-ब, मा का-न लना अन् नुश्रि-क बिल्लाहि मिन् शैइन्, ज़ालि-क मिन् फ़ज़्लिल्लाहि अ़लैना व अ़लन्नासि व लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला यश्कुरून (38)
या साहि-बयिस्सिज्नि अ-अर्बाबुम् मु-तफ़र्रिक़ू-न ख़ैरुन् अमिल्लाहुल् वाहिदुल्-क़ह्हार (39)
मा तअ्बुदू-न मिन् दूनिही इल्ला अस्मा-अन् सम्मैतुमूहा अन्तुम् व आबाउकुम् मा अन्ज़-ल-

وَلَيَكُوْنًا مِّنَ الصّٰغِرِيْنَ ۝٣٢
قَالَ رَبِّ السِّجْنُ اَحَبُّ اِلَيَّ مِمَّا يَدْعُوْنَنِيْٓ
اِلَيْهِ ۚ وَاِلَّا تَصْرِفْ عَنِّيْ كَيْدَهُنَّ
اَصْبُ اِلَيْهِنَّ وَاَكُنْ مِّنَ الْجٰهِلِيْنَ ۝٣٣
فَاسْتَجَابَ لَهٗ رَبُّهٗ فَصَرَفَ عَنْهُ
كَيْدَهُنَّ ۭ اِنَّهٗ هُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ۝٣٤
ثُمَّ بَدَا لَهُمْ مِّنْۢ بَعْدِ مَا رَاَوُا الْاٰيٰتِ
لَيَسْجُنُنَّهٗ حَتّٰى حِيْنٍ ۝٣٥
وَدَخَلَ مَعَهُ السِّجْنَ فَتَيٰنِ ۭ قَالَ
اَحَدُهُمَآ اِنِّىْٓ اَرٰىنِيْٓ اَعْصِرُ خَمْرًا ۚ وَقَالَ
الْاٰخَرُ اِنِّىْٓ اَرٰىنِيْٓ اَحْمِلُ فَوْقَ رَاْسِيْ
خُبْزًا تَاْكُلُ الطَّيْرُ مِنْهُ ۭ نَبِّئْنَا بِتَاْوِيْلِهٖ ۚ
اِنَّا نَرٰىكَ مِنَ الْمُحْسِنِيْنَ ۝٣٦
قَالَ لَا يَاْتِيْكُمَا طَعَامٌ تُرْزَقٰنِهٖٓ اِلَّا
نَبَّاْتُكُمَا بِتَاْوِيْلِهٖ قَبْلَ اَنْ يَّاْتِيَكُمَا ۭ
ذٰلِكُمَا مِمَّا عَلَّمَنِيْ رَبِّيْ ۭ اِنِّىْ
تَرَكْتُ مِلَّةَ قَوْمٍ لَّا يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ
وَهُمْ بِالْاٰخِرَةِ هُمْ كٰفِرُوْنَ ۝٣٧
وَاتَّبَعْتُ مِلَّةَ اٰبَاۗءِيْٓ اِبْرٰهِيْمَ وَاِسْحٰقَ
وَيَعْقُوْبَ ۭ مَا كَانَ لَنَآ اَنْ نُّشْرِكَ بِاللّٰهِ
مِنْ شَيْءٍ ۭ ذٰلِكَ مِنْ فَضْلِ اللّٰهِ عَلَيْنَا
وَعَلَى النَّاسِ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا
يَشْكُرُوْنَ ۝٣٨
يٰصَاحِبَيِ السِّجْنِ ءَاَرْبَابٌ مُّتَفَرِّقُوْنَ
خَيْرٌ اَمِ اللّٰهُ الْوَاحِدُ الْقَهَّارُ ۝٣٩
مَا تَعْبُدُوْنَ مِنْ دُوْنِهٖٓ اِلَّآ اَسْمَاۗءً
سَمَّيْتُمُوْهَآ اَنْتُمْ وَاٰبَاۗؤُكُمْ مَّآ اَنْزَلَ

ने भी; अल्लाह ने उनके लिए कोई दलील नहीं उतारी। इख़्तियार व इक़्तिदार तो बस अल्लाह का है; उसने हुक्म दिया है कि उसके सिवा किसी की बन्दगी न करो। यही सीधा सही दीन है; लेकिन अक्सर लोग जानते नहीं।

41. ऐ ज़िन्दां के मेरे दोनों साथियो, तुम में एक तो अपने आक़ा को शराब पिलाएगा; रहा दूसरा तो वह सूली पर चढ़ेगा, और परिन्दे उसका सर खाएंगे। फ़ैसला हो चुका उस बात का जिसके बारे में तुम मुझसे पूछ रहे हो"।

42. उन दोनों में से जिसके बारे में उसने समझा था कि वह रिहा हो जाएगा, उससे कहा कि "अपने आक़ा से मेरा ज़िक्र करना", मगर शैतान ने उसे अपने आक़ा से ज़िक्र करना फ़रामोश करा दिया, पस वह कई साल तक क़ैद ख़ाने ही में रहा।

43. फिर ऐसा हुआ कि बादशाह ने कहा कि "मैंने ख़्वाब देखा है कि सात मोटी गायों को सात दुबली गायें खा रही हैं, और सात हरी बालें हैं, और दूसरी सात सूखी, ऐ सरदारों, अगर तुम ख़्वाब की ताबीर बताते हो तो मुझे मेरे इस ख़्वाब के बारे में बताओ"।

44. उन्होंने कहा, "यह तो परागन्दा परेशान ख़्वाब हैं! हम ऐसे ख़्वाबों की ताबीर नहीं जानते"।

45. इतने में उन दोनों में से जो रिहा हो गया था और एक मुद्दत के बाद उसे याद आया, बोला, "मैं इसकी ताबीर तुम्हें बताता हूं; ज़रा मुझे भेज दो"।

46. "यूसुफ़! ऐ सिद्दीक़, हमें इसका मतलब बताइए कि सात मोटी गायें हैं, जिन्हें सात दुबली गायें खा रही हैं, और सात हरी बालें हैं, और दूसरी सात सूखी, ताकि मैं लोगों के पास लौटकर जाऊं ताकि वो जान लें"।

47. उसने कहा, "सात साल तक तुम मामूल के मुताबिक़ खेती करते रहोगे; फिर जो फ़सल तुम काटो तो थोड़े हिस्से के सिवा जो तुम्हारे खाने

ल्लाहु बिहा मिन् सुल्तानिन्, इनिल्हुक्मु इल्ला लिल्लाहि, अ-म-र अल्ला तअ्बुदू इल्ला इय्याहु, ज़ालिकद्-दीनुल्-क़य्यिमु व लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला यअ्लमून (40)

या साहि-बयिस्सिज्नि अम्मा अ-हदुकुमा फ़-यस्क़ी रब्बहू ख़म्रन् व अम्मल्-आख़रु फ़युस्-लबु फ़-तअ्कुलुत्-तैरु मिर्रअ्सिही, क़ुज़ि यल्-अम्रुल्लज़ी फ़ीहि तस्तफ़्तियान (41)

व क़ा-ल लिल्लज़ी ज़न्-न अन्नहू नाजिम् मिन्हुमज़्कुर्नी अिन्-द रब्बि-क, फ़अन्साहुश्शैतानु ज़िक्-र रब्बिही फ़-लबि-स फ़िस्सिज्नि बिज़्-अ सिनीन (42)

व क़ालल्-मलिकु इन्नी अरा सब्-अ ब-क़रातिन् सिमानिंय्यअ्कुलुहुन्-न सब्अुन् अिजाफ़ुंव्-व सब्-अ सुम्बुलातिन् ख़ुज़्रिंव्-व उ-ख़-र याबिसातिन्, या अय्युहल् म-लउ अफ़्तूनी फ़ी रुअ्या-य इन् कुन्तुम् लिर्रुअ्या तअ्बुरून (43)

क़ालू अज़्ग़ासु अह्लामिन् व मा नह्नु बितअ्वीलिल्- अह्लामि बिआलिमीन (44)

व क़ालल्लज़ी नजा मिन्हुमा वद्द-क-र बअ्-द उम्मतिन् अ-न उनब्बिउकुम् बितअ्वीलिही फ़-अरसिलून (45)

यूसुफ़ु अय्युहस्-सिद्दीक़ु अफ़्तिना फ़ी सब्अि ब-क़रातिन् सिमानिंय्यअ्कुलुहुन्-न सब्अुन् अिजाफ़ुंव्-व सब्अि सुम्बुलातिन् ख़ुज़्रिंव्-व उ-ख़-र याबिसातिल्-लअ्ल्ली अर्जिअु इलन्नासि लअ्ल्लहुम् यअ्लमून (46)

क़ा-ल तज़्-रअू-न सब्-अ सिनी-न द-अबन् फ़मा हसत्तुम् फ़-ज़रूहु फ़ी सुम्बुलिही

اللّٰهُ بِهَا مِنْ سُلْطٰنٍ ۚ اِنِ الْحُكْمُ اِلَّا
لِلّٰهِ ۚ اَمَرَ اَلَّا تَعْبُدُوْٓا اِلَّآ اِيَّاهُ ۚ ذٰلِكَ
الدِّيْنُ الْقَيِّمُ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ
لَا يَعْلَمُوْنَ ۝٤٠
يٰصَاحِبَيِ السِّجْنِ اَمَّآ اَحَدُكُمَا
فَيَسْقِيْ رَبَّهٗ خَمْرًا ۚ وَاَمَّا الْاٰخَرُ فَيُصْلَبُ
فَتَاْكُلُ الطَّيْرُ مِنْ رَّاْسِهٖ ۚ قُضِيَ الْاَمْرُ
الَّذِيْ فِيْهِ تَسْتَفْتِيٰنِ ۝٤١
وَقَالَ لِلَّذِيْ ظَنَّ اَنَّهٗ نَاجٍ مِّنْهُمَا
اذْكُرْنِيْ عِنْدَ رَبِّكَ ۫ فَاَنْسٰىهُ
الشَّيْطٰنُ ذِكْرَ رَبِّهٖ فَلَبِثَ فِي السِّجْنِ
ع بِضْعَ سِنِيْنَ ۝٤٢
وَقَالَ الْمَلِكُ اِنِّيْٓ اَرٰى سَبْعَ بَقَرٰتٍ
سِمَانٍ يَّاْكُلُهُنَّ سَبْعٌ عِجَافٌ وَّسَبْعَ
سُنْۢبُلٰتٍ خُضْرٍ وَّاُخَرَ يٰبِسٰتٍ ۚ يٰٓاَيُّهَا
الْمَلَاُ اَفْتُوْنِيْ فِيْ رُءْيَايَ اِنْ كُنْتُمْ
لِلرُّءْيَا تَعْبُرُوْنَ ۝٤٣
قَالُوْٓا اَضْغَاثُ اَحْلَامٍ ۚ وَمَا نَحْنُ
بِتَاْوِيْلِ الْاَحْلَامِ بِعٰلِمِيْنَ ۝٤٤
وَقَالَ الَّذِيْ نَجَا مِنْهُمَا وَادَّكَرَ بَعْدَ
اُمَّةٍ اَنَا اُنَبِّئُكُمْ بِتَاْوِيْلِهٖ فَاَرْسِلُوْنِ ۝٤٥
يُوْسُفُ اَيُّهَا الصِّدِّيْقُ اَفْتِنَا فِيْ سَبْعِ
بَقَرٰتٍ سِمَانٍ يَّاْكُلُهُنَّ سَبْعٌ عِجَافٌ
وَّسَبْعِ سُنْۢبُلٰتٍ خُضْرٍ وَّاُخَرَ يٰبِسٰتٍ ۙ
لَّعَلِّيْٓ اَرْجِعُ اِلَى النَّاسِ لَعَلَّهُمْ يَعْلَمُوْنَ ۝٤٦
قَالَ تَزْرَعُوْنَ سَبْعَ سِنِيْنَ دَاَبًا ۚ
فَمَا حَصَدْتُّمْ فَذَرُوْهُ فِيْ سُنْۢبُلِهٖٓ

के काम आए बाक़ी को उसकी बाली ही में रहने देना।

48. फिर उसके बाद सात साल सख़्त आएंगे जो वो सब खा जाएंगे, जो उनके लिए तुमने पहले से इकट्ठा कर रखा होगा सिवाय उस थोड़े हिस्से के जो तुम महफ़ूज़ कर लोगे।

49. फिर उसके बाद एक साल ऐसा आएगा जिसमें बारिश से लोगों की फ़रियाद रसी की जाएगी और उसमें वो रस निचोड़ेंगे"।

50. बादशाह ने कहा, "उसे मेरे पास ले आओ!" मगर जब क़ासिद उसके पास पहुंचा तो उसने कहा कि "अपने आक़ा के पास वापस जाओ, और उससे पूछो कि उन औरतों का क्या हाल है जो अपनी सी तदबीरें करके हार गईं? बेशक मेरा रब उनकी मक्कारी से ख़ूब वाक़िफ़ है"।

व हुवल्लज़ी युह्यी व युमीतु व लहुख़्तिलाफ़ुल्-लैलि वन्नहारि, अ-फ़ला तअ्क़िलून (80)
बल् क़ालू मिस्-ल मा क़ालल्-अव्वलून (81)
क़ालू अ-इज़ा मित्ना व कुन्ना तुराबंव्-व अ़िज़ामन् अ-इन्ना लमब्अूसून (82)
ल-क़द् वुअिद्ना नह्नु व आबाउना हाज़ा मिन् क़ब्लु इन् हाज़ा इल्ला असातीरुल्-अव्वलीन (83)
क़ुल् लि-मनिल्-अर्ज़ु व मन् फ़ीहा इन् कुन्तुम् तअ्लमून (84)
स-यक़ूलू-न लिल्लाहि, क़ुल् अ-फ़ला तज़क्करून (85)
क़ुल् मर्रब्बुस्समावातिस्-सब्अि व रब्बुल्-अर्शिल्-अज़ीम (86)
स यक़ूलू-न लिल्लाहि, क़ुल् अ-फ़ला तत्तक़ून (87)
क़ुल् मम्-बि-यदिही म-लकूतु कुल्लि शैइंव्-व हु-व युजीरु व ला युजारु अलैहि इन् कुन्तुम् तअ्लमून (88)
स-यक़ूलू-न लिल्लाहि, क़ुल् फ़-अन्ना तुस्हरून (89)

وَلَوْ رَحِمْنٰهُمْ وَكَشَفْنَا مَا بِهِمْ مِّنْ ضُرٍّ لَّلَجُّوْا
فِيْ طُغْيَانِهِمْ يَعْمَهُوْنَ ۝٧٥
وَلَقَدْ اَخَذْنٰهُمْ بِالْعَذَابِ فَمَا اسْتَكَانُوْا
لِرَبِّهِمْ وَمَا يَتَضَرَّعُوْنَ ۝٧٦
حَتّٰٓى اِذَا فَتَحْنَا عَلَيْهِمْ بَابًا ذَا عَذَابٍ
شَدِيْدٍ اِذَا هُمْ فِيْهِ مُبْلِسُوْنَ ۝٧٧
وَهُوَ الَّذِيْٓ اَنْشَاَ لَكُمُ السَّمْعَ وَالْاَبْصَارَ
وَالْاَفْـِٕدَةَ ۭ قَلِيْلًا مَّا تَشْكُرُوْنَ ۝٧٨
وَهُوَ الَّذِيْ ذَرَاَكُمْ فِي الْاَرْضِ وَاِلَيْهِ
تُحْشَرُوْنَ ۝٧٩
وَهُوَ الَّذِيْ يُحْيٖ وَيُمِيْتُ وَلَهُ اخْتِلَافُ
الَّيْلِ وَالنَّهَارِ ۭ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ ۝٨٠
بَلْ قَالُوْا مِثْلَ مَا قَالَ الْاَوَّلُوْنَ ۝٨١
قَالُوْٓا ءَاِذَا مِتْنَا وَكُنَّا تُرَابًا وَّعِظَامًا ءَاِنَّا
لَمَبْعُوْثُوْنَ ۝٨٢
لَقَدْ وُعِدْنَا نَحْنُ وَاٰبَاۗؤُنَا هٰذَا مِنْ قَبْلُ
اِنْ هٰذَآ اِلَّآ اَسَاطِيْرُ الْاَوَّلِيْنَ ۝٨٣
قُلْ لِّمَنِ الْاَرْضُ وَمَنْ فِيْهَآ اِنْ كُنْتُمْ
تَعْلَمُوْنَ ۝٨٤
سَيَقُوْلُوْنَ لِلّٰهِ ۭ قُلْ اَفَلَا تَذَكَّرُوْنَ ۝٨٥
قُلْ مَنْ رَّبُّ السَّمٰوٰتِ السَّبْعِ وَرَبُّ
الْعَرْشِ الْعَظِيْمِ ۝٨٦
سَيَقُوْلُوْنَ لِلّٰهِ ۭ قُلْ اَفَلَا تَتَّقُوْنَ ۝٨٧
قُلْ مَنْ بِيَدِهٖ مَلَكُوْتُ كُلِّ شَيْءٍ
وَّهُوَ يُجِيْرُ وَلَا يُجَارُ عَلَيْهِ اِنْ كُنْتُمْ
تَعْلَمُوْنَ ۝٨٨
سَيَقُوْلُوْنَ لِلّٰهِ ۭ قُلْ فَاَنّٰى تُسْحَرُوْنَ ۝٨٩

90. नहीं, बल्कि हम उनके पास हक़ ले.आए हैं, और यक़ीनन वो झूटे हैं।

91. अल्लाह ने अपना कोई बेटा नहीं बनाया, और न उसके साथ कोई माबूद है; ऐसा होता तो हर माबूद अपनी मख़्लूक़ को लेकर अलग हो जाता और उनमें से एक-दूसरे पर चढ़ाई कर देता; अज़ीम व बरतर है अल्लाह, उन बातों से जो वो बयान करते हैं,

92. जाननेवाला है छुपे और खुले का; ग़र्ज़ बालातर है वह उस शिर्क से जो वो करते हैं!

93-94 कहो "ऐ मेरे रब, जिस चीज़ का वादा उनसे किया जा रहा है वह अगर तू मुझे दिखाए, तो मेरे रब, मुझे उन ज़ालिम लोगों में शामिल न करना"।

95. यक़ीनन हमें इसकी क़ुदरत है कि हम जो उनसे वादा कर रहे हैं वह तुम्हें दिखा दें।

96. बुराई को उस तरीक़ा से दफ़ा करो जो सब से बेहतर हो। हम ख़ूब जानते हैं जो कुछ बातें वो बनाते हैं।

97. और कहो "ऐ मेरे रब, मैं शैतान की उकसाहटों से तेरी पनाह मांगता हूं,

98. और मैं इससे भी तेरी पनाह मांगता हूं, मेरे रब, कि वो मेरे पास आएं"।

99. यहां तक कि जब उनमें से किसी को मौत आने लगती है तो वह कहता है, "मेरे रब, मुझे लौटा दे,

100. ताकि जिसको मैं छोड़ आया उसमें अच्छा अमल करूं"। हरगिज़ नहीं, यह तो बस एक बात है जो वह कहेगा; और उनके पीछे से लेकर उस दिन तक जब वो दोबारा उठाए जाएंगे एक रोक लगी हुई है।

101. फिर जब सूर में फूंक मारी जाएगी, तो उस दिन उनके दरमियान रिश्ते बाक़ी न रहेंगे, और न वो एक-दूसरे को पूछेंगे।

102. फिर जिनके नेक आमाल भारी हुए, तो वही हैं जो कामयाब होंगे।

103. रहे वो लोग जिनके आमाल हलके हुए, तो वही हैं जिन्होंने अपने आपको ख़सारा में डाला, वो जहन्नम में हमेशा रहेंगे,

बल् अतैनाहुम् बिल्हक़्क़ि व इन्नहुम् लकाज़िबून (90)

मत्त-खज़ल्लाहु मिंव्व-लदिंव्-व मा का-न म-अहू मिन् इलाहिन् इज़ल् ल-ज़-ह ब कुल्लु इलाहिम्-बिमा ख ल-क़ व ल-अला बअ्ज़ुहुम् अला बअ्ज़िन्, सुब्हानल्लाहि अम्मा यसिफ़ून (91)

आलिमिल्-ग़ैबि वश्शहा-दति फ-तआला अम्मा युश्रिकून (92)●

क़ुर्रब्बि इम्मा तुरियन्नी मा यूअदून (93)

रब्बि फ़ला तज्अल्नी फ़िल् क़ौमिज़्ज़ालिमीन (94)

व इन्ना अला अन् नुरि-य-क मा नअिदुहुम् लक़ादिरून (95)

इद्फ़अ् बिल्लती हि-य अह्सनुस्सय्यि-अ-त, नह्नु अअ्लमु बिमा यसिफ़ून (96)

व क़ुर्रब्बि अऊज़ु बि-क मिन् ह मज़ातिश्-शयातीन (97)

व अऊज़ु बि-क रब्बि अंय्यह्ज़ुरून (98)

हत्ता इज़ा जा अ अ-ह-दहुमुल्-मौतु क़ा ल रब्बिर्जिऊन (99)

लअल्ली अअ्मलु सालिहन् फ़ीमा तरक्तु कल्ला, इन्नहा कलि-मतुन् हु-व क़ाइलुहा, व मिंव्वरा-इहिम् बर्-ज़खुन् इला यौमि युब्असून (100)

फ़ इज़ा नुफ़ि-ख़ फ़िस्सूरि फ़ला अन्सा-ब बैनहुम् यौमइज़िंव्-व ला य-तसा-अलून (101)

फ़-मन् सक़ुलत् मवाज़ीनुहू फ़-उलाइ-क हुमुल्-मुफ़्लिहून (102)

व मन् ख़फ़्फ़त् मवाज़ीनुहू फ़-उलाइ कल्लज़ी-न ख़सिरू अन्फ़ु सहुम् फ़ी जहन्न-म ख़ालिदून (103)

بَلْ اَتَيْنٰهُمْ بِالْحَقِّ وَاِنَّهُمْ لَكٰذِبُوْنَ ۝٩٠
مَا اتَّخَذَ اللّٰهُ مِنْ وَّلَدٍ وَّمَا كَانَ مَعَهٗ
مِنْ اِلٰهٍ اِذًا لَّذَهَبَ كُلُّ اِلٰهٍۢ بِمَا خَلَقَ
وَلَعَلَا بَعْضُهُمْ عَلٰى بَعْضٍ ۭ سُبْحٰنَ اللّٰهِ
عَمَّا يَصِفُوْنَ ۝٩١
عٰلِمِ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ فَتَعٰلٰى عَمَّا
يُشْرِكُوْنَ ۝٩٢
قُلْ رَّبِّ اِمَّا تُرِيَنِّيْ مَا يُوْعَدُوْنَ ۝٩٣
رَبِّ فَلَا تَجْعَلْنِيْ فِي الْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ ۝٩٤
وَاِنَّا عَلٰٓي اَنْ نُّرِيَكَ مَا نَعِدُهُمْ لَقٰدِرُوْنَ ۝٩٥
اِدْفَعْ بِالَّتِيْ هِىَ اَحْسَنُ السَّيِّئَةَ ۭ
نَحْنُ اَعْلَمُ بِمَا يَصِفُوْنَ ۝٩٦
وَقُلْ رَّبِّ اَعُوْذُ بِكَ مِنْ هَمَزٰتِ
الشَّيٰطِيْنِ ۝٩٧
وَاَعُوْذُ بِكَ رَبِّ اَنْ يَّحْضُرُوْنِ ۝٩٨
حَتّٰٓي اِذَا جَاۗءَ اَحَدَهُمُ الْمَوْتُ قَالَ
رَبِّ ارْجِعُوْنِ ۝٩٩
لَعَلِّيْٓ اَعْمَلُ صَالِحًا فِيْمَا تَرَكْتُ كَلَّا ۭ
اِنَّهَا كَلِمَةٌ هُوَ قَاۗىِٕلُهَا ۭ وَمِنْ وَّرَاۗىِٕهِمْ
بَرْزَخٌ اِلٰى يَوْمِ يُبْعَثُوْنَ ۝١٠٠
فَاِذَا نُفِخَ فِي الصُّوْرِ فَلَآ اَنْسَابَ بَيْنَهُمْ
يَوْمَىِٕذٍ وَّلَا يَتَسَاۗءَلُوْنَ ۝١٠١
فَمَنْ ثَقُلَتْ مَوَازِيْنُهٗ فَاُولٰۗىِٕكَ
هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ۝١٠٢
وَمَنْ خَفَّتْ مَوَازِيْنُهٗ فَاُولٰۗىِٕكَ
الَّذِيْنَ خَسِرُوْٓا اَنْفُسَهُمْ فِيْ جَهَنَّمَ
خٰلِدُوْنَ ۝١٠٣

104. आग उनके चेहरों को झुलस देगी और उसमें वो बदशक्ल होकर रहेंगे।

105. "क्या तुम्हें मेरी आयतें सुनाई नहीं जाती थीं, तो तुम उन्हें झुटलाते थे?"

106. वो कहेंगे, "हमारे रब, हमारी बदबख़्ती हमपर ग़ालिब आई, और हम भटके हुए लोग थे।

107. हमारे रब, हमें यहां से निकाल दे! फिर अगर हम, दोबारा ऐसा करें, तो यक़ीनन हम ज़ालिम होंगे"।

108. वह कहेगा, "फिटकमारे हुए ज़लील व ख़्वार इसी में पड़े रहो, और मुझ से बात न करो।

109. मेरे बन्दों में कुछ लोग थे जो कहते थे, 'हमारे रब, हम ईमान ले आए; पस तू हमें बख़्श दे, और हम पर रहम फ़रमा, तू सबसे बेहतर रहम फ़रमाने वाला है।'

110. तो तुमने उनका मज़ाक़ बनाया, यहां तक कि उनके सबब से तुम मेरी याद को भुला बैठे, और तुम उन पर हंसते रहे।

111. आज मैंने उनके सब्र करने का बदला यह अता किया कि वही कामयाब हैं।"

112. वह कहेगा, "तुम ज़मीन में बरसों के हिसाब से कितनी मुद्दत रहे?"

113. वो कहेंगे, "एक दिन, या दिनका कुछ हिस्सा, शुमार करने वालों से पूछ ले।"

114. वह कहेगा, "तुम थोड़े ही ठहरे, काश कि तुम जानते होते।

115. तो क्या तुमने यह समझा था कि हमने तुम्हें बेकार पैदा किया है, और यह कि तुम्हें हमारी तरफ़ लौटना नहीं है?

116. पस बाला व बरतर है अल्लाह, हक़ीक़ी बादशाह! उसके सिवा कोई माबूद नहीं, मालिक है अर्शे करीम का।

117. और जो कोई अल्लाह के साथ किसी दूसरे माबूद को पुकारे, जिसके लिए उसके पास कोई दलील नहीं, तो बस उसका हिसाब उसके

तल्फ़हु वुजू-हहुमुन्नारु व हुम् फ़ीहा कालिहून (104)
अलम् तकुन् आयाती तुत्ला अ़लैकुम् फ़कुन्तुम् बिहा तुकज़्ज़िबून (105)
क़ालू रब्बना ग़-लबत् अ़लैना शिक़्वतुना व कुन्ना क़ौमन् ज़ाल्लीन (106)
रब्बना अख़्रिज्ना मिन्हा फ़-इन् अ़ुद्ना फ़-इन्ना ज़ालिमून (107)
क़ालख़्सऊ फ़ीहा व ला तुकल्लिमून (108)
इन्नहू का-न फ़रीक़ुम् मिन् अ़िबादी यक़ूलू-न रब्बना आमन्ना फ़ग़्फ़िर् लना वर्हम्ना व अन्-त ख़ैरुर्-राहिमीन (109)
फ़त्त-ख़ज़्तुमूहुम् सिख़्रिय्यन् हत्ता अन्सौकुम् ज़िक्री व कुन्तुम् मिन्हुम् तज़्हकून (110)
इन्नी जज़ैतुहुमुल्-यौ-म बिमा स-बरू अन्नहुम् हुमुल्-फ़ाइज़ून (111)
क़ा-ल कम् लबिस्तुम् फ़िल्अर्ज़ि अ़-द-द सिनीन (112)
क़ालू लबिस्ना यौमन् औ बअ्-ज़ यौमिन् फ़स्अलिल्-आ़द्दीन (113)
क़ा-ल इल्लबिस्तुम् इल्ला क़लीलल्-लौ अन्नकुम् कुन्तुम् तअ्लमून (114)
अ-फ़-हसिब्तुम् अन्नमा ख़लक़्नाकुम् अ़-बसंव्-व अन्नकुम् इलैना ला तुर्जअून (115)
फ़-तआ़लल्लाहुल्-मलिकुल्-हक़्क़ु ला इला-ह इल्ला हु व रब्बुल् अ़र्शिल्-करीम (116)
व मंय्यद्अु मअ़ल्लाहि इलाहन् आख़-र ला बुर्हा-न लहू बिही फ़-इन्नमा हिसाबुहू अ़िन्-द रब्बिही, इन्नहू

تَلْفَحُ وُجُوْهَهُمُ النَّارُ وَهُمْ فِيْهَا
كٰلِحُوْنَ ۝۱۰۴
اَلَمْ تَكُنْ اٰيٰتِيْ تُتْلٰى عَلَيْكُمْ فَكُنْتُمْ
بِهَا تُكَذِّبُوْنَ ۝۱۰۵
قَالُوْا رَبَّنَا غَلَبَتْ عَلَيْنَا شِقْوَتُنَا وَكُنَّا
قَوْمًا ضَآلِّيْنَ ۝۱۰۶
رَبَّنَآ اَخْرِجْنَا مِنْهَا فَاِنْ عُدْنَا فَاِنَّا
ظٰلِمُوْنَ ۝۱۰۷
قَالَ اخْسَـُٔوْا فِيْهَا وَلَا تُكَلِّمُوْنِ ۝۱۰۸
اِنَّهٗ كَانَ فَرِيْقٌ مِّنْ عِبَادِيْ يَقُوْلُوْنَ
رَبَّنَآ اٰمَنَّا فَاغْفِرْ لَنَا وَارْحَمْنَا وَاَنْتَ
خَيْرُ الرّٰحِمِيْنَ ۝۱۰۹
فَاتَّخَذْتُمُوْهُمْ سِخْرِيًّا حَتّٰۤى اَنْسَوْكُمْ
ذِكْرِيْ وَكُنْتُمْ مِّنْهُمْ تَضْحَكُوْنَ ۝۱۱۰
اِنِّيْ جَزَيْتُهُمُ الْيَوْمَ بِمَا صَبَرُوْۤا ۙ اَنَّهُمْ
هُمُ الْفَآئِزُوْنَ ۝۱۱۱
قٰلَ كَمْ لَبِثْتُمْ فِى الْاَرْضِ عَدَدَ سِنِيْنَ ۝۱۱۲
قَالُوْا لَبِثْنَا يَوْمًا اَوْ بَعْضَ يَوْمٍ فَسْـَٔلِ
الْعَآدِّيْنَ ۝۱۱۳
قٰلَ اِنْ لَّبِثْتُمْ اِلَّا قَلِيْلًا لَّوْ اَنَّكُمْ كُنْتُمْ
تَعْلَمُوْنَ ۝۱۱۴
اَفَحَسِبْتُمْ اَنَّمَا خَلَقْنٰكُمْ عَبَثًا وَّاَنَّكُمْ
اِلَيْنَا لَا تُرْجَعُوْنَ ۝۱۱۵
فَتَعٰلَى اللّٰهُ الْمَلِكُ الْحَقُّ ۚ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ
رَبُّ الْعَرْشِ الْكَرِيْمِ ۝۱۱۶
وَمَنْ يَّدْعُ مَعَ اللّٰهِ اِلٰهًا اٰخَرَ ۙ لَا بُرْهَانَ
لَهٗ بِهٖ ۙ فَاِنَّمَا حِسَابُهٗ عِنْدَ رَبِّهٖ ۗ اِنَّهٗ

रब के पास है; यक़ीनन काफ़िर कभी फ़लाह पाने के नहीं।

118. और कहो: "मेरे रब, मुझे बख़्श दे और रहम फ़रमा, तू तो सब से बेहतर रहम फ़रमाने वाला है"।

सूरह अन-नूर मदनी

(आयतें 64, रुकूआत 9)

ख़ुदा-ए-रहमान व रहीम के नाम से

1. यह एक अहम सूरह है जिसे हमने उतारा है और इसे हमने फ़र्ज़ किया है; और इसमें हमने वाज़ेह आयतें नाज़िल की हैं, इस तवक़्क़ो पर कि तुम सबक़ हासिल करोगे।

2. ज़ानिया औरत और ज़ानी मर्द, इन दोनों में से हर एक को सौ कोड़े मारो, और अल्लाह के दीन के मुआमले में तुम्हें उनपर तरस न आए अगर तुम अल्लाह और रोज़-ए-आख़िर को मानते हो; और उन्हें सज़ा देते वक़्त मोमिनों में से कुछ लोगों को मौजूद रहना चाहिए।

3. एक ज़ानी किसी ज़ानिया या मुश्रिका से ही तअल्लुक़ पैदा करता और सुहबत करता है और (इसी तरह) एक ज़ानी किसी ज़ानिया या मुश्रिक से ही तअल्लुक़ पैदा करती और सुहबत करती है; और यह तो मोमिनीन पर हराम है।

4. और जो लोग पाक दामन औरतों को तोहमत लगाएं, फिर चार गवाह न लाएं, तो उन्हें अस्सी कोड़े मारो, और कभी भी उनकी गवाही क़बूल न करो वही फ़ासिक़ लोग हैं,

5. सिवाय उन लोगों के जो उसके बाद तौबा कर लें और इसलाह कर लें तो इस सूरत में यक़ीनन अल्लाह बहुत बख़्शने वाला, निहायत रहम वाला है।

6. और जो लोग अपनी बीवियों पर इलज़ाम लगाएं और सिवाय उनकी अपनी ज़ात के उनके लिए गवाह मौजूद न हों, तो उनमें से एक (यानी शौहर) चार शहादतें यह दे कि बख़ुदा वह बिल्कुल सच्चा है,

7. और पांचवीं शहादत यह दे कि अगर वह झूटा हो तो उस पर

ला युफ़्लिहुल्-काफ़िरून (117)

व क़ुर्रब्बिग़्फ़िर् वर्हम् व अन्-त ख़ैरुर्-राहिमीन (118) ●

24 सूरतुन्नूरि
(मदनी) इस सूरः में अरबी के 641 अक्षर, 142 शब्द, 64 आयतें और 9 रुकू हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

सूरतुन् अन्ज़ल्नाहा व फ़रज़्नाहा व अन्ज़ल्ना फ़ीहा आयातिम् बय्यिनातिल् लअ़ल्लकुम् तज़क्करून (1)

अज़्ज़ानि-यतु वज़्ज़ानी फ़ज्लिदू कुल्-ल वाहिदिम्-मिन्हुमा मि-अ-त जल्दतिंव्-व ला तअ्ख़ुज़्कुम् बिहिमा रअ्-फ़तुन् फ़ी दीनिल्लाहि इन् कुन्तुम् तुअ्मिनू-न बिल्लाहि वल्यौमिल्-आख़िरि वल्यश्-हद् अज़ाबहुमा ताइ-फ़तुम् मिनल्-मुअ्मिनीन (2)

अज़्ज़ानी ला यन्किहु इल्ला ज़ानि-यतन् औ मुश्रि-कतंव्- वज़्ज़ानि-यतु ला यन्किहुहा इल्ला ज़ानिन् औ मुश्रिकुन् व हुर्रि-म ज़ालि-क अलल्-मुअ्मिनीन (3)

वल्लज़ी-न यर्मूनल् मुह्सनाति सुम्-म लम् यअ्तू बि-अर्-ब-अ़ति शु-हदा-अ फ़ज्लिदूहुम् समानी-न जल्दतंव्-व ला तक़्बलू लहुम् शहा-दतन् अ-बदन् व उलाइ-क हुमुल्-फ़ासिक़ून (4)

इल्लल्लज़ी-न ताबू मिम्-बअ्दि ज़ालि-क व अस्लहू फ़-इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्रहीम (5)

वल्लज़ी-न यर्मू-न अज़्वाजहुम् व लम् यकुल्लहुम् शु हदा-उ इल्ला अन्फ़ुसुहुम् फ़-शहा-दतु अ-हदिहिम् अर्-बअु शहादातिम्-बिल्लाहि इन्नहू लमिनस्-सादिक़ीन (6)

वल्ख़ामि-सतु अन्-न लअ्-नतल्लाहि अ़लैहि इन्

لَا يُفْلِحُ الْكٰفِرُوْنَ ۝
وَقُلْ رَّبِّ اغْفِرْ وَارْحَمْ وَاَنْتَ
خَيْرُ الرّٰحِمِيْنَ ۝

سُوْرَةُ النُّوْرِ مَدَنِيَّةٌ ۝ اٰيَاتُهَا ٦٤ رُكُوْعَاتُهَا ٩

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝
سُوْرَةٌ اَنْزَلْنٰهَا وَفَرَضْنٰهَا وَاَنْزَلْنَا فِيْهَآ
اٰيٰتٍۢ بَيِّنٰتٍ لَّعَلَّكُمْ تَذَكَّرُوْنَ ۝
اَلزَّانِيَةُ وَالزَّانِيْ فَاجْلِدُوْا كُلَّ وَاحِدٍ
مِّنْهُمَا مِائَةَ جَلْدَةٍ ۪ وَّلَا تَاْخُذْكُمْ بِهِمَا
رَاْفَةٌ فِيْ دِيْنِ اللّٰهِ اِنْ كُنْتُمْ تُؤْمِنُوْنَ
بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ ۚ وَلْيَشْهَدْ عَذَابَهُمَا
طَآئِفَةٌ مِّنَ الْمُؤْمِنِيْنَ ۝
اَلزَّانِيْ لَا يَنْكِحُ اِلَّا زَانِيَةً اَوْ مُشْرِكَةً ۫
وَّالزَّانِيَةُ لَا يَنْكِحُهَآ اِلَّا زَانٍ
اَوْ مُشْرِكٌ ۚ وَحُرِّمَ ذٰلِكَ عَلَى
الْمُؤْمِنِيْنَ ۝
وَالَّذِيْنَ يَرْمُوْنَ الْمُحْصَنٰتِ ثُمَّ لَمْ يَاْتُوْا
بِاَرْبَعَةِ شُهَدَآءَ فَاجْلِدُوْهُمْ ثَمٰنِيْنَ
جَلْدَةً وَّلَا تَقْبَلُوْا لَهُمْ شَهَادَةً اَبَدًا ۚ
وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْفٰسِقُوْنَ ۝
اِلَّا الَّذِيْنَ تَابُوْا مِنْۢ بَعْدِ ذٰلِكَ وَاَصْلَحُوْا ۚ
فَاِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝
وَالَّذِيْنَ يَرْمُوْنَ اَزْوَاجَهُمْ وَلَمْ يَكُنْ
لَّهُمْ شُهَدَآءُ اِلَّآ اَنْفُسُهُمْ فَشَهَادَةُ
اَحَدِهِمْ اَرْبَعُ شَهٰدٰتٍۢ بِاللّٰهِ ۙ اِنَّهٗ لَمِنَ
الصّٰدِقِيْنَ ۝
وَالْخَامِسَةُ اَنَّ لَعْنَتَ اللّٰهِ عَلَيْهِ اِنْ

अल्लाह की लानत हो।

8. बीवी से भी सज़ा को यह बात टाल सकती है कि वह चार शहादतें यह दे कि बख़ुदा वह बिल्कुल झूठा है।

9 और पांचवीं शहादत यह दे कि इस बन्दी पर अल्लाह का ग़ज़ब हो अगर वह (शौहर) सच्चा हो।

10. अगर तुम पर अल्लाह का फ़ज़्ल और उसकी रहमत न होती (तो तुम मुश्किल में पड़ जाते) और यह कि अल्लाह बड़ा तौबा कबूल करनेवाला, निहायत हिकमत वाला है।

11. जो लोग बुहतान घड़ लाए हैं वो तुम्हारे ही अन्दर की एक टोली है; तुम उसे अपने हक़ में बुरा मत समझो; बल्कि वह भी तुम्हारे हक़ में बेहतर ही है। उनमें से हर एक शख़्स के लिए उतना ही हिस्सा है जितना गुनाह उसने कमाया; और उनमें से जिसने उसकी ज़िम्मेदारी का एक बड़ा हिस्सा अपने सर लिया, उसके लिए अज़ाबे अज़ीम है।

12. ऐसा क्यों न हुआ कि जब तुमने उसे सुना था, तो मोमिन मर्द और मोमिन औरतें अपनी आपसे नेक गुमान करते और कहते, "यह तो सरीह बुहतान है?"

13. आख़िर वो इसपर चार गवाह क्यों न लाए? अब जबकि वो गवाह नहीं लाए, तो अल्लाह के नज़दीक वही झूटे हैं।

14. अगर तुमपर दुनिया और आख़िरत में अल्लाह का फ़ज़्ल और उसकी रहमत न होती, तो जिस बात में तुम पड़ गए उसके बाइस तुम्हें एक बड़ा अज़ाब आ लेता।

15. ख़याल करो जब तुम एक-दूसरे से उसे अपनी ज़बानों पर ले रहे थे, और तुम अपने मुंह से वह कुछ कहे जाते थे जिसके बारे में तुम्हें कोई इल्म न था, और तुम उसे एक हलकी बात समझ रहे थे हालांकि अल्लाह के नज़दीक वह एक भारी बात थी।

16. और ऐसा क्यों न हुआ कि जब तुमने उसे सुना था तो कह देते कि "हमारे शायान-ए-शान नहीं कि हम ऐसी बात ज़बान पर लाएं; अज़ीम व बरतर है तू (ऐ अल्लाह!) यह तो एक बड़ा बुहतान है?"

17. अल्लाह तुम्हें नसीहत करता है कि फिर कभी ऐसा न करना, अगर तुम मोमिन हो।

का-न मिनल्-काज़िबीन (7)

व यद्रउ अन्हल्-अज़ा-ब अन् तश्ह-द अर्ब-अ शहादातिम्-बिल्लाहि इन्नहू लमिनल्-काज़िबीन (8)

वल्ख़ामि-स-त अन्-न ग़-जबल्लाहि अलैहा इन् का-न मिनस्-सादिक़ीन (9)

व लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अलैकुम् व रह्मतुहू व अन्नल्ला-ह तव्वाबुन् हकीम (10)●

इन्नल्लज़ी-न जाऊ बिल्-इफ़्कि अुस्बतुम्-मिन्कुम्, ला तह्सबूहु शर्रल्-लकुम्, बल् हु-व ख़ैरुल्-लकुम्, लिकुल्लिम्-रिइम्-मिन्हुम् मक्त-स-ब मिनल्-इस्मि वल्लज़ी तवल्ला किब्रहू मिन्हुम् लहू अज़ाबुन् अज़ीम (11)

लौ ला इज़् समिअ्तुमूहु ज़न्नल्-मुअ्मिनू-न वल्-मुअ्मिनातु बिअन्फ़ुसिहिम् ख़ैरंव्-व क़ालू हाज़ा इफ़्कुम्-मुबीन (12)

लौ ला जाऊ अलैहि बि-अर्-ब-अति शु-हदा-अ फ़-इज़् लम् यअ्तू बिश्शु-हदा-इ फ़-उलाइ-क अिन्दल्लाहि हुमुल्-काज़िबून (13)

व लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अलैकुम् व रह्मतुहू फ़िद्दुन्या वल्-आख़िराति ल-मस्सकुम् फ़ीमा अफ़ज़्तुम् फ़ीहि अज़ाबुन् अज़ीम (14)

इज़् तलक़्क़ौनहू बिअल्सि-नतिकुम् व तक़ूलू-न बिअफ़्वाहिकुम् मा लै-स लकुम् बिही अिल्मुंव्-व तह्सबूनहू हय्यिनंव्-व हु-व अिन्दल्लाहि अज़ीम (15)

व लौ ला इज़् समिअ्तुमूहु क़ुल्तुम् मा यकूनु लना अन् न-तकल्ल-म बिहाज़ा सुब्हान-क हाज़ा बुह्तानुन् अज़ीम (16)

यअिज़ुकुमुल्लाहु अन् तअूदू लिमिस्लिही अ-बदन् इन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (17)

كَانَ مِنَ الْكٰذِبِيْنَ ۝۷
وَيَدْرَؤُا عَنْهَا الْعَذَابَ اَنْ تَشْهَدَ اَرْبَعَ
شَهٰدٰتٍ بِاللّٰهِ ۙ اِنَّهٗ لَمِنَ الْكٰذِبِيْنَ ۝۸
وَالْخَامِسَةَ اَنَّ غَضَبَ اللّٰهِ عَلَيْهَآ اِنْ
كَانَ مِنَ الصّٰدِقِيْنَ ۝۹
وَلَوْلَا فَضْلُ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَتُهٗ
ع وَاَنَّ اللّٰهَ تَوَّابٌ حَكِيْمٌ ۝۱۰
اِنَّ الَّذِيْنَ جَآءُوْ بِالْاِفْكِ عُصْبَةٌ مِّنْكُمْ ۗ
لَا تَحْسَبُوْهُ شَرًّا لَّكُمْ ۗ بَلْ هُوَ خَيْرٌ لَّكُمْ ۗ
لِكُلِّ امْرِئٍ مِّنْهُمْ مَّا اكْتَسَبَ مِنَ الْاِثْمِ ۚ
وَالَّذِيْ تَوَلّٰى كِبْرَهٗ مِنْهُمْ لَهٗ عَذَابٌ عَظِيْمٌ ۝۱۱
لَوْلَآ اِذْ سَمِعْتُمُوْهُ ظَنَّ الْمُؤْمِنُوْنَ
وَالْمُؤْمِنٰتُ بِاَنْفُسِهِمْ خَيْرًا ۙ وَّقَالُوْا
هٰذَآ اِفْكٌ مُّبِيْنٌ ۝۱۲
لَوْلَا جَآءُوْ عَلَيْهِ بِاَرْبَعَةِ شُهَدَآءَ ۚ
فَاِذْ لَمْ يَاْتُوْا بِالشُّهَدَآءِ فَاُولٰٓئِكَ
عِنْدَ اللّٰهِ هُمُ الْكٰذِبُوْنَ ۝۱۳
وَلَوْلَا فَضْلُ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَتُهٗ فِي
الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ لَمَسَّكُمْ فِيْ مَآ اَفَضْتُمْ
فِيْهِ عَذَابٌ عَظِيْمٌ ۝۱۴
اِذْ تَلَقَّوْنَهٗ بِاَلْسِنَتِكُمْ وَتَقُوْلُوْنَ
بِاَفْوَاهِكُمْ مَّا لَيْسَ لَكُمْ بِهٖ عِلْمٌ وَّتَحْسَبُوْنَهٗ
هَيِّنًا ۖ وَّهُوَ عِنْدَ اللّٰهِ عَظِيْمٌ ۝۱۵
وَلَوْلَآ اِذْ سَمِعْتُمُوْهُ قُلْتُمْ مَّا يَكُوْنُ لَنَآ اَنْ
نَّتَكَلَّمَ بِهٰذَا ۖ سُبْحٰنَكَ هٰذَا بُهْتَانٌ عَظِيْمٌ ۝۱۶
يَعِظُكُمُ اللّٰهُ اَنْ تَعُوْدُوْا لِمِثْلِهٖٓ اَبَدًا اِنْ
كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ۝۱۷

18. अल्लाह तो आयतों को तुम्हारे लिए खोल-खोल कर बयान करता है; अल्लाह तो सब कुछ जानने वाला, हिकमत वाला है।

19. जो लोग चाहते हैं कि उन लोगों में जो ईमान लाए हैं बेहयाई फैले, उनके लिए दर्दनाक अज़ाब है दुनिया में भी और आख़िरत में भी, और अल्लाह जानता है, और तुम नहीं जानते।

20. और अगर अल्लाह का फ़ज़्ल ओर उसकी रहमत तुम पर न होती; (तो लाज़िमन तुम तबाह होकर रहते) और यह कि अल्लाह बड़ा शफ़ीक़, निहायत रहम वाला है।

21. ऐ लोगो जो ईमान लाए हो, शैतान के नुक़ूश-ए-क़दम की पैरवी न करो, जो कोई शैतान के नुक़ूश-ए-क़दम की पैरवी करेगा, तो वह तो उसे बेहयाई और बुराई का हुक्म देगा। और अल्लाह का फ़ज़्ल और उसकी रहमत तुम पर न होती तो तुम में से किसी का भी तज़्किया न होता; मगर अल्लाह जिसे चाहता है बालीदगी बख़्शता है। अल्लाह सब कुछ सुनता, जानता है।

22. तुम में जो साहिब-ए-फ़ज़्ल और साहिब-ए-मक़दिरत हैं वो क़राबत दारों, मिसकीनों और अल्लाह की राह में घर-बार छोड़ने वालों को देने से बाज़ रहने की क़सम न खा बैठें; उन्हें चाहिए कि माफ़ कर दें और उनसे दरगुज़र करें। क्या तुम यह नहीं चाहते कि अल्लाह तुम्हें बख़्श दे; अल्लाह बहुत बख़्शने वाला, निहायत रहम वाला है।

23. बेशक जो लोग शरीफ़, पाक दामन भोली-भाली बेख़बर मोमिन औरतों पर तोहमत लगाते हैं उनपर दुनिया और आख़िरत में लानत है; और उनके लिए एक बड़ा अज़ाब है।

24. जिस दिन उनकी ज़बानें, और उनके हाथ, और उनके पांव उनके ख़िलाफ़ उसकी गवाही देंगे जो कुछ वो करते रहे थे।

25. उस दिन अल्लाह उन्हें उनका ठीक बदला जिसके वो मुसतहिक़ हैं पूरी तरह दे देगा, और वो जान लेंगे कि बेशक अल्लाह हक़ है, वाज़ेह कर देने वाला।

26. गंदी बातें गन्दे लोगों के लिए हैं। और गन्दे लोग गंदी बातों के लिए,

व युबय्यिनुल्लाहु लकुमुल-आयाति, वल्लाहु अ़लीमुन् हकीम (18)

इन्नल्लज़ी-न युहिब्बू-न अन् तशीअ़ल्-फ़ाहि-शतु फ़िल्लज़ी-न आमनू लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीमुन् फ़िद्दुन्या वल्-आख़िरति, वल्लाहु यअ़्लमु व अन्तुम् ला तअ़्लमून (19)

व लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अ़लैकुम् व रह्मतुहू व अन्नल्ला-ह रऊफ़ुर्-रहीम ● (20) ●

या अय्युहल्लज़ी-न आमनू ला तत्तबिअू ख़ुतुवातिश्शैतानि, व मंय्यत्तबिअ् ख़ुतुवातिश्शैतानि फ़-इन्नहू यअ्मुरु बिल्फ़ह्शा-इ वल्मुन्करि, व लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अ़लैकुम् व रह्मतुहू मा ज़का मिन्कुम् मिन् अ-हदिन् अ-बदंव्-व लाकिन्नल्ला-ह युज़क्की मंय्यशा-उ, वल्लाहु समीअुन् अ़लीम (21)

व ला यअ्तलि उलुल्-फ़ज़्लि मिन्कुम् वस्स-अति अंय्युअ्तू उलिल्-क़ुर्बा वल्मसाकी-न वल्मुहाजिरी-न फ़ी सबीलिल्लाहि वल्-यअ़्फ़ू वल्-यस्फ़हू, अला तुहिब्बू-न अंय्यग़्फ़िरल्लाहु लकुम्, वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीम (22)

इन्नल्लज़ी-न यरमूनल्-मुह्सनातिल्-ग़ाफ़िलातिल्-मुअ्मिनाति लुअ़िनू फ़िद्दुन्या वल्-आख़िरति व लहुम् अ़ज़ाबुन् अ़ज़ीम (23)

यौ-म तश्-हदु अ़लैहिम् अल्सि-नतुहुम् व ऐदीहिम् व अर्जुलुहुम् बिमा कानू यअ़्मलून (24)

यौमइज़िंय्-युवफ़्फ़ीहिमुल्लाहु दीनहुमुल्-हक़्-क़ व यअ़्लमू-न अन्नल्ला-ह हुवल्-हक़्क़ुल्-मुबीन (25)

अल्ख़बीसातु लिल्ख़बीसी-न वल्ख़बीसू-न

وَيُبَيِّنُ اللّٰهُ لَكُمُ الْاٰيٰتِ ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ
حَكِيْمٌ ۝١٨
اِنَّ الَّذِيْنَ يُحِبُّوْنَ اَنْ تَشِيْعَ الْفَاحِشَةُ
فِي الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۙ
فِي الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ ۭ وَاللّٰهُ يَعْلَمُ
وَاَنْتُمْ لَا تَعْلَمُوْنَ ۝١٩
وَلَوْلَا فَضْلُ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَتُهٗ
وَاَنَّ اللّٰهَ رَءُوْفٌ رَّحِيْمٌ ۝٢٠
يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَتَّبِعُوْا خُطُوٰتِ
الشَّيْطٰنِ ۭ وَمَنْ يَّتَّبِعْ خُطُوٰتِ الشَّيْطٰنِ
فَاِنَّهٗ يَاْمُرُ بِالْفَحْشَاۗءِ وَالْمُنْكَرِ ۭ وَلَوْلَا
فَضْلُ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَتُهٗ مَا زَكٰى مِنْكُمْ
مِّنْ اَحَدٍ اَبَدًا ۙ وَّلٰكِنَّ اللّٰهَ يُزَكِّيْ مَنْ
يَّشَاۗءُ ۭ وَاللّٰهُ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ۝٢١
وَلَا يَاْتَلِ اُولُوا الْفَضْلِ مِنْكُمْ وَالسَّعَةِ
اَنْ يُّؤْتُوْٓا اُولِي الْقُرْبٰى وَالْمَسٰكِيْنَ
وَالْمُهٰجِرِيْنَ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ڛ وَلْيَعْفُوْا
وَلْيَصْفَحُوْا ۭ اَلَا تُحِبُّوْنَ اَنْ يَّغْفِرَ اللّٰهُ لَكُمْ ۭ
وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝٢٢
اِنَّ الَّذِيْنَ يَرْمُوْنَ الْمُحْصَنٰتِ الْغٰفِلٰتِ
الْمُؤْمِنٰتِ لُعِنُوْا فِي الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ ۠ وَلَهُمْ
عَذَابٌ عَظِيْمٌ ۝٢٣
يَّوْمَ تَشْهَدُ عَلَيْهِمْ اَلْسِنَتُهُمْ وَاَيْدِيْهِمْ
وَاَرْجُلُهُمْ بِمَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ۝٢٤
يَوْمَىِٕذٍ يُّوَفِّيْهِمُ اللّٰهُ دِيْنَهُمُ الْحَقَّ
وَيَعْلَمُوْنَ اَنَّ اللّٰهَ هُوَ الْحَقُّ الْمُبِيْنُ ۝٢٥
اَلْخَبِيْثٰتُ لِلْخَبِيْثِيْنَ وَالْخَبِيْثُوْنَ

और अच्छी बातें अच्छे लोगों के लिए हैं और अच्छे लोग अच्छी बातों के लिए। ये लोग उन बातों से बरी हैं जो वो कह रहे हैं; उनके लिए मग़फ़िरत और बाइज़्ज़त रिज़्क़ है।

27. ऐ लोगो जो ईमान लाए हो, अपने घरों के सिवा दूसरे घरों में दाख़िल न हुआ करो जब तक कि रिज़ामन्दी हासिल न कर लो और उन घर वालों को सलाम न कर लो; यही तुम्हारे लिए बेहतर है; शायद कि तुम ख़याल रखो।

28. फिर अगर उनमें किसी को न पाओ, तो उनमें दाख़िल न हो जब तक कि तुम्हें इजाज़त हासिल न हो। और अगर तुमसे कहा जाए कि वापस हो जाओ; तो वापस हो जाओ; यही तुम्हारे लिए ज़्यादा उमदा बात है; अल्लाह ख़ूब जानता है जो कुछ तुम करते हो।

29. इसमें तुम्हारे लिए कोई हर्ज नहीं है कि तुम ऐसे ग़ैर रिहाइशी घरों में दाख़िल हो जिनमें तुम्हारी फ़ायदे की कोई चीज़ हो। अल्लाह जानता है जो कुछ तुम ज़ाहिर करते हो और जो कुछ छुपाते हो।

30. मोमिन मर्दों से कह दो कि अपनी निगाहें नीची रखें और अपनी शर्मगाहों की हिफ़ाज़त करें; यही उनके लिए ज़्यादा उमदा बात है। अल्लाह को उसकी पूरी ख़बर रहती है जो कुछ वो किया करते हैं।

31. और मोमिन औरतों से कहो कि वो भी अपनी निगाहें नीची रखें और अपनी शर्मगाहों की हिफ़ाज़त करें; और अपनी ज़ीनत ज़ाहिर न करें, उसकी बात दूसरी है जो नागुज़ीर तौरपर ज़ाहिर हो जाए; और अपने गिरेबानों पर अपने दुपट्टे डाले रहें, और अपनी ज़ीनत किसी पर ज़ाहिर न करें सिवाय अपने शौहरों के, या अपने बापों के, या अपने शौहरों के बापों के, या अपने बेटों के, या अपने शौहरों के बेटों के या अपने भाइयों के, या अपने भतीजों के या अपने भांजों के या अपनी तअल्लुक़ की औरतों के, या जो उनकी अपनी मिल्क में हों उनके, या ज़ेरे दस्त मर्दों या उनके जो औरत की ज़रूरत की उम्र से निकल चुके हों, या उन बच्चों के जो औरतों की पर्दे की बातों से वाकिफ़

लिल्ख़बीसाति वत्तय्यिबातु लित्तय्यिबी-न वत्तय्यिबू-न लित्तय्यिबाति उलाइ-क मुबर्रऊ-न मिम्मा यक़ूलू-न, लहुम् मग्फ़ि-रतुंव्-व रिज़्क़ुन् करीम (26) ●

या अय्युहल्लज़ी-न आमनू ला तद्ख़ुलू बुयूतन् ग़ै-र बुयूतिकुम् हत्ता तस्तअ्निसू व तुसल्लिमू अ़ला अह़्लिहा, ज़ालिकुम् ख़ैरुल्-लकुम् लअ़ल्लकुम् तज़क्करून (27)

फ़-इल्लम् तजिदू फ़ीहा अ-हदन् फ़ला तद्ख़ुलूहा हत्ता युअ्-ज़-न लकुम् व इन् क़ी-ल लकुमुर्जिअू फ़र्जिअू हु-व अज़्का लकुम्, वल्लाहु बिमा तअ्मलू-न अ़लीम (28)

लै-स अ़लैकुम् जुनाहुन् अन् तद्ख़ुलू बुयूतन् ग़ै-र मस्कूनतिन् फ़ीहा मताअुल्-लकुम्, वल्लाहु यअ्लमु मा तुब्दू-न व मा तक्तुमून (29)

क़ुल् लिल्-मुअ्मिनी-न यग़ुज़्ज़ू मिन् अब्सारिहिम् व यह़्फ़ज़ू फ़ुरू-जहुम्, ज़ालि-क अज़्का लहुम्, इन्नल्ला-ह ख़बीरुम्-बिमा यस्नअून (30)

व क़ुल् लिल्-मुअ्मिनाति यग़्ज़ुज़्-न मिन् अब्सारिहिन्-न व यह़्फ़ज़्-न फ़ुरू-जहुन्-न व ला युब्दी-न ज़ीन-तहुन्-न इल्ला मा ज़-ह-र मिन्हा वल्यज़्रिब्-न बिख़ुमुरिहिन्-न अ़ला जुयूबिहिन्-न व ला युब्दी-न ज़ीन-तहुन्-न इल्ला लिबुअू-लतिहिन्-न औ आबाइ-हिन्-न औ आबाइ-बुअू-लतिहिन्-न औ अब्नाइ-हिन्-न औ अब्ना-इ बुअू-लतिहिन्-न औ इख़्वानिहिन्-न औ बनी इख़्वानिहिन्-न औ बनी अ-ख़वातिहिन्-न औ निसाइ-हिन्-न औ मा म-लकत् ऐमानुहुन्-न अवित्ताबिअ़ी-न ग़ैरि

لِلْخَبِيْثٰتِ ۚ وَالطَّيِّبٰتُ لِلطَّيِّبِيْنَ
وَالطَّيِّبُوْنَ لِلطَّيِّبٰتِ ۚ اُولٰٓئِكَ مُبَرَّءُوْنَ
مِمَّا يَقُوْلُوْنَ ۖ لَهُمْ مَّغْفِرَةٌ وَّ رِزْقٌ
كَرِيْمٌ ﴿٢٦﴾
يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَدْخُلُوْا بُيُوْتًا
غَيْرَ بُيُوْتِكُمْ حَتّٰى تَسْتَاْنِسُوْا وَتُسَلِّمُوْا
عَلٰٓى اَهْلِهَا ۚ ذٰلِكُمْ خَيْرٌ لَّكُمْ لَعَلَّكُمْ
تَذَكَّرُوْنَ ﴿٢٧﴾
فَاِنْ لَّمْ تَجِدُوْا فِيْهَآ اَحَدًا فَلَا تَدْخُلُوْهَا
حَتّٰى يُؤْذَنَ لَكُمْ ۚ وَاِنْ قِيْلَ لَكُمُ ارْجِعُوْا
فَارْجِعُوْا هُوَ اَزْكٰى لَكُمْ ۚ وَاللّٰهُ بِمَا
تَعْمَلُوْنَ عَلِيْمٌ ﴿٢٨﴾
لَيْسَ عَلَيْكُمْ جُنَاحٌ اَنْ تَدْخُلُوْا بُيُوْتًا
غَيْرَ مَسْكُوْنَةٍ فِيْهَا مَتَاعٌ لَّكُمْ ۚ وَاللّٰهُ
يَعْلَمُ مَا تُبْدُوْنَ وَمَا تَكْتُمُوْنَ ﴿٢٩﴾
قُلْ لِّلْمُؤْمِنِيْنَ يَغُضُّوْا مِنْ اَبْصَارِهِمْ
وَيَحْفَظُوْا فُرُوْجَهُمْ ۚ ذٰلِكَ اَزْكٰى لَهُمْ ۚ
اِنَّ اللّٰهَ خَبِيْرٌۢ بِمَا يَصْنَعُوْنَ ﴿٣٠﴾
وَقُلْ لِّلْمُؤْمِنٰتِ يَغْضُضْنَ مِنْ
اَبْصَارِهِنَّ وَيَحْفَظْنَ فُرُوْجَهُنَّ
وَلَا يُبْدِيْنَ زِيْنَتَهُنَّ اِلَّا مَا ظَهَرَ مِنْهَا
وَلْيَضْرِبْنَ بِخُمُرِهِنَّ عَلٰى جُيُوْبِهِنَّ ۖ
وَلَا يُبْدِيْنَ زِيْنَتَهُنَّ اِلَّا لِبُعُوْلَتِهِنَّ
اَوْ اٰبَآئِهِنَّ اَوْ اٰبَآءِ بُعُوْلَتِهِنَّ اَوْ اَبْنَآئِهِنَّ
اَوْ اَبْنَآءِ بُعُوْلَتِهِنَّ اَوْ اِخْوَانِهِنَّ اَوْ بَنِيْٓ
اِخْوَانِهِنَّ اَوْ بَنِيْٓ اَخَوٰتِهِنَّ اَوْ نِسَآئِهِنَّ
اَوْ مَا مَلَكَتْ اَيْمَانُهُنَّ اَوِ التّٰبِعِيْنَ غَيْرِ

न हों; और वो अपने पांव ज़मीन पर मार कर न चलें कि अपनी जो ज़ीनत छुपा रखी हो वह मालूम हो जाए। ऐ लोगो जो ईमान लाए हो, तुम सबके सब अल्लाह से तौबा करो, ताकि तुम्हें कामयाबी हासिल हो।

32. तुम में जो मुजर्रद (बेनिकाह) हों और तुम्हारे ग़ुलामों और तुम्हारी लौन्डियों में जो नेक और लायक़ हों उनके निकाह कर दो, अगर वो ग़रीब होंगे, तो अल्लाह अपने फ़ज़्ल से उन्हें ग़नी (खुशहाल) कर देगा। अल्लाह बड़ी वुसअतवाला, सब कुछ जाननेवाला है।

33. और जो निकाह का मौक़ा न पा रहे हों उन्हें चाहिए कि पाक दामनी इख़्तियार किए रहें यहां तक कि अल्लाह अपने फ़ज़्ल से उन्हें खुशहाल कर दे। और जो लोग तुम्हारी मिल्क में हों उनमें से जो अफ़राद मुकातबत के तालिब हों उनसे मुकातबत कर लो, अगर तुम्हें मालूम हो कि उनके अन्दर भलाई है; और उन्हें अल्लाह के माल में से दो जो तुम्हें उसने अता किया है। और अपनी लौन्डियों को कुछ दुनियावी ज़िन्दगी के सामान की तलब में बदकारी पर मजबूर न करो, जब कि वो पाक दामन रहना चाहती हों। और जो कोई उन्हें इसके लिए मजबूर करेगा, तो यक़ीनन अल्लाह उनकी बेबसी के बाद, बख़्शने वाला, निहायत रहम फ़रमाने वाला है।

34. हमने तुम्हारी तरफ़ रौशन आयतें नाज़िल कर दी हैं और उन लोगों की मिसाल भी पेश कर दी है जो तुम से पहले गुज़रे हैं, और डर रखनेवालों के लिए नसीहत भी।

35. अल्लाह आसमानों और ज़मीन की रौशनी है; उसकी रौशनी की मिसाल ऐसी है जैसे एक ताक़ है जिसमें एक चिराग़ है — वह चिराग़ एक फ़ानूस में है, वह फ़ानूस ऐसा है गोया चमकता हुआ कोई तारा है — वह चिराग़ एक बाबरकत दरख़्त ज़ैतून के रौग़न से जलाया जाता है जो न शरक़ी (पूर्वी) है न ग़रबी (पश्चिमी), उसका रौग़न आप ही आप भड़क पड़ता है, अगरचे आग उसे न भी छुए; रौशनी पर रौशनी। अल्लाह अपने नूर की हिदायत जिसे चाहता है बख़्शता है। अल्लाह लोगों के लिए मिसाल पेश करता है, अल्लाह तो हर चीज़ जानता है।

उलिल्-इर्बति मिनर्-रिजालि अवित्-तिफ़्लिल्लज़ी-न लम् यज़्हरू अ़ला औरातिन्निसा-इ व ला यज़्रिब्-न बि-अर्जुलिहिन्-न लियुअ़्-ल-म मा युख़्फ़ी-न मिन् ज़ीनतिहिन्-न, व तूबू इलल्लाहि जमीअ़न् अय्युहल्-मुअ्मिनू-न लअ़ल्लकुम् तुफ़्लिहून (31)

व अन्किहुल्-अयामा मिन्कुम् वस्सालिही-न मिन् अ़िबादिकुम् व इमा-इकुम्, इंय्यकूनू फ़ु-करा-अ युग़्निहिमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही, वल्लाहु वासिअ़ुन् अ़लीम (32)

वल्-यस्तअ़्फ़िफ़िल्लज़ी-न ला यजिदू-न निकाहन् हत्ता युग़्नि-यहुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही, वल्लज़ी-न यब्तग़ूनल्-किता-ब मिम्मा म-लकत् ऐमानुकुम् फ़कातिबूहुम् इन् अ़लिम्तुम् फ़ीहिम् ख़ैरंव्-व आतूहुम् मिम्-मालिल्लाहिल्लज़ी आताकुम्, व ला तुक्रिहू फ़-तयातिकुम् अ़लल्बिग़ा-इ इन् अरद्-न त-हस्सुनल्-लितब्तग़ू अ़-रज़ल्-हयातिद्दुन्या, व मंय्युक्रिहहुन्-न फ़-इन्नल्ला-ह मिम्-बअ़्दि इक्राहिहिन्-न ग़फ़ूरुर्-रहीम (33)

व ल-क़द् अन्ज़ल्ना इलैकुम् आयातिम्-मुबय्यिनातिंव्-व म-सलम्-मिनल्लज़ी-न ख़लौ मिन् क़ब्लिकुम् व मौअ़ि-ज़तल्-लिल्मुत्तक़ीन (34) ●

अल्लाहु नूरुस्समावाति वल्अर्ज़ि, म-सलु नूरिही कमिश्कातिन् फ़ीहा मिस्बाहुन्, अल्-मिस्बाहु फ़ी ज़ुजाजतिन्, अज़्ज़ुजा-जतु क-अन्नहा कौकबुन् दुर्रिय्युंय्यू-क़दु मिन् श-ज-रतिम् मुबा-र-कतिन् ज़ैतूनतिल् ला शर्क़िय्यतिंव् व ला ग़र्बिय्यतिंय्-यकादु ज़ैतुहा युज़ी-उ व लौ लम् तम्सस्हु नारुन्, नूरुन् अ़ला नूरिन्, यह्दिल्लाहु लिनूरिही मंय्यशा-उ, व यज़्रिबुल्लाहुल्-अम्सा-ल लिन्नासि, वल्लाहु बिकुल्लि शैइन् अ़लीम (35)

أُولِي الْإِرْبَةِ مِنَ الرِّجَالِ أَوِ الطِّفْلِ
الَّذِينَ لَمْ يَظْهَرُوا عَلَىٰ عَوْرَاتِ النِّسَاءِ
وَلَا يَضْرِبْنَ بِأَرْجُلِهِنَّ لِيُعْلَمَ مَا يُخْفِينَ
مِنْ زِينَتِهِنَّ ۚ وَتُوبُوا إِلَى اللَّهِ جَمِيعًا
أَيُّهَ الْمُؤْمِنُونَ لَعَلَّكُمْ تُفْلِحُونَ ۝٣١
وَأَنْكِحُوا الْأَيَامَىٰ مِنْكُمْ وَالصَّالِحِينَ مِنْ
عِبَادِكُمْ وَإِمَائِكُمْ ۚ إِنْ يَكُونُوا فُقَرَاءَ يُغْنِهِمُ
اللَّهُ مِنْ فَضْلِهِ ۗ وَاللَّهُ وَاسِعٌ عَلِيمٌ ۝٣٢
وَلْيَسْتَعْفِفِ الَّذِينَ لَا يَجِدُونَ نِكَاحًا حَتَّىٰ
يُغْنِيَهُمُ اللَّهُ مِنْ فَضْلِهِ ۗ وَالَّذِينَ يَبْتَغُونَ
الْكِتَابَ مِمَّا مَلَكَتْ أَيْمَانُكُمْ فَكَاتِبُوهُمْ إِنْ
عَلِمْتُمْ فِيهِمْ خَيْرًا ۖ وَآتُوهُمْ مِنْ مَالِ
اللَّهِ الَّذِي آتَاكُمْ ۚ وَلَا تُكْرِهُوا فَتَيَاتِكُمْ
عَلَى الْبِغَاءِ إِنْ أَرَدْنَ تَحَصُّنًا لِتَبْتَغُوا عَرَضَ
الْحَيَاةِ الدُّنْيَا ۚ وَمَنْ يُكْرِهْهُنَّ فَإِنَّ اللَّهَ
مِنْ بَعْدِ إِكْرَاهِهِنَّ غَفُورٌ رَحِيمٌ ۝٣٣
وَلَقَدْ أَنْزَلْنَا إِلَيْكُمْ آيَاتٍ مُبَيِّنَاتٍ وَمَثَلًا
مِنَ الَّذِينَ خَلَوْا مِنْ قَبْلِكُمْ
وَمَوْعِظَةً لِلْمُتَّقِينَ ۝٣٤
اللَّهُ نُورُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ ۚ مَثَلُ نُورِهِ
كَمِشْكَاةٍ فِيهَا مِصْبَاحٌ ۖ الْمِصْبَاحُ فِي
زُجَاجَةٍ ۖ الزُّجَاجَةُ كَأَنَّهَا كَوْكَبٌ دُرِّيٌّ
يُوقَدُ مِنْ شَجَرَةٍ مُبَارَكَةٍ زَيْتُونَةٍ لَا شَرْقِيَّةٍ
وَلَا غَرْبِيَّةٍ يَكَادُ زَيْتُهَا يُضِيءُ وَلَوْ لَمْ
تَمْسَسْهُ نَارٌ ۚ نُورٌ عَلَىٰ نُورٍ ۗ يَهْدِي اللَّهُ
لِنُورِهِ مَنْ يَشَاءُ ۚ وَيَضْرِبُ اللَّهُ الْأَمْثَالَ
لِلنَّاسِ ۗ وَاللَّهُ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيمٌ ۝٣٥

36. — उन घरों में जिनको बुलन्द करने और जिनमें अपने नाम के ज़िक्र का अल्लाह ने हुक्म दिया है; उनमें ऐसे लोग सुबह और शाम उसकी तसबीह करते हैं,

37 जिन्हें अल्लाह की याद और नमाज़ क़ायम करने, और ज़कात देने से न तिजारत ग़ाफ़िल करती है और न ख़रीद व फ़रोख़्त, वो उस दिन से डरते रहते हैं जिसमें दिल और आंखें मुज़तरिब होंगी,

38. ताकि अल्लाह उन्हें जज़ा दे उनके अच्छे से अच्छे कामों का और अपने फ़ज़्ल से उन्हें मज़ीद नवाज़े; अल्लाह जिसे चाहता है बेहिसाब देता है।

39. रहे वो लोग जिन्होंने कुफ़्र किया, उनके आमाल चटयल सहरा में सराब की तरह हैं कि प्यासा उसे पानी समझता है, यहां तक कि जब वह उसके पास पहुंचा तो उसे कुछ भी न पाया; अलबत्ता अल्लाह ही को उसके पास पाया, जिसने उसका हिसाब पूरा-पूरा चुका दिया। और अल्लाह जल्द हिसाब चुकानेवाला है।

40. या फिर जैसे एक गहरे समुंदर में तारीकियां, मौज के ऊपर मौज छा रही है उसके ऊपर बादल है, तह-ब-तह तारीकियां जमा हैं; जब वह (उनमें घिरा हुआ शख़्स) अपना हाथ निकाले, तो वह सुझाई देता मालूम न हो, जिसे अल्लाह रौशनी न दे उसके लिए फिर कोई रौशनी नहीं।

41. क्या तुमने नहीं देखा कि जो कोई भी आसमानों और ज़मीन में है अल्लाह की तसबीह कर रहा है? और पर फैलाए हुए परिन्दे भी। हर एक अपनी नमाज़ और तसबीह से वाक़िफ़ है; अल्लाह ख़ूब जानता है जो कुछ वो करते हैं।

42. अल्लाह ही की है आसमानों और ज़मीन में बादशाही, और अल्लाह ही की तरफ़ लौट कर जाना है।

43. क्या तुमने नहीं देखा कि अल्लाह बादल को चलाता है? फिर उनको (यानी उसके टुकड़ों को) आपस में मिलाता है फिर उसे तह-ब-तह करता है, फिर तुम देखते हो कि उसके बीच से मेंह बरसता है। और आसमान से — उसमें जो पहाड़

फ़ी बुयूतिन् अज़िनल्लाहु अन् तुर्-फ़-अ व युज़्क-र फ़ीहस्मुहू युसब्बिहु लहू फ़ीहा बिल्-ग़ुदुव्वि वल्-आसाल (36)

रिजालुल् ला तुल्हीहिम् तिजा-रतुव् व ला बैउन् अन् ज़िक्रिल्लाहि व इक़ामिस्सलाति व ईताइज़्ज़काति यख़ाफ़ू-न यौमन् त-तक़ल्लबु फ़ीहिल्-क़ुलूबु वल्-अब्सार (37)

लियज्ज़ि-यहुमुल्लाहु अह्स-न मा अमिलू व यज़ी-दहुम् मिन् फ़ज़्लिही, वल्लाहु यर्ज़ुक़ु मंय्यशा-उ बिग़ैरि हिसाब (38)

वल्लज़ी-न क-फ़रू अअ्मालुहुम् क-सराबिम् बिक़ी-अतिंय्-यह्सबुहुज़्-ज़म्आनु मा-अन् हत्ता, इज़ा जा-अहू लम् यजिद्हु शैअंव्-व व-जदल्ला-ह अिन्दहू फ़-वफ़्फ़ाहु हिसा-बहू, वल्लाहु सरीअुल्-हिसाब (39)

औ क-ज़ुलुमातिन् फ़ी बह्रिल् लुज्जिय्यिंय्-यग्शाहु मौजुम्-मिन् फ़ौक़िही मौजुम्-मिन् फ़ौक़िही सहाबुन्, ज़ुलुमातुम्-बअ्ज़ुहा फ़ौ-क़ बअ्ज़िन्, इज़ा अख़्र-ज य-दहू लम् य-कद् यराहा, व मल्लम् यज्अलिल्लाहु लहू नूरन् फ़मा लहू मिन्-नूर (40) •

अलम् त-र अन्नल्ला-ह युसब्बिहु लहू मन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि वत्तैरु साफ़्फ़ातिन्, कुल्लुन् क़द् अलि-म सला-तहू व तस्बी-हहू, वल्लाहु अलीमुम् बिमा यफ़्अलून (41)

व लिल्लाहि मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि व इलल्लाहिल्-मसीर (42)

अलम् त-र अन्नल्ला-ह युज़्जी सहाबन् सुम्-म युअल्लिफ़ु बैनहू सुम्-म यज्अलुहू रुकामन् फ़-तरल् वद्-क़

فِيْ بُيُوْتٍ اَذِنَ اللّٰهُ اَنْ تُرْفَعَ وَ يُذْكَرَ
فِيْهَا اسْمُهٗ ۙ يُسَبِّحُ لَهٗ فِيْهَا بِالْغُدُوِّ
وَالْاٰصَالِ ۙ﴿۳۶﴾
رِجَالٌ ۙ لَّا تُلْهِيْهِمْ تِجَارَةٌ وَّلَا بَيْعٌ
عَنْ ذِكْرِ اللّٰهِ وَاِقَامِ الصَّلٰوةِ وَ اِيْتَآءِ
الزَّكٰوةِ ۙ يَخَافُوْنَ يَوْمًا تَتَقَلَّبُ فِيْهِ
الْقُلُوْبُ وَ الْاَبْصَارُ ﴿۳۷﴾
لِيَجْزِيَهُمُ اللّٰهُ اَحْسَنَ مَا عَمِلُوْا وَيَزِيْدَهُمْ
مِّنْ فَضْلِهٖ ؕ وَاللّٰهُ يَرْزُقُ مَنْ يَّشَآءُ
بِغَيْرِ حِسَابٍ ﴿۳۸﴾
وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْۤا اَعْمَالُهُمْ كَسَرَابٍ
بِقِيْعَةٍ يَّحْسَبُهُ الظَّمْاٰنُ مَآءً ؕ حَتّٰۤى اِذَا جَآءَهٗ
لَمْ يَجِدْهُ شَيْـًٔا وَّوَجَدَ اللّٰهَ عِنْدَهٗ فَوَفّٰىهُ
حِسَابَهٗ ؕ وَاللّٰهُ سَرِيْعُ الْحِسَابِ ﴿۳۹﴾
اَوْ كَظُلُمٰتٍ فِيْ بَحْرٍ لُّجِّيٍّ يَّغْشٰىهُ مَوْجٌ
مِّنْ فَوْقِهٖ مَوْجٌ مِّنْ فَوْقِهٖ سَحَابٌ ؕ
ظُلُمٰتٌۢ بَعْضُهَا فَوْقَ بَعْضٍ ؕ اِذَاۤ
اَخْرَجَ يَدَهٗ لَمْ يَكَدْ يَرٰىهَا ؕ وَمَنْ لَّمْ
يَجْعَلِ اللّٰهُ لَهٗ نُوْرًا فَمَا لَهٗ مِنْ نُّوْرٍ ﴿۴۰﴾
اَلَمْ تَرَ اَنَّ اللّٰهَ يُسَبِّحُ لَهٗ مَنْ فِي السَّمٰوٰتِ
وَالْاَرْضِ وَالطَّيْرُ صٰٓفّٰتٍ ؕ كُلٌّ قَدْ
عَلِمَ صَلَاتَهٗ وَتَسْبِيْحَهٗ ؕ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ
بِمَا يَفْعَلُوْنَ ﴿۴۱﴾
وَلِلّٰهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۚ وَاِلَى
اللّٰهِ الْمَصِيْرُ ﴿۴۲﴾
اَلَمْ تَرَ اَنَّ اللّٰهَ يُزْجِيْ سَحَابًا ثُمَّ يُؤَلِّفُ
بَيْنَهٗ ثُمَّ يَجْعَلُهٗ رُكَامًا فَتَرَى الْوَدْقَ

हैं (यानी बादल जो पहाड़ जैसे मालूम होते हैं) उनसे — ओले बरसाता है, फिर जिसपर चाहता है गिराता है, और जिससे चाहता है उसे हटा देता है; लगता है बिजली की चमक निगाहों को उचक ले जाएगी।

44. रात और दिन का उलट-फेर अल्लाह ही करता है; जो आंखें रखते हैं यक़ीनन उनके लिए इसमें एक इबरत है।

45. अल्लाह ने हर जानदार को पानी से पैदा किया, तो कोई उनमें अपने पेट के बल चलता है, और कोई उनमें दो टांगों पर चलता है, और कोई उनमें चार पर चलता है; अल्लाह जो चाहता है पैदा करता है; बेशक अल्लाह को हर चीज़ पर क़ुदरत हासिल है।

46 हमने हक़ीक़त को वाज़ेह कर देने वाली आयतें उतार दी हैं; और अल्लाह जिसको चाहता है सीधे रास्ते की तरफ़ हिदायत फ़रमाता है।

47. वो कहते हैं कि "हम अल्लाह और रसूल पर ईमान लाए, और हमने इताअत इख़्तियार की"। फिर इसके बाद उनमें से एक गिरोह पीठ फेर जाता है, ऐसे लोग मोमिन नहीं हैं।

48. जब उन्हें अल्लाह और उसके रसूल की तरफ़ बुलाया जाता है ताकि वह उनके दरमियान फ़ैसला करे, तो क्या देखते हैं कि उनमें एक गिरोह कतरा जाता है;

49. लेकिन अगर हक़ उन्हें मिलने वाला हो तो उसकी तरफ़ बड़े फ़रमांबरदार बनकर चले आएं।

50. क्या उनके दिलों में रोग है, या वो शक में पड़े हैं, या उनको यह डर है कि अल्लाह और उसका रसूल उनके साथ नाइनसाफ़ी करेंगे? नहीं, बल्कि बात यह है कि वही लोग ज़ालिम हैं।

51. मोमिनीन की बात तो बस यह होती है कि जब अल्लाह और उसके रसूल की तरफ़ बुलाए जाएं, ताकि वह उनके दरमियान फ़ैसला करे, तो वो कहें "हमने सुना और इताअत की;" और वही फ़लाह पानेवाले हैं।

52 और जो कोई अल्लाह और उसके रसूल की इताअत करे, और अल्लाह से डरे और उसके हुदूद का ख़याल रखे, तो ऐसे ही लोग कामयाब हैं।

यख़्रुजु मिन् ख़िलालिही व युनज़्ज़िलु मिनस्समा-इ मिन् जिबालिन् फ़ीहा मिम्-ब रदिन् फ़युसीबु बिही मंय्यशा-उ व यस्रिफ़ुहू अम्-मंय्यशा-उ, यकादु सना बर्क़िही यज़्हबु बिल्अब्सार (43)

युक़ल्लिबुल्लाहुल्लै-ल वन्नहा-र, इन्-न फ़ी ज़ालि-क लअिब्-रतल्-लिउलिल्-अब्सार (44)

वल्लाहु ख़-ल-क़ कुल्-ल दाब्बतिम् मिम्-माइन् फ़-मिन्हुम् मंय्यम्शी अ़ला बत़्निही व मिन्हुम् मंय्यम्शी अ़ला रिज्लैनि व मिन्हुम् मंय्यम्शी अ़ला अर्-बअिन्, यख़्लुक़ुल्लाहु मा यशा-उ, इन्नल्ला-ह अ़ला कुल्लि शैइन् क़दीर (45)

ल-क़द् अन्ज़ल्ना आयातिम्-मुबय्यिनातिन्, वल्लाहु यह्दी मंय्यशा-उ इला सिरातिम्-मुस्तक़ीम (46)

व यक़ूलू-न आमन्ना बिल्लाहि व बिर्रसूलि व अ-तअ्ना सुम्-म य-तवल्ला फ़रीक़ुम्-मिन्हुम् मिम्-बअ्दि ज़ालि-क, व मा उलाइ-क बिल्-मुअ्मिनीन (47)

व इज़ा दुअू इलल्लाहि व रसूलिही लि-यह्कु-म बैनहुम् इज़ा फ़रीक़ुम्-मिन्हुम् मुअ्रिज़ून (48)

व इंय्यकुल्-लहुमुल्-हक़्क़ु यअ्तू इलैहि मुज़्अिनीन (49)

अ-फ़ी क़ुलूबिहिम् म-रज़ुन् अमिर्ताबू अम् यख़ाफ़ू-न अंय्यहीफ़ल्लाहु अ़लैहिम् व रसूलुहू, बल् उलाइ-क हुमुज़्ज़ालिमून ●(50) ●

इन्नमा का-न क़ौलल्-मुअ्मिनी-न इज़ा दुअू इलल्लाहि व रसूलिही लि यह्कु-म बैनहुम् अंय्यक़ूलू समिअ्ना व अतअ्ना, व उलाइ-क हुमुल्-मुफ़्लिहून (51)

व मंय्युतिअिल्ला-ह व रसूलहू व यख़्शल्ला-ह व यत्तक़्हि फ़-उलाइ-क हुमुल्-फ़ाइज़ून (52)

يُخْرُجُ مِنْ خِلٰلِهٖ ۚ وَيُنَزِّلُ مِنَ السَّمَآءِ
مِنْ جِبَالٍ فِيْهَا مِنْۢ بَرَدٍ فَيُصِيْبُ بِهٖ
مَنْ يَّشَآءُ وَيَصْرِفُهٗ عَنْ مَّنْ يَّشَآءُ ؕ
يَكَادُ سَنَا بَرْقِهٖ يَذْهَبُ بِالْاَبْصَارِ ﴿٤٣﴾
يُقَلِّبُ اللّٰهُ الَّيْلَ وَالنَّهَارَ ؕ اِنَّ فِىْ
ذٰلِكَ لَعِبْرَةً لِّاُولِى الْاَبْصَارِ ﴿٤٤﴾
وَاللّٰهُ خَلَقَ كُلَّ دَآبَّةٍ مِّنْ مَّآءٍ ۚ فَمِنْهُمْ
مَّنْ يَّمْشِىْ عَلٰى بَطْنِهٖ ۚ وَمِنْهُمْ مَّنْ
يَّمْشِىْ عَلٰى رِجْلَيْنِ ۚ وَمِنْهُمْ مَّنْ يَّمْشِىْ
عَلٰٓى اَرْبَعٍ ؕ يَخْلُقُ اللّٰهُ مَا يَشَآءُ ؕ اِنَّ اللّٰهَ
عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ قَدِيْرٌ ﴿٤٥﴾
لَقَدْ اَنْزَلْنَآ اٰيٰتٍ مُّبَيِّنٰتٍ ؕ وَاللّٰهُ يَهْدِىْ
مَنْ يَّشَآءُ اِلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ﴿٤٦﴾
وَيَقُوْلُوْنَ اٰمَنَّا بِاللّٰهِ وَبِالرَّسُوْلِ وَاَطَعْنَا
ثُمَّ يَتَوَلّٰى فَرِيْقٌ مِّنْهُمْ مِّنْۢ بَعْدِ ذٰلِكَ ؕ
وَمَآ اُولٰٓئِكَ بِالْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٤٧﴾
وَاِذَا دُعُوْٓا اِلَى اللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ لِيَحْكُمَ
بَيْنَهُمْ اِذَا فَرِيْقٌ مِّنْهُمْ مُّعْرِضُوْنَ ﴿٤٨﴾
وَاِنْ يَّكُنْ لَّهُمُ الْحَقُّ يَاْتُوْٓا اِلَيْهِ مُذْعِنِيْنَ ﴿٤٩﴾
اَفِىْ قُلُوْبِهِمْ مَّرَضٌ اَمِ ارْتَابُوْٓا اَمْ يَخَافُوْنَ
اَنْ يَّحِيْفَ اللّٰهُ عَلَيْهِمْ وَرَسُوْلُهٗ ؕ بَلْ
ع اُولٰٓئِكَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ ﴿٥٠﴾
اِنَّمَا كَانَ قَوْلَ الْمُؤْمِنِيْنَ اِذَا دُعُوْٓا اِلَى اللّٰهِ
وَرَسُوْلِهٖ لِيَحْكُمَ بَيْنَهُمْ اَنْ يَّقُوْلُوْا
سَمِعْنَا وَاَطَعْنَا ؕ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٥١﴾
وَمَنْ يُّطِعِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ وَيَخْشَ اللّٰهَ
وَيَتَّقْهِ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْفَآئِزُوْنَ ﴿٥٢﴾

53. वो अल्लाह की कड़ी-कड़ी क़समें खाते हैं कि अगर तुम उन्हें हुक्म दो तो वो ज़रूर निकल खड़े होंगे, कह दोः "क़समें न खाओ; दस्तूर के मुताबिक़ इताअत असल चीज़ है। तुम जो कुछ करते हो अल्लाह उसकी ख़बर रखता है"।

54. कहोः "अल्लाह की इताअत करो और रसूल की इताअत करो; लेकिन अगर तुम मुंह मोड़ते हो, तो उस पर तो बस वही ज़िम्मेदारी है जिसका बोझ उस पर डाला गया है और तुम उसके ज़िम्मेदार हो जिसका बोझ तुमपर डाला गया है। और अगर तुम उसकी इताअत करोगे, तो हिदायत पा लोगे। और रसूल पर तो बस साफ़-साफ़ पहुंचा देने ही की ज़िम्मेदारी है"।

55. अल्लाह ने उन लोगों से जो तुम में ईमान लाए और उन्होंने नेक आमाल इख़्तियार किए वादा किया है कि वह उन्हें ज़मीन में लाज़िमन इक्तिदार बख़्शेगा, जैसे उसने उनको इक्तिदार अता किया था जो उनसे पहले थे, और उनके लिए लाज़िमन उनके इस दीन को मुतमक्किन करेगा जिसे उसने उनके लिए पसन्द किया है, और उनकी ख़ौफ़ की हालत के बाद उसे उनके लिए अमन व बेख़ौफ़ी से बदल देगा। वो मेरी बन्दगी करते हैं, मेरे साथ किसी चीज़ को शरीक नहीं करते, और जो कोई उसके बाद कुफ़्र इख़्तियार करे तो ऐसे ही लोग फ़ासिक़ हैं।

56. नमाज़ क़ायम करो, और ज़कात दो, और रसूल की इताअत करो, ताकि तुमपर रहम किया जाए।

57. यह हरगिज़ न समझो कि कुफ़्र की रविश इख़्तियार करने वाले ज़मीन में क़ाबू से बाहर निकल जानेवाले हैं, उनका ठिकाना आग है। और वह बहुत ही बुरा ठिकाना है।

58. ऐ लोगो जो ईमान लाए हो, तुम्हारे ममलूकों (गुलामों) को और तुममें जो अभी जवानी को नहीं पहुंचे हैं, उनको चाहिए कि तीन औक़ात में तुमसे इजाज़त लेकर तुम्हारे पास आएं। फ़जर की नमाज़ से पहले, और जब दोपहर को तुम (आराम के लिए) अपने कपड़े उतार देते हो, और नमाज़े इशा के बाद, ये तीन औक़ात तुम्हारे परदे के हैं। उनके बाद न तुम पर कोई गुनाह है न उन पर, वो तुम्हारे पास बकसरत चक्कर लगाते हैं — तुम्हारे ही बाज़ बाज़ से मिलते हैं। इस तरह अल्लाह तुम्हारे लिए अपनी आयतों की वज़ाहत करता है, अल्लाह ख़ूब जानने वाला, हिकमत वाला है।

व अक़्समू बिल्लाहि जह्-द ऐमानिहिम् ल-इन् अमर्-तहुम् ल-यख़्रुजुन्-न, क़ुल् -ल तुक़्सिमू ता-अतुम् मअ् रू-फ़तुन्, इन्नल्ला-ह ख़बीरुम्-बिमा तअ्मलून (53)

क़ुल् अतीउल्ला-ह व अतीउर्रसू-ल फ़ इन् तवल्लौ फ़-इन्नमा अ़लैहि मा हुम्मि-ल व अ़लैकुम् मा हुम्मिल्तुम्, व इन् तुतीअूहु तह्तदू, व मा अ़लर्रसूलि इल्लल्-बलाग़ुल्-मुबीन(54)

व-अ़दल्लाहुल्लज़ी-न आमनू मिन्कुम् व अ़मिलुस्सालिहाति ल-यस्तख़्लिफ़न्नहुम् फ़िल्अर्ज़ि क-मस्तख़्ल-फ़ल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिहिम् व ल-युमक्किनन्-न लहुम् दीनहुमुल्लज़िर्-तज़ा लहुम् व लयुबद्दिलन्नहुम् मिम्-बअ्दि ख़ौफ़िहिम् अम्नन्, यअ्बुदू-ननी ला युश्रिकू-न बी शैअन्, व मन् क-फ़-र बअ्-द ज़ालि-क फ़-उलाइ-क हुमुल्-फ़ासिक़ून (55)

व अक़ीमुस्सला-त व आतुज़्ज़का-त व अतीउर्रसू-ल लअ़ल्लकुम् तुर्-हमून (56)

ला तह्स-बन्नल्लज़ी-न क-फ़रू मुअ्जिज़ी-न फ़िल्अर्ज़ि व मअ्वाहुमुन्नारु, व ल-बिअ्सल्-मसीर (57) ●

या अय्युहल्लज़ी-न आमनू लि-यस्तअ्ज़िन्कुमुल्लज़ी-न म-लकत् ऐमानुकुम् वल्लज़ी-न लम् यब्लुग़ुल्-हुलु-म मिन्कुम् सला-स मर्रातिन् मिन् क़ब्लि सलातिल्-फ़ज्रि व ही-न त-ज़अू-न सिया-बकुम् मिनज़्ज़ही-रति व मिम्-बअ्दि सलातिल्-अ़िशा-इ, सलासु औ़रातिल्-लकुम्, लै-स अ़लैकुम् व ला अ़लैहिम् जुनाहुम् बअ्-दहुन्-न, तव्वाफ़ू-न अ़लैकुम् बअ्ज़ुकुम् अ़ला बअ्ज़िन्, कज़ालि-क युबय्यिनुल्लाहु लकुमुल्-आयाति, वल्लाहु अ़लीमुन् हकीम (58)

وَاَقْسَمُوْا بِاللّٰهِ جَهْدَ اَيْمَانِهِمْ لَئِنْ اَمَرْتَهُمْ
لَيَخْرُجُنَّ ۚ قُلْ لَّا تُقْسِمُوْا ۚ طَاعَةٌ
مَّعْرُوْفَةٌ ۚ اِنَّ اللّٰهَ خَبِيْرٌۢ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ۝
قُلْ اَطِيْعُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوا الرَّسُوْلَ ۚ
فَاِنْ تَوَلَّوْا فَاِنَّمَا عَلَيْهِ مَا حُمِّلَ وَعَلَيْكُمْ
مَّا حُمِّلْتُمْ ۚ وَاِنْ تُطِيْعُوْهُ تَهْتَدُوْا ۚ
وَمَا عَلَى الرَّسُوْلِ اِلَّا الْبَلٰغُ الْمُبِيْنُ ۝
وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْكُمْ وَعَمِلُوا
الصّٰلِحٰتِ لَيَسْتَخْلِفَنَّهُمْ فِى الْاَرْضِ
كَمَا اسْتَخْلَفَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ
وَلَيُمَكِّنَنَّ لَهُمْ دِيْنَهُمُ الَّذِى ارْتَضٰى
لَهُمْ وَلَيُبَدِّلَنَّهُمْ مِّنْۢ بَعْدِ خَوْفِهِمْ اَمْنًا ۚ
يَعْبُدُوْنَنِىْ لَا يُشْرِكُوْنَ بِىْ شَيْـًٔا ۚ وَمَنْ
كَفَرَ بَعْدَ ذٰلِكَ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْفٰسِقُوْنَ ۝
وَاَقِيْمُوا الصَّلٰوةَ وَاٰتُوا الزَّكٰوةَ وَاَطِيْعُوا
الرَّسُوْلَ لَعَلَّكُمْ تُرْحَمُوْنَ ۝
لَا تَحْسَبَنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مُعْجِزِيْنَ فِى
الْاَرْضِ ۚ وَمَاْوٰىهُمُ النَّارُ ۚ وَلَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ۝
يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لِيَسْتَاْذِنْكُمُ الَّذِيْنَ
مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ وَالَّذِيْنَ لَمْ يَبْلُغُوا الْحُلُمَ
مِنْكُمْ ثَلٰثَ مَرّٰتٍ ۚ مِنْ قَبْلِ صَلٰوةِ الْفَجْرِ
وَحِيْنَ تَضَعُوْنَ ثِيَابَكُمْ مِّنَ الظَّهِيْرَةِ
وَمِنْۢ بَعْدِ صَلٰوةِ الْعِشَآءِ ۚ ثَلٰثُ عَوْرٰتٍ
لَّكُمْ ۚ لَيْسَ عَلَيْكُمْ وَلَا عَلَيْهِمْ جُنَاحٌۢ بَعْدَ
هُنَّ ۚ طَوّٰفُوْنَ عَلَيْكُمْ بَعْضُكُمْ عَلٰى
بَعْضٍ ۚ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ لَكُمُ
الْاٰيٰتِ ۚ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ۝

59. और जब तुममें से बच्चे जवानी को पहुंच जाएं तो उन्हें चाहिए कि इजाज़त लिया करें, जैसे उनसे अगले इजाज़त लेते रहे हैं। इस तरह अल्लाह तुम्हारे लिए अपनी आयतों की वज़ाहत फ़रमाता है; अल्लाह ख़ूब जानने वाला, हिकमत वाला है।

60. जो औरतें जवानी से गुज़री बैठी हों जिन्हें निकाह की उम्मीद न रह गई हो, उनपर कोई हर्ज नहीं कि वो अपने कपड़े उतार कर रख दें, जबकि वो ज़ीनत की नुमाइश करने वाली न हों; फिर भी वो इससे बचें तो उनके लिए ज़्यादा बेहतर है। अल्लाह ख़ूब सुनता, जानता है।

61. न अंधे के लिए कोई हरज है, न लंगड़े के लिए कोई हरज है, और न मरीज़ के लिए कोई हरज है, और न तुम्हारे अपने लिए इस बात में कि तुम अपने घर खाओ, या अपने बापों के घर, या अपनी माओं के घर, या अपने भाइयों के घर, या अपनी बहनों के घर, या अपने चाचाओं के घर, या अपनी फूफियों के घर, या अपने मामूओं के घर, या अपनी ख़ालाओं के घर, या जिसकी कुन्जियों के तुम मालिक हुए हो, या अपने दोस्त के यहां; इसमें तुम्हारे लिए कोई हरज नहीं कि तुम मिलकर खाओ, या अलग-अलग। अलबत्ता जब घरों में जाया करो, तो अपने लोगों को सलाम किया करो जो बाबरकत और पाकीज़ा दुआ है। अल्लाह के यहां से मुक़र्रर। इस तरह अल्लाह तुम्हारे लिए अपनी आयतों की वज़ाहत फ़रमाता है; ताकि तुम अक़्ल से काम लो।

62. मोमिन तो बस वही हैं, जो अल्लाह और उसके रसूल पर पुख़्ता ईमान रखते हैं और जब किसी इजतिमाई मुआमले के लिए उसके साथ हों तो चले न जाएं जब तक कि उससे इजाज़त न ले लें। जो लोग तुम से इजाज़त तलब करते हैं, वही लोग हैं जो अल्लाह और उसके रसूल पर ईमान रखते हैं; पस जब वो अपने किसी काम के लिए इजाज़त चाहें, तो उनमें से जिसे चाहो इजाज़त दे दिया करो, और उनके लिए अल्लाह से बख़्शिश की दुआ किया करो, बेशक अल्लाह बहुत

व इज़ा ब-लग़ल्-अत्फ़ालु मिन्कुमुल्-हुलु-म फ़ल्यस्तअ्ज़िनू कमस्तअ्-ज़नल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिहिम्, कज़ालि-क युबय्यिनुल्लाहु लकुम् आयातिही, वल्लाहु अ़लीमुन् हकीम (59)

वल्क़वाअिदु मिनन्निसाइल्लाती ला यरजू-न निकाहन् फ़लै-स अ़लैहिन्-न जुनाहुन् अंय्य-ज़अ्-न सियाबहुन्-न ग़ै-र मु-तबर्रिजातिम्-बिज़ी-नतिन्, व अंय्यस्तअ्फ़िफ़्-न ख़ैरुल् लहुन्-न, वल्लाहु समीअुन् अ़लीम (60)

लै-स अ़लल्-अअ्मा ह-रजुंव्-व ला अ़लल्-अअ्रजि ह-रजुंव्-व ला अ़लल्-मरीज़ि ह-रजुंव्-व ला अ़ला अन्फ़ुसिकुम् अन् तअ्कुलू मिम्-बुयूतिकुम् औ बुयूति आबाइकुम् औ बुयूति उम्महातिकुम् औ बुयूति इख़्वानिकुम् औ बुयूति अ-ख़वातिकुम् औ बुयूति अअ्मामिकुम् औ बुयूति अ़म्मातिकुम् औ बुयूति अख़्वालिकुम् औ बुयूति ख़ालातिकुम् औ मा मलक्तुम् मफ़ाति-हहू औ सदीक़िकुम्, लै-स अ़लैकुम् जुनाहुन् अन् तअ्कुलू जमीअ़न् औ अश्तातन्, फ़-इज़ा दख़ल्तुम् बुयूतन् फ़-सल्लिमू अ़ला अन्फ़ुसिकुम् तहिय्य-तम् मिन् अ़िन्दिल्लाहि मुबार-कतन् तय्यि-बतन्, कज़ालि-क युबय्यिनुल्लाहु लकुमुल्आयाति लअ़ल्लकुम् तअ्क़िलून (61) ●

इन्नमल्-मुअ्मिनूनल्लज़ी-न आमनू बिल्लाहि व रसूलिही व इज़ा कानू म-अ़हू अ़ला अम्रिन् जामिअ़िल् लम् यज़्हबू हत्ता यस्तअ्ज़िनूहु, इन्नल्लज़ी-न यस्तअ्ज़िनू-न क उलाइ-कल्लज़ी-न युअ्मिनू-न बिल्लाहि व रसूलिही फ़-इज़स्तअ्-ज़नू क लिबअ्ज़ि शअ्निहिम् फ़अ्ज़ल् लिमन् शिअ्-त मिन्हुम् वस्तग़्फ़िर् लहुमु-

وَاِذَا بَلَغَ الْاَطْفَالُ مِنْكُمُ الْحُلُمَ
فَلْيَسْتَاْذِنُوْا كَمَا اسْتَاْذَنَ الَّذِيْنَ مِنْ
قَبْلِهِمْ ؕ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ لَكُمْ اٰيٰتِهٖ ؕ
وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ۝
وَالْقَوَاعِدُ مِنَ النِّسَآءِ الّٰتِيْ لَا يَرْجُوْنَ
نِكَاحًا فَلَيْسَ عَلَيْهِنَّ جُنَاحٌ اَنْ يَّضَعْنَ
ثِيَابَهُنَّ غَيْرَ مُتَبَرِّجٰتٍۭ بِزِيْنَةٍ ؕ وَاَنْ
يَّسْتَعْفِفْنَ خَيْرٌ لَّهُنَّ ؕ وَاللّٰهُ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ۝
لَيْسَ عَلَى الْاَعْمٰى حَرَجٌ وَّلَا عَلَى الْاَعْرَجِ
حَرَجٌ وَّلَا عَلَى الْمَرِيْضِ حَرَجٌ وَّلَا عَلٰٓى
اَنْفُسِكُمْ اَنْ تَاْكُلُوْا مِنْۢ بُيُوْتِكُمْ اَوْ بُيُوْتِ
اٰبَآئِكُمْ اَوْ بُيُوْتِ اُمَّهٰتِكُمْ اَوْ بُيُوْتِ
اِخْوَانِكُمْ اَوْ بُيُوْتِ اَخَوٰتِكُمْ اَوْ بُيُوْتِ
اَعْمَامِكُمْ اَوْ بُيُوْتِ عَمّٰتِكُمْ اَوْ بُيُوْتِ
اَخْوَالِكُمْ اَوْ بُيُوْتِ خٰلٰتِكُمْ اَوْ مَا مَلَكْتُمْ
مَّفَاتِحَهٗٓ اَوْ صَدِيْقِكُمْ ؕ لَيْسَ عَلَيْكُمْ
جُنَاحٌ اَنْ تَاْكُلُوْا جَمِيْعًا اَوْ اَشْتَاتًا ؕ
فَاِذَا دَخَلْتُمْ بُيُوْتًا فَسَلِّمُوْا عَلٰٓى
اَنْفُسِكُمْ تَحِيَّةً مِّنْ عِنْدِ اللّٰهِ
مُبٰرَكَةً طَيِّبَةً ؕ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ
لَكُمُ الْاٰيٰتِ لَعَلَّكُمْ تَعْقِلُوْنَ ۝
اِنَّمَا الْمُؤْمِنُوْنَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا بِاللّٰهِ
وَرَسُوْلِهٖ وَاِذَا كَانُوْا مَعَهٗ عَلٰٓى اَمْرٍ جَامِعٍ
لَّمْ يَذْهَبُوْا حَتّٰى يَسْتَاْذِنُوْهُ ؕ اِنَّ الَّذِيْنَ
يَسْتَاْذِنُوْنَكَ اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ
وَرَسُوْلِهٖ ۚ فَاِذَا اسْتَاْذَنُوْكَ لِبَعْضِ شَاْنِهِمْ
فَاْذَنْ لِّمَنْ شِئْتَ مِنْهُمْ وَاسْتَغْفِرْ لَهُمُ

बख़्शने वाला, निहायत रहमवाला है।

63. अपने दरमियान रसूल के बुलाने को तुम आपस में एक-दूसरे का सा बुलाना न समझना, अल्लाह उन लोगों को खूब जानता है जो तुममें ऐसे हैं कि एक-दूसरे की आड़ लेकर चुपके से खिसक जाते हैं; पस उनको जो उसके हुक्म से रूगरदानी कर के मुख़ालफ़त करते हैं डरना चाहिए कि मबादा उनपर कोई आज़माइश आ पड़े, या उनपर कोई दर्दनाक अज़ाब आ जाए।

64. सुन लो! आसमानों और ज़मीन में जो कुछ भी है अल्लाह का है, वह जानता है तुम जिसपर हो; और जिस दिन वो उसकी तरफ़ पलटेंगे तो जो कुछ उन्होंने किया होगा वह उन्हें बता देगा; अल्लाह हर चीज़ से वाक़िफ़ है।

सूरह अल-फ़ुरक़ान मक्की

(आयतें 77, रुकूआत 6)

खुदा-ए-रहमान व रहीम के नाम से

1. अज़ीम व बाफ़ैज़ है वह जिसने यह फ़ुरक़ान अपने बन्दे पर नाज़िल फ़रमाया, ताकि वह सारे जहां के लिए ख़बरदार करनेवाला हो;

2. वह जो आसमानों और ज़मीन की बादशाही का मालिक है; और न उसने किसी को अपना बेटा बनाया, और न बादशाही में उसका कोई शरीक है; उसने हर चीज़ को पैदा किया फिर उसे ठीक अंदाज़े पर रखा।

3. फिर भी उन्होंने उससे हट कर ऐसे माबूद बना लिए जो किसी चीज़ को पैदा नहीं करते बल्कि वो खुद पैदा किए जाते हैं, वो खुद न अपने नुक़सान का इख़्तियार रखते हैं और न नफ़ा का और न उन्हें मौत का इख़्तियार हासिल है और न ज़िन्दगी का, और न दोबारा ज़िन्दा होकर उठने का।

4. जिन लोगों ने कुफ़्र इख़्तियार किया उनका कहना है कि "यह तो बस मनघड़त है, जो उसने खुद ही घड़ लिया है, और कुछ दूसरे लोगों ने इसमें उसको मदद पहुंचाई है"। वो तो ज़ुल्म और झूट के मुर्तकिब हुए।

5. कहते हैं, "ये अगलों के अफ़साने हैं जिनको उसने लिख लिया है, तो वही उसके पास सुबह व शाम लिखाई जाती हैं"।

ल्ला ह इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्-रहीम (62)

ला तज्अलू दुआअर्रसूलि बैनकुम् क-दुआ-इ बअ्ज़िकुम् बअ्ज़न्, क़द् यअ्लमुल्लाहुल्लज़ी-न य-तसल्ललू-न मिन्कुम् लिवाज़न् फ़ल्यह्ज़रिल्लज़ी-न युख़ालिफ़ू-न अन् अम्रिही अन् तुसी-बहुम् फ़ित्-नतुन् औ युसी-बहुम् अज़ाबुन् अलीम (63)

अला इन्-न लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि, क़द् यअ्लमु मा अन्तुम् अलैहि, व यौ-म युर्जअू-न इलैहि फ़युनब्बिउहुम् बिमा अमिलू, वल्लाहु बिकुल्लि शैइन् अलीम (64)

25 सूरतुल्-फ़ुरक़ानि (मक्की) इस सूरः में अरबी के 3919 अक्षर, 906 शब्द, 77 आयतें और 6 रुकू हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

तबा-रकल्लज़ी नज़्ज़-लल्-फ़ुरक़ा-न अला अब्दिही लि-यकू-न लिल्आलमी-न नज़ीरा (1)

अल्लज़ी लहू मुल्कुस्-समावाति वल्अर्ज़ि व लम् यत्तख़िज़् व-लदंव्-व लम् यकुल्लहू शरीकुन् फ़िल्-मुल्कि व ख़-ल-क़ कुल्-ल शैइन् फ़-क़द्-दरहू तक़्दीरा (2)

वत्त-ख़ज़ू मिन् दूनिही आलि-हतल्-ला यख़्लुक़ू-न शैअंव् व हुम् युख़्लक़ू-न व ला यम्लिकू-न लिअन्फ़ुसिहिम् ज़र्रंव्-व ला नफ़्अंव्-व ला यम्लिकू-न मौतंव्-व ला हयातंव्-व ला नुशूरा (3)

व क़ालल्लज़ी-न क-फ़रू इन् हाज़ा इल्ला इफ़्कु-निफ़्तराहु व अ-आनहू अलैहि क़ौमुन् आ-ख़रू-न फ़-क़द् जाऊ ज़ुल्मंव्-व ज़ूरा (4)

व क़ालू असातीरुल् अव्वलीनक्त-त-बहा फ़हि-य तुम्ला अलैहि बुक्र-तंव्-व असीला (5)

اللّٰهَ ۚ إِنَّ اللّٰهَ غَفُورٌ رَّحِيمٌ ۝

لَا تَجْعَلُوا دُعَاءَ الرَّسُولِ بَيْنَكُمْ كَدُعَاءِ بَعْضِكُمْ بَعْضًا ۚ قَدْ يَعْلَمُ اللّٰهُ الَّذِينَ يَتَسَلَّلُونَ مِنكُمْ لِوَاذًا ۚ فَلْيَحْذَرِ الَّذِينَ يُخَالِفُونَ عَنْ أَمْرِهِ أَن تُصِيبَهُمْ فِتْنَةٌ أَوْ يُصِيبَهُمْ عَذَابٌ أَلِيمٌ ۝

أَلَا إِنَّ لِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ ۖ قَدْ يَعْلَمُ مَا أَنتُمْ عَلَيْهِ وَيَوْمَ يُرْجَعُونَ إِلَيْهِ فَيُنَبِّئُهُم بِمَا عَمِلُوا ۗ وَاللّٰهُ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيمٌ ۝

سُورَةُ الْفُرْقَانِ مَكِّيَّةٌ آيَاتُهَا ٧٧ رُكُوعَاتُهَا ٦

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ

تَبَارَكَ الَّذِي نَزَّلَ الْفُرْقَانَ عَلَىٰ عَبْدِهِ لِيَكُونَ لِلْعَالَمِينَ نَذِيرًا ۝ الَّذِي لَهُ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ وَلَمْ يَتَّخِذْ وَلَدًا وَلَمْ يَكُن لَّهُ شَرِيكٌ فِي الْمُلْكِ وَخَلَقَ كُلَّ شَيْءٍ فَقَدَّرَهُ تَقْدِيرًا ۝ وَاتَّخَذُوا مِن دُونِهِ آلِهَةً لَّا يَخْلُقُونَ شَيْئًا وَهُمْ يُخْلَقُونَ وَلَا يَمْلِكُونَ لِأَنفُسِهِمْ ضَرًّا وَلَا نَفْعًا وَلَا يَمْلِكُونَ مَوْتًا وَلَا حَيَاةً وَلَا نُشُورًا ۝ وَقَالَ الَّذِينَ كَفَرُوا إِنْ هٰذَا إِلَّا إِفْكٌ افْتَرَاهُ وَأَعَانَهُ عَلَيْهِ قَوْمٌ آخَرُونَ ۚ فَقَدْ جَاءُوا ظُلْمًا وَزُورًا ۝ وَقَالُوا أَسَاطِيرُ الْأَوَّلِينَ اكْتَتَبَهَا فَهِيَ تُمْلَىٰ عَلَيْهِ بُكْرَةً وَأَصِيلًا ۝

6. कहोः "उसे नाज़िल किया है उसने, जो आसमानों और ज़मीन के राज़ से वाक़िफ़ है; यक़ीनन वह बहुत बख़्शनेवाला, निहायत रहमवाला है"।

7. उनका यह भी कहना है कि "इस रसूल को क्या हुआ कि यह खाना खाता है, और बाज़ारों में चलता-फिरता है? क्यों न इसकी तरफ़ कोई फ़रिश्ता उतरा कि वह इसके साथ रहकर ख़बरदार करता?

8. या इसकी तरफ़ कोई ख़ज़ाना ही डाल दिया जाता, या इसके पास कोई बाग़ होता जिससे यह खाता"। और उन ज़ालिमों का कहना है कि "तुम तो बस एक ऐसे शख़्स की पैरवी कर रहे हो जो पक्का जादूगर है"।

1-2. क़ाफ़, शाहिद (गवाह) है क़ुरआन मजीद! — बल्कि उन्हें तो इसपर तअज्जुब हुआ कि उनके पास उन्हीं में से एक ख़बरदार करनेवाला आ गया; फिर अहले कुफ़्र कहने लगे, "यह तो एक तअज्जुब की बात है!

3. क्या जब हम मर गए और मिट्टी हो गए (तो फिर हम ज़िन्दा होकर पलटेंगे)? यह पलटना तो बहुत बईद (दूर की बात) है"!

4. हम जानते हैं ज़मीन उनमें जो कुछ कमी करती है; और हमारे पास एक महफ़ूज़ रखने वाली किताब है।

5. बल्कि उन्होंने हक़ को जब वह उनके पास आया झुटला दिया, पस वो एक उलझाव और तज़ाद-ए-फ़िक्र में मुबतला हैं।

6. अच्छा तो क्या उन्होंने अपने ऊपर आसमान को नहीं देखा, उसे हमने कैसा बनाया? और उसे सजाया, और उसमें कोई रख़ना (दरार) नहीं।

7-8. और ज़मीन को हमने फैलाया, और उसमें अटल पहाड़ डाल दिए, और हमने उसमें हर क़िस्म की ख़ुशमंज़र चीज़ें उगाईं आंखें खोलने और याददिहानी के लिए हर उस बन्दे की ख़ातिर जो रुजू होने वाला हो।

9-11. और हमने आसमान से बाबरकत पानी उतारा। फिर उससे बाग़ और फ़सल के ग़ल्ले और बुलन्द व बाला खजूर के दरख़्त उगाए जिनके ख़ोशे तह ब तह होते हैं। बन्दों के रिज़्क़ के लिए, और हमने उसके ज़रिए से मुर्दा ज़मीन में जान डाल दी। इसी तरह निकलना भी है।

12-14. उनसे पहले क़ौमे नूह, असहाबु-र्रस, समूद, आद, फ़िरऔन, लूत के भाई, अल-ऐका वाले और क़ौमे तुब्बअ के लोग भी झुटला चुके हैं। हर एक ने रसूलों को झुटलाया, आख़िरकार मेरी वईद चसपां होकर रही।

वल्लाहु बसीरुम्-बिमा तअ्मलून (18) ●

50 सूरतु क़ाफ़
(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के 1525 अक्षर, 376 शब्द, 45 आयतें और 3 रुकू हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

क़ाफ़्। वल्-क़ुरआनिल्-मजीद (1)
बल् अ़जिबू अन् जा-अहुम् मुन्ज़िरुम्-मिन्हुम् फ़क़ालल्-काफ़िरू-न हाज़ा शैउन् अ़जीब (2)
अ-इज़ा मित्ना व कुन्ना तुराबन् ज़ालि-क रज्अुम्-बअ़ीद (3)
क़द् अ़लिम्ना मा तन्क़ुसुल्-अर्ज़ु मिन्हुम् व अ़िन्दना किताबुन् हफ़ीज़ (4)
बल् कज़्ज़बू बिल्-हक़्क़ि लम्मा जा-अहुम् फ़हुम् फ़ी अम्रिम्-मरीज (5)
अ-फ़ लम् यन्ज़ुरू इलस्समा-इ फ़ौक़हुम् कै-फ़ बनैनाहा व ज़य्यन्नाहा व मा लहा मिन् फ़ुरूज (6)
वल्अर्-ज़ मदद्नाहा व अल्क़ैना फ़ीहा रवासि-य व अम्बत्ना फ़ीहा मिन् कुल्लि ज़ौजिम्-बहीज (7)
तब्सि-रतंव्-व ज़िक्रा लिकुल्लि अ़ब्दिम्-मुनीब (8)
व नज़्ज़ल्ना मिनस्समा-इ मा-अम् मुबा-रकन् फ़-अम्बत्ना बिही जन्नातिंव्-व हब्बल्-हसीद (9)
वन्नख़्-ल बासिक़ातिल्-लहा तल्अुन्-नज़ीद (10)
रिज़्क़ल्-लिल्अ़िबादि व अह्यैना बिही बल्द-तम्-मैतन्, कज़ालिकल्-ख़ुरूज (11)
कज़्ज़बत् क़ब्लहुम् क़ौमु नूहिंव्-व अस्हाबुर्रस्सि व समूद (12)
व आदुंव्-व फ़िर्औनु व इख़्वानु लूत (13)
व अस्हाबुल्-ऐ-कति व क़ौमु तुब्बअ़िन्, कुल्लुन् कज़्ज़-बर्रुसु-ल फ़-हक़्-क़ वअ़ीद (14)

وَاللّٰهُ بَصِيْرٌۢ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ۝١٨

سُوْرَةُ قٓ مَكِّيَّةٌ اٰيَاتُهَا ٤٥ رُكُوْعَاتُهَا ٣

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

قٓ ۚ وَالْقُرْاٰنِ الْمَجِيْدِ ۝١
بَلْ عَجِبُوْٓا اَنْ جَآءَهُمْ مُّنْذِرٌ مِّنْهُمْ
فَقَالَ الْكٰفِرُوْنَ هٰذَا شَيْءٌ عَجِيْبٌ ۝٢
ءَاِذَا مِتْنَا وَكُنَّا تُرَابًا ۚ ذٰلِكَ رَجْعٌۢ
بَعِيْدٌ ۝٣
قَدْ عَلِمْنَا مَا تَنْقُصُ الْاَرْضُ مِنْهُمْ ۚ
وَعِنْدَنَا كِتٰبٌ حَفِيْظٌ ۝٤
بَلْ كَذَّبُوْا بِالْحَقِّ لَمَّا جَآءَهُمْ فَهُمْ
فِيْٓ اَمْرٍ مَّرِيْجٍ ۝٥
اَفَلَمْ يَنْظُرُوْٓا اِلَى السَّمَآءِ فَوْقَهُمْ كَيْفَ
بَنَيْنٰهَا وَزَيَّنّٰهَا وَمَا لَهَا مِنْ فُرُوْجٍ ۝٦
وَالْاَرْضَ مَدَدْنٰهَا وَاَلْقَيْنَا فِيْهَا رَوَاسِيَ
وَاَنْۢبَتْنَا فِيْهَا مِنْ كُلِّ زَوْجٍۢ بَهِيْجٍ ۝٧
تَبْصِرَةً وَّذِكْرٰى لِكُلِّ عَبْدٍ مُّنِيْبٍ ۝٨
وَنَزَّلْنَا مِنَ السَّمَآءِ مَآءً مُّبٰرَكًا فَاَنْۢبَتْنَا
بِهٖ جَنّٰتٍ وَّحَبَّ الْحَصِيْدِ ۝٩
وَالنَّخْلَ بٰسِقٰتٍ لَّهَا طَلْعٌ نَّضِيْدٌ ۝١٠
رِّزْقًا لِّلْعِبَادِ ۙ وَاَحْيَيْنَا بِهٖ بَلْدَةً مَّيْتًا ۚ
كَذٰلِكَ الْخُرُوْجُ ۝١١
كَذَّبَتْ قَبْلَهُمْ قَوْمُ نُوْحٍ وَّاَصْحٰبُ
الرَّسِّ وَثَمُوْدُ ۝١٢
وَعَادٌ وَّفِرْعَوْنُ وَاِخْوَانُ لُوْطٍ ۝١٣
وَّاَصْحٰبُ الْاَيْكَةِ وَقَوْمُ تُبَّعٍ ۚ كُلٌّ كَذَّبَ
الرُّسُلَ فَحَقَّ وَعِيْدِ ۝١٤

15. क्या हम पहली बार पैदा करने से आजिज़ रहे? नहीं, बल्कि वो एक नई तख़्लीक़ के बारे में शक में पड़े हैं।

16. हमने इनसान को पैदा किया है; और हम जानते हैं जो वसवसे उसके अन्दर उसका नफ़्स डालता है, और हम उससे उसकी रग-ए-जां से भी ज़्यादा क़रीब हैं।

17. जब दो लिखने वाले लिख रहे होते हैं, दाएं से और बाएं से। वो लगे बैठे होते हैं।

18. कोई बात वह कहता नहीं है कि उसके पास एक निगरां तैयार रहता है।

19. और मौत की जांकनी ले आई यक़ीनी चीज़; यही वह चीज़ है जिससे तू गुरेज़ करता था।

20. और सूर फूंक दिया जाएगा; यह है दिन वईद का।

21. हर शख़्स इस हाल में आएगा कि उसके साथ एक लानेवाला और एक गवाही देनेवाला होगा।

22. "तू इस चीज़ की तरफ़ से ग़फ़लत में था; अब हमने तुझ पर से तेरा पर्दा हटा दिया, तो आज तेरी निगाह ख़ूब तेज़ है"।

23. उसका साथी कहेगा, "यह जो मेरे पास था हाज़िर है।

24-25. "डाल दो, जहन्नम में हर एहसान फ़रामोश सरकश को, ख़ैर से रोकने वाले, हद से तजावुज़ करनेवाले, शक करने वाले को, जिसने अल्लाह के साथ किसी दूसरे को माबूद ठहराया; पस डाल दो उसे सख़्त अज़ाब में"।

27. उसका साथी कहेगा, "ऐ हमारे रब, मैंने उसे सरकश नहीं बनाया, बल्कि वह ख़ुद ही परले दर्जे की गुमराही में था"।

28. फ़रमाएगा, "मेरे सामने मत झगड़ो। मैं तो पहले ही तुम्हें अपनी वईद (आज़ाब के वादे) से आगाह कर चुका था।

29. मेरे यहां बात नहीं बदला करती, और न मैं बन्दों पर ज़रा भी ज़ुल्म करता हूं"।

30. जिस दिन हम जहन्नम से कहेंगे, "क्या तू भर गई?" और वह कहेगी, "क्या अभी और भी कुछ है?"

अ-फ़-अयीना बिल्ख़ल्क़िल्-अव्वलि, बल् हुम् फ़ी लब्सिम्-मिन् ख़ल्क़िन् जदीद (15) ●

व ल-क़द् ख़लक़्नल्-इन्सा-न व नअ्लमु मा तुवस्विसु बिही नफ़्सुहू व नह्नु अक़्रबु इलैहि मिन् हब्लिल्-वरीद (16)

इज् य-तलक़्क़ल्-मु-तलक़्क़ियानि अनिल्यमीनि व अनिश्शिमालि क़अीद (17)

मा यल्फ़िज़ु मिन् क़ौलिन् इल्ला लदैहि रक़ीबुन् अतीद (18)

व जाअत् सक्-रतुल्-मौति बिल्हक़्क़ि, ज़ालि-क मा कुन्-त मिन्हु तहीद (19)

व नुफ़ि-ख़ फ़िस्सूरि, ज़ालि-क यौमुल्-वईद (20)

व जाअत् कुल्लु नफ़्सिम् म-अहा सा-इक़ुंव्-व शहीद (21)

ल-क़द् कुन्-त फ़ी ग़फ़्लतिम्-मिन् हाज़ा फ़-कशफ़्ना अन्-क ग़िता-अ-क फ़-ब-सरुकल्-यौ-म हदीद (22)

व क़ा-ल क़रीनुहू हाज़ा मा ल-दय्-य अतीद (23)

अल्क़िया फ़ी जहन्न-म कुल्-ल कफ़्फ़ारिन् अनीद (24) *मन्नाअिल्-लिल्ख़ैरि मुअ्तदिम्-मुरीब* (25)

अल्लज़ी ज-अ-ल मअल्लाहि इलाहन् आ-ख़-र फ़-अल्क़ियाहु फ़िल्-अज़ाबिश्-शदीद (26)

क़ा-ल क़रीनुहू रब्बना मा अत़्ग़ैतुहू व लाकिन् का-न फ़ी ज़लालिम्-बअीद (27)

क़ा-ल ला तख़्तसिमू ल-दय्-य व क़द् क़द्दम्तु इलैकुम् बिल्-वईद (28)

मा युबद्दलुल्-क़ौलु ल-दय्-य व मा अ-न बिज़ल्लामिल्-लिल्-अबीद (29)●

यौ-म नक़ूलु लि-जहन्न-म हलिम्त-लअ्ति व तक़ूलु हल् मिम्-मज़ीद (30)

اَفَعَيِيْنَا بِالْخَلْقِ الْاَوَّلِ بَلْ هُمْ فِیْ لَبْسٍ
مِّنْ خَلْقٍ جَدِیْدٍ ﴿١٥﴾
وَلَقَدْ خَلَقْنَا الْاِنْسَانَ وَنَعْلَمُ مَا تُوَسْوِسُ
بِهٖ نَفْسُهٗ ۚۖ وَنَحْنُ اَقْرَبُ اِلَیْهِ مِنْ
حَبْلِ الْوَرِیْدِ ﴿١٦﴾
اِذْ یَتَلَقَّى الْمُتَلَقِّیٰنِ عَنِ الْیَمِیْنِ
وَعَنِ الشِّمَالِ قَعِیْدٌ ﴿١٧﴾
مَا یَلْفِظُ مِنْ قَوْلٍ اِلَّا لَدَیْهِ رَقِیْبٌ عَتِیْدٌ ﴿١٨﴾
وَجَآءَتْ سَكْرَةُ الْمَوْتِ بِالْحَقِّ ؕ
ذٰلِكَ مَا كُنْتَ مِنْهُ تَحِیْدُ ﴿١٩﴾
وَنُفِخَ فِی الصُّوْرِ ؕ ذٰلِكَ یَوْمُ الْوَعِیْدِ ﴿٢٠﴾
وَجَآءَتْ كُلُّ نَفْسٍ مَّعَهَا سَآئِقٌ وَّشَهِیْدٌ ﴿٢١﴾
لَقَدْ كُنْتَ فِیْ غَفْلَةٍ مِّنْ هٰذَا فَكَشَفْنَا
عَنْكَ غِطَآءَكَ فَبَصَرُكَ الْیَوْمَ حَدِیْدٌ ﴿٢٢﴾
وَقَالَ قَرِیْنُهٗ هٰذَا مَا لَدَیَّ عَتِیْدٌ ﴿٢٣﴾
اَلْقِیَا فِیْ جَهَنَّمَ كُلَّ كَفَّارٍ عَنِیْدٍ ﴿٢٤﴾
مَّنَّاعٍ لِّلْخَیْرِ مُعْتَدٍ مُّرِیْبٍ ﴿٢٥﴾
الَّذِیْ جَعَلَ مَعَ اللّٰهِ اِلٰهًا اٰخَرَ فَاَلْقِیٰهُ
فِی الْعَذَابِ الشَّدِیْدِ ﴿٢٦﴾
قَالَ قَرِیْنُهٗ رَبَّنَا مَاۤ اَطْغَیْتُهٗ وَلٰكِنْ
كَانَ فِیْ ضَلٰلٍۭ بَعِیْدٍ ﴿٢٧﴾
قَالَ لَا تَخْتَصِمُوْا لَدَیَّ وَقَدْ قَدَّمْتُ
اِلَیْكُمْ بِالْوَعِیْدِ ﴿٢٨﴾
مَا یُبَدَّلُ الْقَوْلُ لَدَیَّ وَمَاۤ اَنَا بِظَلَّامٍ
لِّلْعَبِیْدِ ﴿٢٩﴾
یَوْمَ نَقُوْلُ لِجَهَنَّمَ هَلِ امْتَلَاْتِ وَتَقُوْلُ
هَلْ مِنْ مَّزِیْدٍ ﴿٣٠﴾

31. और जन्नत मुत्तक़ीन के क़रीब कर दी जाएगी, दूर न होगी।

32. "यह है वह चीज़ जिसका तुमसे वादा किया जाता था; हर रुजू करनेवाले, बड़ी निगेहदाश्त करनेवाले के लिए"।

33. जो रहमान से ग़ाइबाना डरा, और आया रुजू होनेवाला गिरवीदा दिल लेकर:

34. "दाख़िल हो जाओ इस जन्नत में सलामती के साथ!" वह हमेशगी का दिन है।

35. उनके लिए उसमें वह सब कुछ है जो वो चाहें; और हमारे पास मज़ीद भी है।

36. हम उनसे पहले कितनी ही नसलें हलाक कर चुके हैं। वो लोग कुव्वत में उनसे कहीं बढ़-चढ़कर थे। फिर जाए पनाह की तलाश में उन्होंने शहरों में बड़ी काविशें (कोशिशें) कीं, क्या है कोई जाए फ़रार?

37. यक़ीनन इसमें उस शख़्स के लिए याददिहानी है जिसके पास दिल हो, या वह दिल से हाज़िर रहकर कान लगाए।

38. हमने आसमानों और ज़मीन को, और जो कुछ उनके दरमियान है छः दिनों में पैदा कर दिया, और हमें कोई तकान न छू सकी।

39–40. पस जो कुछ वो कहते हैं उसपर सब्र करो, और अपने रब की हम्द के साथ तसबीह करो, तुलू-ए-आफ़ताब से पहले और ग़ुरूब-ए-आफ़ताब से पहले, और रात के किसी वक़्त में, फिर उसकी तसबीह करो, और सजदों के बाद भी।

41–42. और कान लगाकर सुन लेना जिस दिन पुकारने वाला निहायत क़रीब की जगह से पुकारेगा। जिस दिन वो हौलनाक आवाज़ को ठीक-ठीक सुन रहे होंगे, वही दिन होगा निकलने का।

43. हम ही ज़िन्दगी देते और मारते हैं, और हमारी ही तरफ़ अन्जाम कार आना है।

44. जिस दिन ज़मीन उन पर से फट जाएगी, वो तेज़ी से निकल पड़ेंगे; यह इकट्ठा कर लेना हमारे लिए निहायत आसान है।

45. हम जानते हैं जो कुछ वो कहते हैं; तुम उनपर कोई जबर करने वाले तो हो नहीं। लिहाज़ा तुम क़ुरआन के ज़रिए से उसे नसीहत करो जो हमारी तम्बीह (धमकी) से डरे।

व उज़्लि-फ़तिल् जन्नतु लिल्मुत्तक़ी-न ग़ै-र बअ़ीद (31)
हाज़ा मा तू-अदू-न लिकुल्लि अव्वाबिन् हफ़ीज़ (32)
मन् ख़शियर्रह्मा-न बिल्ग़ैबि व जा-अ बिक़ल्बिम्-मुनीब (33)
उद्ख़ुलूहा बि-सलामिन्, ज़ालि-क यौमुल्-ख़ुलूद (34)
लहुम्-मा यशाऊ-न फ़ीहा व लदैना मज़ीद (35)
व कम् अह्लक्ना क़ब्लहुम् मिन् क़र्निन् हुम् अशद्दु मिन्हुम् बत्शन् फ़-नक़्क़बू फ़िल्-बिलादि, हल् मिम्-महीस (36)
इन्-न फ़ी ज़ालि-क लज़िक्रा लिमन् का-न लहू क़ल्बुन् औ अल्क़स्सम्-अ व हु-व शहीद (37)
व ल-क़द् ख़लक़्नस्समावाति वल्-अर्-ज़ व मा बैनहुमा फ़ी सित्तति अय्यामिंव्-व मा मस्सना मिल्लुगूब (38)
फ़स्बिर् अ़ला मा यक़ूलू-न व सब्बिह् बिहम्दि रब्बि-क क़ब्-ल तुलूअ़िश्शम्सि व क़ब्लल्-ग़ुरूब (39)
व मिनल्लैलि फ़-सब्बिह्हु व अद्बारस्-सुजूद (40)
वस्तमिअ़् यौ-म युनादिल्-मुनादि मिम्-मकानिन् क़रीब (41)
यौ-म यस्मअ़ूनस्-सै-ह-त बिल्हक़्क़ि, ज़ालि-क यौमुल्-ख़ुरूज (42)
इन्ना नह्नु नुह्यी व नुमीतु व इलैनल्-मसीर (43)
यौ-म त-शक़्क़-क़ुल्-अर्ज़ु अ़न्हुम् सिराअ़न्, ज़ालि-क हश्रुन् अ़लैना यसीर (44)
नह्नु अअ़्लमु बिमा यक़ूलू-न व मा अन्-त अ़लैहिम् बि-जब्बारिन् फ़-ज़क्किर् बिल्-क़ुरआनि मंय्यख़ाफ़ु वअ़ीद (45)●

وَأُزْلِفَتِ الْجَنَّةُ لِلْمُتَّقِينَ غَيْرَ بَعِيدٍ ۝٣١
هَٰذَا مَا تُوعَدُونَ لِكُلِّ أَوَّابٍ حَفِيظٍ ۝٣٢
مَنْ خَشِيَ الرَّحْمَٰنَ بِالْغَيْبِ وَجَاءَ بِقَلْبٍ
مُنِيبٍ ۝٣٣
ادْخُلُوهَا بِسَلَامٍ ۖ ذَٰلِكَ يَوْمُ الْخُلُودِ ۝٣٤
لَهُمْ مَا يَشَاءُونَ فِيهَا وَلَدَيْنَا مَزِيدٌ ۝٣٥
وَكَمْ أَهْلَكْنَا قَبْلَهُمْ مِنْ قَرْنٍ هُمْ
أَشَدُّ مِنْهُمْ بَطْشًا فَنَقَّبُوا فِي الْبِلَادِ
هَلْ مِنْ مَحِيصٍ ۝٣٦
إِنَّ فِي ذَٰلِكَ لَذِكْرَىٰ لِمَنْ كَانَ لَهُ
قَلْبٌ أَوْ أَلْقَى السَّمْعَ وَهُوَ شَهِيدٌ ۝٣٧
وَلَقَدْ خَلَقْنَا السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضَ وَمَا
بَيْنَهُمَا فِي سِتَّةِ أَيَّامٍ وَمَا مَسَّنَا
مِنْ لُغُوبٍ ۝٣٨
فَاصْبِرْ عَلَىٰ مَا يَقُولُونَ وَسَبِّحْ بِحَمْدِ رَبِّكَ
قَبْلَ طُلُوعِ الشَّمْسِ وَقَبْلَ الْغُرُوبِ ۝٣٩
وَمِنَ اللَّيْلِ فَسَبِّحْهُ وَأَدْبَارَ السُّجُودِ ۝٤٠
وَاسْتَمِعْ يَوْمَ يُنَادِ الْمُنَادِ مِنْ مَكَانٍ
قَرِيبٍ ۝٤١
يَوْمَ يَسْمَعُونَ الصَّيْحَةَ بِالْحَقِّ ۚ ذَٰلِكَ
يَوْمُ الْخُرُوجِ ۝٤٢
إِنَّا نَحْنُ نُحْيِي وَنُمِيتُ وَإِلَيْنَا الْمَصِيرُ ۝٤٣
يَوْمَ تَشَقَّقُ الْأَرْضُ عَنْهُمْ سِرَاعًا ۚ
ذَٰلِكَ حَشْرٌ عَلَيْنَا يَسِيرٌ ۝٤٤
نَحْنُ أَعْلَمُ بِمَا يَقُولُونَ ۖ وَمَا أَنْتَ
عَلَيْهِمْ بِجَبَّارٍ ۖ فَذَكِّرْ بِالْقُرْآنِ مَنْ
يَخَافُ وَعِيدِ ۝٤٥

सूरह अज़्-ज़ारियात मक्की

(आयतें 60, रुकूआत 3)

ख़ुदा-ए-रहमान व रहीम के नाम से

1. शाहिद (गवाह) हैं (हवाएं) जो गर्द व गुबार उड़ाती फिरती हैं।
2. फिर बोझ उठाती हैं,
3. फिर नर्मी से चलती हैं,
4. फिर मुआमले को अलग-अलग करती हैं।
5. यक़ीनन तुमसे जिस चीज़ का वादा किया जाता है वह सच्ची है।
6. और बेशक हिसाब-किताब ज़रूर वाक़े होगा।

7-8. गवाह है धारियों वाला आसमान। यक़ीनन तुम एक इख़्तिलाफ़ (मत-भिन्नता) में पड़े हो।

9. इससे कोई सरफिरा ही बरगश्ता होता है।
10. मारे जाएं अटकल दौड़ाने वाले,
11. जो ग़फ़लत में पड़े हुए हैं बेख़बर,
12. पूछते हैं, "रोज़-ए-जज़ा (बदले का दिन) कब आएगा?"

13-14. जिस दिन वो आग पर तपाए जाएंगे; "चखो मज़ा अपनी फ़ितना परदाज़ी का! यही है जिसकी तुम जल्दी मचाए हुए थे!"

15. यक़ीनन डर रखने वाले बाग़ों और चश्मों में होंगे।
16. जो कुछ उनके रब ने उन्हें दिया उसे वो ले रहे होंगे; बेशक वो इससे पहले ख़ूबकारों में से थे।
17. रातों को थोड़ा ही सोते थे,
18. और सहर के वक़्त वही मग़फ़िरत तलब करते थे;
19. और उनके मालों में साइल (मांगने वालों) महरूम (गरीब न मांगने वालों) का हक़ था।

20-21. और ज़मीन में यक़ीन करने वालों के लिए बहुत सी निशानियां हैं; और ख़ुद तुम्हारी अपनी ज़ात में भी; तो क्या तुम देखते नहीं;

22. और आसमान में तुम्हारा रिज़्क़ है; और वह चीज़ भी जिसका तुमसे वादा किया जा रहा है।
23. पस क़सम है आसमान और ज़मीन के रब की, वह हक़ है ऐसे ही

51 सूरतुज़्-ज़ारियाति (मक्की) इस सूरः में अरबी के 1559 अक्षर, 360 शब्द, 60 आयतें और 3 रुकू हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

वज़्ज़ारियाति ज़र्वन् (1)
फ़ल्-हामिलाति विक़्रन् (2)
फ़ल्-जारियाति युस्रन् (3)
फ़ल्-मुक़स्सिमाति अम्रन् (4)
इन्नमा तू-अदू-न लसादिक़ (5)
व इन्नद्दी-न ल-वाक़िअ् (6)
वस्समा-इ ज़ातिल्-हुबुकि (7)
इन्नकुम् लफ़ी क़ौलिम्-मुख़्तलिफ़ (8)
युअ्फ़कु अन्हु मन् उफ़िक (9)
क़ुतिलल्-ख़र्रासून (10)
अल्लज़ी-न हुम् फ़ी ग़म्-रतिन् साहून (11)
यस्अलू-न अय्या-न यौमुद्दीन (12)
यौ-म हुम् अलन्नारि युफ़्तनून (13)
ज़ूक़ू फ़ित्-न-तकुम्, हाज़ल्लज़ी कुन्तुम् बिही तस्तअ्जिलून (14)
इन्नल्-मुत्तक़ी-न फ़ी जन्नातिंव्-व उयून (15)
आख़िज़ी-न मा आताहुम् रब्बुहुम्, इन्नहुम् कानू क़ब्-ल ज़ालि-क मुह्सिनीन (16)
कानू क़लीलम्-मिनल्लैलि मा यह्जअून (17)
व बिल्-अस्हारि हुम् यस्तग़्फ़िरून (18)
व फ़ी अम्वालिहिम् हक़्क़ुल्-लिस्सा-इलि वल्-मह्रूम (19)
व फ़िल्अर्ज़ि आयातुल्-लिल्मूक़िनीन (20)
व फ़ी अन्फ़ुसिकुम् अ-फ़ला तुब्सिरून (21)
व फ़िस्समा-इ रिज़्क़ुकुम् व मा तू-अदून (22)
फ़-वरब्बिस्समा-इ वल्अर्ज़ि इन्नहू ल-हक़्क़ुम्-मिस्-ल

سُوْرَةُ الذّٰرِيٰتِ مَكِّيَّةٌ اٰيَاتُهَا ٦٠ رُكُوْعَاتُهَا ٣

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

وَالذّٰرِيٰتِ ذَرْوًا ۝١
فَالْحٰمِلٰتِ وِقْرًا ۝٢
فَالْجٰرِيٰتِ يُسْرًا ۝٣
فَالْمُقَسِّمٰتِ اَمْرًا ۝٤
اِنَّمَا تُوْعَدُوْنَ لَصَادِقٌ ۝٥
وَّاِنَّ الدِّيْنَ لَوَاقِعٌ ۝٦
وَالسَّمَآءِ ذَاتِ الْحُبُكِ ۝٧
اِنَّكُمْ لَفِيْ قَوْلٍ مُّخْتَلِفٍ ۝٨
يُّؤْفَكُ عَنْهُ مَنْ اُفِكَ ۝٩
قُتِلَ الْخَرّٰصُوْنَ ۝١٠
الَّذِيْنَ هُمْ فِيْ غَمْرَةٍ سَاهُوْنَ ۝١١
يَسْـَٔلُوْنَ اَيَّانَ يَوْمُ الدِّيْنِ ۝١٢
يَوْمَ هُمْ عَلَى النَّارِ يُفْتَنُوْنَ ۝١٣
ذُوْقُوْا فِتْنَتَكُمْ هٰذَا الَّذِيْ كُنْتُمْ
بِهٖ تَسْتَعْجِلُوْنَ ۝١٤
اِنَّ الْمُتَّقِيْنَ فِيْ جَنّٰتٍ وَّعُيُوْنٍ ۝١٥
اٰخِذِيْنَ مَآ اٰتٰىهُمْ رَبُّهُمْ ۚ اِنَّهُمْ كَانُوْا
قَبْلَ ذٰلِكَ مُحْسِنِيْنَ ۝١٦
كَانُوْا قَلِيْلًا مِّنَ الَّيْلِ مَا يَهْجَعُوْنَ ۝١٧
وَبِالْاَسْحَارِ هُمْ يَسْتَغْفِرُوْنَ ۝١٨
وَفِيْٓ اَمْوَالِهِمْ حَقٌّ لِّلسَّآئِلِ وَالْمَحْرُوْمِ ۝١٩
وَفِي الْاَرْضِ اٰيٰتٌ لِّلْمُوْقِنِيْنَ ۝٢٠
وَفِيْٓ اَنْفُسِكُمْ ۚ اَفَلَا تُبْصِرُوْنَ ۝٢١
وَفِي السَّمَآءِ رِزْقُكُمْ وَمَا تُوْعَدُوْنَ ۝٢٢
فَوَرَبِّ السَّمَآءِ وَالْاَرْضِ اِنَّهٗ لَحَقٌّ مِّثْلَ

जैसे तुम बोलते हो।

24. क्या इबराहीम के मुअज़्ज़ज़ मेहमानों की ख़बर तुम तक पहुंची?

25. जब वो उसके पास आए तो कहा, "तुमपर सलाम है!" उसने भी कहा, "आप लोगों पर भी सलाम है! ये तो अजनबी लोग हैं"।

26-27. फिर वह नज़र बचाकर अपने घरवालों के पास गया और एक फ़रबा बछड़ा (भुना हुआ) ले आया; और उसे उनके आगे पेश किया, कहा,: "क्या आप खाते नहीं?"

28. फिर उसने दिल में उनसे डर महसूस किया। उन्होंने कहा, "डरिए नहीं"! और उन्होंने उसे एक इल्म वाले लड़के की ख़ुशख़बरी दी।

29. इसपर उसकी बीवी (हैरान होकर) आगे बढ़ी और उसने अपना मुंह पीट लिया, और कहने लगी, "एक बूढ़ी बांझ (बच्चा जनेगी)!" उन्होंने कहा, "ऐसा ही तेरे रब ने कहा; यक़ीनन वह बड़ा ही हकीम, इल्म वाला है"।

31. उसने कहा, "ऐ फ़िरिस्तादो, तुम्हें क्या मुहिम दरपेश है?"

32. उन्होंने कहा कि "हम एक मुजरिम क़ौम की तरफ़ भेजे गए हैं,

33-34. ताकि उनके ऊपर संग-ए-गिल बरसाएं जो आपके रब के यहां हद से आगे बढ़ने वालों के लिए निशानज़दा हैं"।

35. फिर वहां जो अह्ले ईमान थे उन्हें हमने निकाल लिया,

36. मगर हम ने वहां सिवाय एक घर के मुसलमानों का और कोई घर न पाया।

37. उसके बाद हमने वहां एक निशानी छोड़ दी उन लोगों के लिए जो दर्दनाक अज़ाब से डरते हैं।

38. और मूसा के क़िस्से में भी (निशानी है) जब हमने उसे फ़िरऔन के पास खुली दलील के साथ भेजा,

39. मगर उसने अपनी ताक़त के नशे में मुंह फेर लिया, और कहा, "जादूगर है या दीवाना!"

40. आख़िरकार हमने उसे और उसके लश्करों को पकड़ लिया, और उन्हें गहरे पानी में फेंक दिया, इस हाल में कि वह क़ाबिल-ए-मलामत था।

मा अन्नकुम् तन्तिक़ून (23) •
हल् अता-क हदीसु ज़ैफ़ि
इब्राहीमल् मुक्रमीन • (24)
इज़् द-ख़लू अ़लैहि फ़क़ालू सलामन्,
क़ा-ल सलामुन् क़ौमुम्-मुन्करून (25)
फ़रा ग़ इला अह्लिही फ़जा-अ
बिअ़िज्लिन् समीन (26)
फ़-क़र्र-बहू इलैहिम् क़ा-ल अला
तअ्कुलून (27)
फ़-औज-स मिन्हुम् ख़ी-फ़तन्, क़ालू
ला तख़फ़्, व बश्श-रूहु बिग़ुलामिन्
अ़लीम (28)
फ़-अक़्ब-लतिम्-र-अतुहू फ़ी सर्रतिन्
फ़-सक्कत् वज्हहा व क़ालत् अ़जूज़ुन्
अ़क़ीम (29)
क़ालू कज़ालिकि क़ा-ल रब्बुकि, इन्नहू
हुवल् हकीमुल्-अ़लीम (30)
क़ा-ल फ़मा ख़त्बुकुम्
अय्युहल्-मुर्सलून (31)
क़ालू इन्ना उर्सिल्ना इला
क़ौमिम्-मुज्रिमीन (32)
लिनुर्सि-ल अ़लैहिम् हिजा-रतम्-मिन्
तीन (33)
मुसव्व-मतन् अ़िन् द रब्बि-क
लिल् मुस्रिफ़ीन (34)
फ़-अख़्रज्ना मन् का-न फ़ीहा
मिनल्-मुअ्मिनीन (35)
फ़मा वजद्ना फ़ीहा ग़ै-र
बैतिम्-मिनल्-मुस्लिमीन (36)
व तरक्ना फ़ीहा
आ-यतल्-लिल्लज़ी-न यख़ाफ़ूनल्-
अ़ज़ाबल्-अलीम (37)
व फ़ी मूसा इज़् अर्सल्नाहु इला
फ़िर्औ़-न बिसुल्तानिम्-मुबीन (38)
फ़-तवल्ला बिरुक्निही व क़ा-ल
साहिरुन् औ मज्नून (39)
फ़-अख़ज़्नाहु व जुनूदहू फ़-नबज़्नाहुम्
फ़िल्यम्मि व हु-व मुलीम (40)

مَآ أَنَّكُمْ تَنطِقُونَ ﴿٢٣﴾
هَلْ أَتَىٰكَ حَدِيثُ ضَيْفِ إِبْرَٰهِيمَ
ٱلْمُكْرَمِينَ ﴿٢٤﴾
إِذْ دَخَلُوا۟ عَلَيْهِ فَقَالُوا۟ سَلَـٰمًا ۖ قَالَ سَلَـٰمٌ
قَوْمٌ مُّنكَرُونَ ﴿٢٥﴾
فَرَاغَ إِلَىٰٓ أَهْلِهِۦ فَجَآءَ بِعِجْلٍ سَمِينٍ ﴿٢٦﴾
فَقَرَّبَهُۥٓ إِلَيْهِمْ قَالَ أَلَا تَأْكُلُونَ ﴿٢٧﴾
فَأَوْجَسَ مِنْهُمْ خِيفَةً ۖ قَالُوا۟ لَا تَخَفْ ۖ
وَبَشَّرُوهُ بِغُلَـٰمٍ عَلِيمٍ ﴿٢٨﴾
فَأَقْبَلَتِ ٱمْرَأَتُهُۥ فِى صَرَّةٍ فَصَكَّتْ وَجْهَهَا
وَقَالَتْ عَجُوزٌ عَقِيمٌ ﴿٢٩﴾
قَالُوا۟ كَذَٰلِكِ قَالَ رَبُّكِ ۖ إِنَّهُۥ هُوَ ٱلْحَكِيمُ
ٱلْعَلِيمُ ﴿٣٠﴾
قَالَ فَمَا خَطْبُكُمْ أَيُّهَا ٱلْمُرْسَلُونَ ﴿٣١﴾
قَالُوٓا۟ إِنَّآ أُرْسِلْنَآ إِلَىٰ قَوْمٍ مُّجْرِمِينَ ﴿٣٢﴾
لِنُرْسِلَ عَلَيْهِمْ حِجَارَةً مِّن طِينٍ ﴿٣٣﴾
مُّسَوَّمَةً عِندَ رَبِّكَ لِلْمُسْرِفِينَ ﴿٣٤﴾
فَأَخْرَجْنَا مَن كَانَ فِيهَا مِنَ
ٱلْمُؤْمِنِينَ ﴿٣٥﴾
فَمَا وَجَدْنَا فِيهَا غَيْرَ بَيْتٍ مِّنَ ٱلْمُسْلِمِينَ ﴿٣٦﴾
وَتَرَكْنَا فِيهَآ ءَايَةً لِّلَّذِينَ يَخَافُونَ
ٱلْعَذَابَ ٱلْأَلِيمَ ﴿٣٧﴾
وَفِى مُوسَىٰٓ إِذْ أَرْسَلْنَـٰهُ إِلَىٰ فِرْعَوْنَ
بِسُلْطَـٰنٍ مُّبِينٍ ﴿٣٨﴾
فَتَوَلَّىٰ بِرُكْنِهِۦ وَقَالَ سَـٰحِرٌ أَوْ مَجْنُونٌ ﴿٣٩﴾
فَأَخَذْنَـٰهُ وَجُنُودَهُۥ فَنَبَذْنَـٰهُمْ فِى ٱلْيَمِّ
وَهُوَ مُلِيمٌ ﴿٤٠﴾

41. और आद में भी (तुम्हारे लिए निशानी है), उनपर ख़ुश्क ग़ैर नाफ़े हवा चला दी।

42. वह जिस चीज़ पर से भी गुज़री उसने उसे बोसीदा करके रख दिया।

43. और समूद में भी (तुम्हारे लिए निशानी है) जबकि उनसे कहा गया, "एक ख़ास वक़्त तक मज़े कर लो!"

44. मगर उन्होंने अपने रब के हुक्म से रूगरदानी की, पस कड़क ने उन्हें आ लिया और वो देखते रहे।

45. फिर न वो खड़े ही हो सके, और न अपना बचाव ही कर सके।

46. और इससे पहले क़ौमे नूह को भी पकड़ा; यक़ीनन वो फ़ासिक़ लोग थे।

47. आसमान को हमने अपनी क़ुदरत से बनाया, और हम बड़ी वुसअत रखने वाले हैं।

48. और ज़मीन को हमने बिछाया, पस हम क्या ही ख़ूब बिछाने वाले हैं!

49. और हमने हर चीज़ के जोड़े बनाए; ताकि तुम याददिहानी हासिल करो।

50. पस अल्लाह की तरफ़ भागो! मैं उसकी तरफ़ से तुम्हारे लिए एक खुला ख़बरदार करने वाला हूं!

51. और अल्लाह के साथ दूसरा माबूद न ठहराओ; मैं उसकी तरफ़ से तुम्हारे लिए एक खुला ख़बरदार करने वाला हूं।

52. इसी तरह उन लोगों के पास भी जो उनसे पहले गुज़रे हैं जो रसूल भी आया, तो उन्होंने बस यही कहा कि "जादूगर है या दीवाना!"

53. क्या उन्होंने एक-दूसरे को इसकी वसीयत कर रखी है? नहीं, बल्कि वो हैं ही सरकश लोग।

54. पस उनसे रुख़ फेर लो, अब तुम पर कोई मलामत नहीं।

55. और याददिहानी कराते रहो; क्योंकि याददिहानी अहले ईमान को नफ़ा पहुंचाती है।

56. मैंने तो जिन्नों और इनसानों को महज़ इसलिए पैदा किया कि वो मेरी इबादत करें।

57. मैं उनसे कोई रिज़्क़ नहीं चाहता, और न यह चाहता हूं

व फ़ी आदिन् इज़् अर्सल्ना अ़लैहिमुर्-रीहल्-अ़क़ीम (41)
मा त-ज़रु मिन् शैइन् अतत् अ़लैहि इल्ला ज-अ़लत्हु कर्रमीम (42)
व फ़ी समू-द इज़् की-ल लहुम् त-मत्तअू हत्ता हीन (43)
फ़-अ़तौ अ़न् अम्रि रब्बिहिम् फ़-अ-ख़ज़त्हुमुस्साअ़ि-क़तु व हुम् यन्ज़ुरून (44)
फ़मस्तताअू मिन् क़ियामिंव्-व मा कानू मुन्तसिरीन (45)
व क़ौ-म नूहिम्-मिन् क़ब्लु, इन्नहुम् कानू क़ौमन् फ़ासिक़ीन (46)●
वस्समा-अ बनैनाहा बिऐदिंव्-व इन्ना ल-मूसिअून (47)
वल्अर्-ज़ फ़रश्नाहा फ़निअ्मल्-माहिदून (48)
व मिन् कुल्लि शैइन् ख़लक़्ना ज़ौजैनि लअ़ल्लकुम् तज़क्करून (49)
फ़-फ़िर्रू इलल्लाहि, इन्नी लकुम् मिन्हु नज़ीरुम्-मुबीन (50)
व ला तज्अ़लू मअ़ल्लाहि इलाहन् आ-ख़-र, इन्नी लकुम् मिन्हु नज़ीरुम्-मुबीन (51)
कज़ालि-क मा अतल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिहिम् मिर्रसूलिन् इल्ला क़ालू साहिरुन् औ मज्नून (52)
अ-तवासौ बिही बल् हुम् क़ौमुन् तागून (53)
फ़-तवल्-ल अ़न्हुम् फ़मा अन्-त बि-मलूम (54)
व ज़क्किर् फ़-इन्नज़्ज़िक्रा तन्फ़अुल्-मुअ्मिनीन (55)
व मा ख़लक़्तुल्-जिन्-न वल्-इन्-स इल्ला लि-यअ्बुदून (56)
मा उरीदु मिन्हुम् मिर्रिज़्क़िंव्-व मा उरीदु

وَفِيْ عَادٍ اِذْ اَرْسَلْنَا عَلَيْهِمُ الرِّيْحَ
الْعَقِيْمَ ﴿٤١﴾
مَا تَذَرُ مِنْ شَيْءٍ اَتَتْ عَلَيْهِ اِلَّا جَعَلَتْهُ
كَالرَّمِيْمِ ﴿٤٢﴾
وَفِيْ ثَمُوْدَ اِذْ قِيْلَ لَهُمْ تَمَتَّعُوْا حَتّٰى
حِيْنٍ ﴿٤٣﴾
فَعَتَوْا عَنْ اَمْرِ رَبِّهِمْ فَاَخَذَتْهُمُ الصّٰعِقَةُ
وَهُمْ يَنْظُرُوْنَ ﴿٤٤﴾
فَمَا اسْتَطَاعُوْا مِنْ قِيَامٍ وَّمَا كَانُوْا
مُنْتَصِرِيْنَ ﴿٤٥﴾
وَقَوْمَ نُوْحٍ مِّنْ قَبْلُ ۭ اِنَّهُمْ كَانُوْا قَوْمًا
ع فٰسِقِيْنَ ﴿٤٦﴾
وَالسَّمَاۗءَ بَنَيْنٰهَا بِاَيْىدٍ وَّاِنَّا لَمُوْسِعُوْنَ ﴿٤٧﴾
وَالْاَرْضَ فَرَشْنٰهَا فَنِعْمَ الْمٰهِدُوْنَ ﴿٤٨﴾
وَمِنْ كُلِّ شَيْءٍ خَلَقْنَا زَوْجَيْنِ
لَعَلَّكُمْ تَذَكَّرُوْنَ ﴿٤٩﴾
فَفِرُّوْٓا اِلَى اللّٰهِ ۭ اِنِّىْ لَكُمْ مِّنْهُ نَذِيْرٌ
مُّبِيْنٌ ﴿٥٠﴾
وَلَا تَجْعَلُوْا مَعَ اللّٰهِ اِلٰـهًا اٰخَرَ ۭ اِنِّىْ لَكُمْ
مِّنْهُ نَذِيْرٌ مُّبِيْنٌ ﴿٥١﴾
كَذٰلِكَ مَآ اَتَى الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ مِّنْ
رَّسُوْلٍ اِلَّا قَالُوْا سَاحِرٌ اَوْ مَجْنُوْنٌ ﴿٥٢﴾
اَتَوَاصَوْا بِهٖ ۚ بَلْ هُمْ قَوْمٌ طَاغُوْنَ ﴿٥٣﴾
فَتَوَلَّ عَنْهُمْ فَمَآ اَنْتَ بِمَلُوْمٍ ﴿٥٤﴾
وَّذَكِّرْ فَاِنَّ الذِّكْرٰى تَنْفَعُ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٥٥﴾
وَمَا خَلَقْتُ الْجِنَّ وَالْاِنْسَ اِلَّا لِيَعْبُدُوْنِ ﴿٥٦﴾
مَآ اُرِيْدُ مِنْهُمْ مِّنْ رِّزْقٍ وَّمَآ اُرِيْدُ

कि वो मुझे खिलाएं।

58. यक़ीनन अल्लाह ही रोज़ी देनेवाला है, बड़ी कुव्वतवाला, ज़बरदस्त है।

59. पस जिन लोगों ने जुल्म इख़्तियार किया उनके लिए एक मुक़र्रर पैमाना है, जैसा उनके साथियों का मुक़र्रर पैमाना था, इसलिए वो मुझसे जल्दी न मचाएं।

60. आख़िर को उन लोगों के लिए जिन्होंने कुफ़्र इख़्तियार किया उनके उस दिन के सबब बड़ी ख़राबी है जिसकी उन्हें धमकी दी जा रही है।

सूरह अत्-तूर मक्की

(आयतें 49, रुकूआत 2)

ख़ुदा-ए-रहमान व रहीम के नाम से

1. गवाह है कोह-ए-तूर,

2-3. और फैले हुए झिल्ली के वर्क़ में लिखी हुई किताब,

4. और आबाद घर,

5. और ऊंची छत,

6-7. और लबरेज़ समुंदर, कि तेरे रब का अज़ाब ज़रूर वाक़े होकर रहेगा;

8. उसे टालने वाला कोई नहीं।

9. जिस दिन आसमान बुरी तरह डगमगाएगा।

10. और पहाड़ चलते-फिरते होंगे,

11. पस तबाही है उस दिन झुठलाने वालों के लिए,

12. वो लोग जो बातें बनाते हुए खेल रहे हैं,

13-14. जिस दिन वो धक्के दे देकर जहन्नम की आग की तरफ़ धकेले जाएंगे: "यही वह आग है जिसे तुम झुठलाते थे!

15. तो क्या यह जादू है, या तुम्हें सुझाई नहीं देता?

16. जाओ झुलसो उसमें! अब सब्र करो या सब्र न करो, तुम्हारे लिए बराबर है; तुम बदले में वही पा रहे हो जो तुम करते रहे थे"।

17. यक़ीनन डर रखने वाले बाग़ों और सामान-ए-ऐश में होंगे,

18. जो कुछ उन्हें उनके रब ने दिया होगा उससे लुत्फ़ उठा रहे होंगे और इस बात से कि उनके रब ने उन्हें भड़कती हुई आग से बचा लिया;

अंय्युत्इमून (57)
इन्नल्ला-ह हुवर्रज़्ज़ाकु ज़ुल्-कुव्वतिल्-मतीन (58)
फ़-इन्-न लिल्लज़ी-न ज़-लमू ज़नूबम्-मिस्-ल ज़नूबि-असहाबिहिम् फ़ला यस्तअ्जिलून (59)
फ़वैलुल्-लिल्लज़ी-न क-फ़रू मिंय्यौमिहिमुल्लज़ी यू-अदून (60)●

52 सूरतुत्-तूरि
(मक्की) इस सूरः में अरबी के 1334 अक्षर, 319 शब्द, 49 आयतें और 2 रुकू हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

वत्तूरि (1)
व किताबिम्-मस्तूरिन् (2)
फ़ी रक़्क़िम्-मन्शूरिंव्- (3)
-वल्-बैतिल्-मअ्मूर (4)
वस्सक़्फ़िल्-मर्फ़ूअि (5)
वल्-बह्रिल्-मस्जूर (6)
इन्-न अज़ा-ब रब्बि-क लवाक़िअ् (7)
मा लहू मिन् दाफ़िअिंय्- (8)
- यौ-म तमूरुस्-समा-उ मौरंव्-(9)
- व तसीरुल्-जिबालु सैरा (10)
फ़वैलुंय्यौ-मइज़िल्-लिल्-मुकज़्ज़िबीन (11)
अल्लज़ी-न हुम् फ़ी ख़ौज़िंय्यल्-अबून ● (12)
यौ-म युदअ़्अू-न इला नारि जहन्न-म दअ़्आ (13)
हाज़िहिन्नारुल्लती कुन्तुम् बिहा तुकज़्ज़िबून (14)
अ-फ़सिह्रुन् हाज़ा अम् अन्तुम् ला तुब्सिरून (15)
इस्लौहा फ़स्बिरू औ ला तस्बिरू सवाउन् अलैकुम्, इन्नमा तुज्ज़ौ-न मा कुन्तुम् तअ्मलून (16)
इन्नल्-मुत्तक़ी-न फ़ी जन्नातिंव् व नअीम (17)
फ़ाकिही-न बिमा आताहुम् रब्बुहुम् व वक़ाहुम् रब्बुहुम् अज़ाबल्-जहीम (18)

أَنْ يُّطْعِمُوْنِ ﴿٥٧﴾
إِنَّ اللّٰهَ هُوَ الرَّزَّاقُ ذُو الْقُوَّةِ الْمَتِيْنُ ﴿٥٨﴾
فَإِنَّ لِلَّذِيْنَ ظَلَمُوْا ذَنُوْبًا مِّثْلَ ذَنُوْبِ
أَصْحٰبِهِمْ فَلَا يَسْتَعْجِلُوْنِ ﴿٥٩﴾
فَوَيْلٌ لِّلَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ يَّوْمِهِمُ
الَّذِيْ يُوْعَدُوْنَ ﴿٦٠﴾

سُوْرَةُ الطُّوْرِ مَكِّيَّةٌ اٰيَاتُهَا ٤٩ رُكُوْعَاتُهَا ٢

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

وَالطُّوْرِ ﴿١﴾ وَكِتٰبٍ مَّسْطُوْرٍ ﴿٢﴾
فِيْ رَقٍّ مَّنْشُوْرٍ ﴿٣﴾
وَّالْبَيْتِ الْمَعْمُوْرِ ﴿٤﴾
وَالسَّقْفِ الْمَرْفُوْعِ ﴿٥﴾
وَالْبَحْرِ الْمَسْجُوْرِ ﴿٦﴾
إِنَّ عَذَابَ رَبِّكَ لَوَاقِعٌ ﴿٧﴾
مَّا لَهٗ مِنْ دَافِعٍ ﴿٨﴾
يَّوْمَ تَمُوْرُ السَّمَآءُ مَوْرًا ﴿٩﴾
وَّتَسِيْرُ الْجِبَالُ سَيْرًا ﴿١٠﴾
فَوَيْلٌ يَّوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِيْنَ ﴿١١﴾
الَّذِيْنَ هُمْ فِيْ خَوْضٍ يَّلْعَبُوْنَ ﴿١٢﴾
يَوْمَ يُدَعُّوْنَ إِلٰى نَارِ جَهَنَّمَ دَعًّا ﴿١٣﴾
هٰذِهِ النَّارُ الَّتِيْ كُنْتُمْ بِهَا تُكَذِّبُوْنَ ﴿١٤﴾
أَفَسِحْرٌ هٰذَا أَمْ أَنْتُمْ لَا تُبْصِرُوْنَ ﴿١٥﴾
اِصْلَوْهَا فَاصْبِرُوْا أَوْ لَا تَصْبِرُوْا سَوَآءٌ
عَلَيْكُمْ إِنَّمَا تُجْزَوْنَ مَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿١٦﴾
إِنَّ الْمُتَّقِيْنَ فِيْ جَنّٰتٍ وَّنَعِيْمٍ ﴿١٧﴾
فٰكِهِيْنَ بِمَآ اٰتٰهُمْ رَبُّهُمْ وَوَقٰهُمْ رَبُّهُمْ
عَذَابَ الْجَحِيْمِ ﴿١٨﴾

19. "मज़े से खाओ और पियो, उन आमाल के बदले में जो तुम करते रहे हो"।

20. क़तार में सजे तख़्तों पर टेक लगाए हुए होंगे और हम उन्हें बड़ी आंखों वाली हूरों से बियाह देंगे।

21. जो लोग ईमान लाए और उनकी औलाद ने भी किसी दर्जा ए-ईमान के साथ उनकी पैरवी की हमने उनसे उनकी औलाद को मिला दिया, और उनके अमल में से कुछ भी कम नहीं किया; हर शख़्स जो कमाई उसने की होगी उसके इवज़ गिर्वी (रहन) है।

22. और हम उन्हें मेवा और गोश्त जो उन्हें मरग़ूब होंगे दिए चले जाएंगे।

23. वो वहां आपस में हाथों हाथ जामे शराब झपटकर ले रहे होंगे। जिसमें न कोई लग़वियत होगी और न गुनाह की मुहर्रिक कोई बात,

24. और उनकी ख़िदमत में महफ़ूज़ मोतियों के मानिन्द लड़के दौड़ते-फिरते होंगे, जो उन्हीं के लिए मख़्सूस होंगे।

25. दरयाफ़्त-ए-हाल करते हुए उनमें से बाज़ बाज़ की तरफ़ मुतवज्जेह होंगे,

26. कहेंगे, "यक़ीनन हम पहले अपने घरवालों में डरते रहे हैं।

27. आख़िर अल्लाह ने हम पर एहसान फ़रमाया, और हमें गर्म हवा के अज़ाब से बचा लिया।

28. इससे पहले हम उसे पुकारते रहे हैं; यक़ीनन वह बड़ा ही बावफ़ा, निहायत रहमवाला है"।

29. पस तुम याददिहानी करते रहो, अपने रब की इनायत से न तो तुम काहिन हो और न दीवाने।

30. या वो कहते हैं कि "वह शायर है जिसके लिए हम गर्दिश-ए-ज़माना का इंतिज़ार कर रहे हैं?"

31. कह दो, "इंतिज़ार करो! मैं भी तुम्हारे साथ इंतिज़ार में हूं"।

32. या उनकी अक़्लें यही हुक्म दे रही हैं? या वो हैं ही सरकश लोग?

33. या वो कहते हैं कि "उसने उसको ख़ुद बना लिया है"? बल्कि वो ईमान नहीं लाते।

कुलू वश्रबू हनीअम्-बिमा कुन्तुम् तअ्मलून (19)

मुत्तकिई-न अ़ला सुरुरिम्-मस्फ़ू-फ़तिन् व ज़व्वज्नाहुम् बिहूरिन् अ़ीन (20)

वल्लज़ी-न आमनू वत्त-बअ़त्हुम् ज़ुर्रिय्यतुहुम् बिईमानिन् अल्हक़्ना बिहिम् ज़ुर्रिय्य-तहुम् व मा अलत्नाहुम् मिन् अ़-मलिहिम् मिन् शैइन्, कुल्लुम्-रिइम् बिमा क-स-ब रहीन (21)

व अम्दद्नाहुम् बिफ़ाकि-हतिंव्-व लह्मिम्-मिम्मा यश्तहून (22)

य-तनाज़अू-न फ़ीहा कअ्सल्-ला लग्वुन् फ़ीहा व ला तअ्सीम (23)

व यतूफ़ु अ़लैहिम् ग़िल्मानुल्-लहुम् क-अन्नहुम् लुअ्लुउम्-मक्नून (24)

व अक़्ब-ल बअ्ज़ुहुम् अ़ला बअ्ज़िंय्य-तसा-अलून (25)

क़ालू इन्ना कुन्ना क़ब्लु फ़ी अह्लिना मुश्फ़िक़ीन (26)

फ़-मन्नल्लाहु अ़लैना व वक़ाना अ़ज़ाबस्-समूम (27)

इन्ना कुन्ना मिन् क़ब्लु नद्अूहु, इन्नहू हुवल् बर्रुर्-रहीम (28) •

फ़-ज़क्किर् फ़मा अन्-त बिनिअ्-मति रब्बि-क बिकाहिनिंव्-व ला मज्नून (29)

अम् यक़ूलू-न शाअ़िरुन् न-तरब्बसु बिही रैबल्-मनून (30)

कुल् त-रब्बसू फ़-इन्नी म-अ़कुम् मिनल्-मु-तरब्बिसीन (31)

अम् तअ्मुरुहुम् अह्लामुहुम् बिहाज़ा अम् हुम् क़ौमुन् तागून (32)

अम् यक़ूलू-न तक़व्व लहू बल्-ला युअ्मिनून (33)

كُلُوا وَاشْرَبُوا هَنِيْٓـًٔا بِمَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ۝١٩

مُتَّكِـِٕيْنَ عَلٰى سُرُرٍ مَّصْفُوْفَةٍ ۚ وَزَوَّجْنٰهُمْ بِحُوْرٍ عِيْنٍ ۝٢٠

وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَاتَّبَعَتْهُمْ ذُرِّيَّتُهُمْ بِاِيْمَانٍ اَلْحَقْنَا بِهِمْ ذُرِّيَّتَهُمْ وَمَآ اَلَتْنٰهُمْ مِّنْ عَمَلِهِمْ مِّنْ شَيْءٍ ۭ كُلُّ امْرِئٍۢ بِمَا كَسَبَ رَهِيْنٌ ۝٢١

وَاَمْدَدْنٰهُمْ بِفَاكِهَةٍ وَّلَحْمٍ مِّمَّا يَشْتَهُوْنَ ۝٢٢

يَتَنَازَعُوْنَ فِيْهَا كَاْسًا لَّا لَغْوٌ فِيْهَا وَلَا تَاْثِيْمٌ ۝٢٣

وَيَطُوْفُ عَلَيْهِمْ غِلْمَانٌ لَّهُمْ كَاَنَّهُمْ لُؤْلُؤٌ مَّكْنُوْنٌ ۝٢٤

وَاَقْبَلَ بَعْضُهُمْ عَلٰى بَعْضٍ يَّتَسَاۗءَلُوْنَ ۝٢٥

قَالُوْٓا اِنَّا كُنَّا قَبْلُ فِيْٓ اَهْلِنَا مُشْفِقِيْنَ ۝٢٦

فَمَنَّ اللّٰهُ عَلَيْنَا وَوَقٰىنَا عَذَابَ السَّمُوْمِ ۝٢٧

اِنَّا كُنَّا مِنْ قَبْلُ نَدْعُوْهُ ۭ اِنَّهٗ هُوَ الْبَرُّ الرَّحِيْمُ ۝٢٨ ع

فَذَكِّرْ فَمَآ اَنْتَ بِنِعْمَتِ رَبِّكَ بِكَاهِنٍ وَّلَا مَجْنُوْنٍ ۝٢٩

اَمْ يَقُوْلُوْنَ شَاعِرٌ نَّتَرَبَّصُ بِهٖ رَيْبَ الْمَنُوْنِ ۝٣٠

قُلْ تَرَبَّصُوْا فَاِنِّيْ مَعَكُمْ مِّنَ الْمُتَرَبِّصِيْنَ ۝٣١

اَمْ تَاْمُرُهُمْ اَحْلَامُهُمْ بِهٰذَآ اَمْ هُمْ قَوْمٌ طَاغُوْنَ ۝٣٢

اَمْ يَقُوْلُوْنَ تَقَوَّلَهٗ ۚ بَلْ لَّا يُؤْمِنُوْنَ ۝٣٣

34. अच्छा अगर वो सच्चे हैं, तो उन्हें उस जैसा कलाम ले आना चाहिए।
35. या वो बग़ैर किसी चीज़ के पैदा हो गए? या वो ख़ुद ही ख़ालिक़ हैं?
36 या उन्होंने आसमानों और ज़मीन को पैदा किया? नहीं बल्कि वो यक़ीन नहीं रखते।
37. या उनके पास तुम्हारे रब के ख़ज़ाने हैं? या वही दारोग़ा हैं?
38. या उनके पास कोई सीढ़ी है जिस पर से वो सुन लेते हैं? फिर उनमें से सुन लेने वाला कोई खुली दलील ले आए।
39. क्या उसके लिए तो बेटियां हैं, और तुम्हारे अपने लिए बेटे?
40. या तुम उनसे किसी अज्र के तालिब हो कि वो तावान के बोझ से दबे जा रहे हैं?
41. या उनके पास ग़ैब है जिसकी बिना पर वो हुक्म लगा रहे हों?
42. या वो कोई चाल चलनी चाहते हैं? तो जिन लोगों ने कुफ़्र किया वही चाल की लपेट में आने वाले हैं।
43. या अल्लाह के सिवा उनका कोई और माबूद है? अल्लाह अज़ीम व बरतर है उससे जो शिर्क वो करते हैं।
44. अगर वो आसमान का कोई टुकड़ा गिरता हुआ देखें तो कहेंगे, "यह तो तह ब तह बादल है!"
45. पस छोड़ो उन्हें, यहां तक कि वो अपने उस दिन से दो-चार हों जिस में उनके होश जाते रहेंगे।
46. जिस दिन उनकी चाल उनके कुछ काम न आएगी, और न उन्हें कोई मदद ही पहुंचेगी।
47. और यक़ीनन जिन लोगों ने ज़ुल्म की रविश इख़्तियार की उनके लिए एक अज़ाब है, उसके सिवा, लेकिन उनमें से अक्सर जानते नहीं।
48. अपने रब का फ़ैसला आने तक सब्र करो; तुम तो हमारी आंखों के सामने हो। और जब उठो तो अपने रब की हम्द करो,

फ़ल्यअ्तू बि-हदीसिम्-मिस्लिही इन् कानू सादिक़ीन (34)
अम् ख़ुलिक़ू मिन् ग़ैरि शैइन् अम् हुमुल-ख़ालिक़ून (35)
अम् ख़-लक़ुस्समावाति वल्अर्-ज़ बल्-ला यूक़िनून (36)
अम् अिन्दहुम् ख़ज़ा-इनु रब्बि-क अम् हुमुल-मुसैतिरून (37)
अम् लहुम् सुल्लमुंय्यस्तमिअू-न फ़ीहि फ़ल्यअ्ति मुस्तमिअुहुम् बिसुल्तानिम्-मुबीन (38)
अम् लहुल-बनातु व लकुमुल-बनून (39)
अम् तस्-अलुहुम् अज्रन् फ़हुम् मिम्-मग़्रमिम्-मुस्क़लून (40)
अम् अिन्दहुमुल-ग़ैबु फ़हुम् यक्तुबून (41)
अम् युरीदू-न कैदन्, फ़ल्लज़ी-न क-फ़रू हुमुल-मकीदून (42)
अम् लहुम् इलाहुन् ग़ैरुल्लाहि, सुब्हानल्लाहि अम्मा युश्रिकून (43)
व इंय्यरौ किस्फ़म्-मिनस्समा-इ साक़ितंय्-यक़ूलू सहाबुम्-मरकूम (44)
फ़-ज़रहुम् हत्ता युलाक़ू यौ-महुमुल्लज़ी फ़ीहि युस्-अक़ून (45)
यौ-म ला युग़्नी अन्हुम् कैदुहुम् शैअंव्-व ला हुम् युन्सरून (46)
व इन्-न लिल्लज़ी-न ज़-लमू अज़ाबन् दू-न ज़ालि-क व लाकिन्-न अक्स-रहुम् ला यअ्लमून (47)
वस्बिर् लिहुक्मि रब्बि-क फ़-इन्न-क बि-अअ्युनिना व सब्बिह् बिहम्दि रब्बि-क ही-न तक़ूम (48)

فَلْيَأْتُوا بِحَدِيثٍ مِّثْلِهِۦٓ إِن كَانُوا
صَٰدِقِينَ ۝٣٤
أَمْ خُلِقُوا مِنْ غَيْرِ شَىْءٍ أَمْ هُمُ ٱلْخَٰلِقُونَ ۝٣٥
أَمْ خَلَقُوا ٱلسَّمَٰوَٰتِ وَٱلْأَرْضَ ۚ بَل
لَّا يُوقِنُونَ ۝٣٦
أَمْ عِندَهُمْ خَزَآئِنُ رَبِّكَ أَمْ هُمُ
ٱلْمُصَيْطِرُونَ ۝٣٧
أَمْ لَهُمْ سُلَّمٌ يَسْتَمِعُونَ فِيهِ ۖ فَلْيَأْتِ
مُسْتَمِعُهُم بِسُلْطَٰنٍ مُّبِينٍ ۝٣٨
أَمْ لَهُ ٱلْبَنَٰتُ وَلَكُمُ ٱلْبَنُونَ ۝٣٩
أَمْ تَسْـَٔلُهُمْ أَجْرًا فَهُم مِّن مَّغْرَمٍ
مُّثْقَلُونَ ۝٤٠
أَمْ عِندَهُمُ ٱلْغَيْبُ فَهُمْ يَكْتُبُونَ ۝٤١
أَمْ يُرِيدُونَ كَيْدًا ۖ فَٱلَّذِينَ كَفَرُوا
هُمُ ٱلْمَكِيدُونَ ۝٤٢
أَمْ لَهُمْ إِلَٰهٌ غَيْرُ ٱللَّهِ ۚ سُبْحَٰنَ ٱللَّهِ
عَمَّا يُشْرِكُونَ ۝٤٣
وَإِن يَرَوْا كِسْفًا مِّنَ ٱلسَّمَآءِ سَاقِطًا
يَقُولُوا سَحَابٌ مَّرْكُومٌ ۝٤٤
فَذَرْهُمْ حَتَّىٰ يُلَٰقُوا يَوْمَهُمُ ٱلَّذِى
فِيهِ يُصْعَقُونَ ۝٤٥
يَوْمَ لَا يُغْنِى عَنْهُمْ كَيْدُهُمْ شَيْـًٔا
وَلَا هُمْ يُنصَرُونَ ۝٤٦
وَإِنَّ لِلَّذِينَ ظَلَمُوا عَذَابًا دُونَ ذَٰلِكَ
وَلَٰكِنَّ أَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُونَ ۝٤٧
وَٱصْبِرْ لِحُكْمِ رَبِّكَ فَإِنَّكَ بِأَعْيُنِنَا ۖ وَسَبِّحْ
بِحَمْدِ رَبِّكَ حِينَ تَقُومُ ۝٤٨

49. और रात के कुछ वक़्त में भी उसकी तसबीह करो, और सितारों के पीठ देते वक़्त भी।

सूरह अन-नज्म मक्की

(आयतें 62, रुकूआत 3)

खुदा-ए-रहमान व रहीम के नाम से

1. शाहिद (गवाह) है तारा जब वह नीचे को आए।

2. तुम्हारा साथी न गुमराह हुआ, और न बहका,

3. और न वह अपनी ख़्वाहिश से बोलता है,

4. वह तो बस एक वही है जो की जा रही है।

5-7. उसे ज़बरदस्त क़ुव्वतों वाले ने सिखाया, मुस्तकिल तरीक़ वाले ने। बस वह भरपूर हुआ इस हाल में कि वह बुलन्दतर उफ़ुक़ पर है।

8. फिर वह क़रीब हुआ और उतर आया,

9. अब दो कमानों की क़ाब के बक़द्र या उससे भी ज़्यादा क़रीब हो गया।

10. तब अल्लाह ने अपने बन्दे की तरफ़ वही की जो कुछ भी वही की।

11. दिल की कोई फ़रेबकारी नहीं जो कुछ कि उसने देखा;

12. अब क्या तुम उससे उस चीज़ पर झगड़ते हो जिसका वह मुशाहदा कर रहा है?

13-14. और यक़ीनन वह उसे एक मरतबा और 'सिदरतुल मुन्तहा' के पास उतरते देख चुका है।

15. उसी के पास 'जन्नतुल मावा' है।

16. जब कि छा रहा था सिदरा जो कुछ छा रहा था;

17. निगाह न तो कज हुई और न बेक़ाबू हुई।

18. यक़ीनन उसने अपने रब की बड़ी-बड़ी निशानियों का मुशाहदा किया।

19-20. भला तुमने ग़ौर किया लात और उज़्ज़ा और तीसरी एक और मनात पर?

21. क्या तुम्हारे लिए तो बेटे हैं और उसके लिए बेटियां?

22. तब तो यह बेढंगी और बहुत ग़ैर मुन्सिफ़ाना तक़सीम है।

23. वो तो बस कुछ नाम हैं जो

व मिनल्लैलि फ़सब्बिहहु व इद्बारन् नुजूम (49) ●

53 सूरतुन्-नज्मि
(मक्की) इस सूरः में अरबी के 1450 अक्षर, 365 शब्द, 62 आयतें और 3 रुकू हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

वन्नज्मि इज़ा हवा (1)
मा ज़ल्-ल साहिबुकुम् व मा ग़वा (2)
व मा यन्तिक़ु अनिल्-हवा (3)
इन् हु-व इल्ला वह्युंय्यूहा (4)
अ़ल्ल-महू शदीदुल्क़ुवा (5)
ज़ू मिर्रतिन् फ़स्तवा (6)
व हु-व बिल्-उफ़ुक़िल्-अअ़्ला (7)
सुम्-म दना फ़-तदल्ला (8)
फ़का-न क़ा-ब क़ौसैनि औ अद्ना (9)
फ़-औहा इला अ़ब्दिही मा औहा (10)
मा क-ज़बल्-फ़ुआदु मा रआ (11)
अ-फ़तुमारूनहू अ़ला मा यरा (12)
व ल-क़द् रआहु नज़्ल-तन् उख़्रा (13)
अ़िन्-द सिद्-रतिल्-मुन्तहा (14)
अ़िन्दहा जन्नतुल्-मअ़्वा (15)
इज़् यग़्शस्-सिद्र-त मा यग़्शा (16)
मा ज़ाग़ल्-ब-सरु व मा तग़ा (17)
ल-क़द् रआ मिन् आयाति रब्बिहिल्-कुब्रा (18)
अ-फ़-रऐतुमुल्ला-त वल्अुज़्ज़ा (19)
व मनातस्सालि-सतल्-उख़्रा (20)
अ-लकुमुज़्-ज़-करु व लहुल्-उन्सा (21)
तिल्-क इज़न् क़िस्मतुन् ज़ीज़ा (22)
इन् हि-य इल्ला अस्माउन् सम्मैतुमूहा अन्तुम् व आबाउकुम् मा अन्ज़-लल्लाहु बिहा मिन्

وَمِنَ الَّيْلِ فَسَبِّحْهُ وَإِدْبَارَ النُّجُومِ ﴿٤٩﴾

سُورَةُ النَّجْمِ مَكِّيَّةٌ ٥٣ آيَاتُهَا ٦٢ رُكُوعَاتُهَا ٣

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

وَالنَّجْمِ إِذَا هَوٰى ﴿١﴾
مَا ضَلَّ صَاحِبُكُمْ وَمَا غَوٰى ﴿٢﴾
وَمَا يَنْطِقُ عَنِ الْهَوٰى ﴿٣﴾
إِنْ هُوَ إِلَّا وَحْيٌ يُّوحٰى ﴿٤﴾
عَلَّمَهٗ شَدِيْدُ الْقُوٰى ﴿٥﴾
ذُوْ مِرَّةٍ فَاسْتَوٰى ﴿٦﴾
وَهُوَ بِالْأُفُقِ الْأَعْلٰى ﴿٧﴾
ثُمَّ دَنَا فَتَدَلّٰى ﴿٨﴾
فَكَانَ قَابَ قَوْسَيْنِ أَوْ أَدْنٰى ﴿٩﴾
فَأَوْحٰى إِلٰى عَبْدِهٖ مَا أَوْحٰى ﴿١٠﴾
مَا كَذَبَ الْفُؤَادُ مَا رَأٰى ﴿١١﴾
أَفَتُمٰرُوْنَهٗ عَلٰى مَا يَرٰى ﴿١٢﴾
وَلَقَدْ رَاٰهُ نَزْلَةً أُخْرٰى ﴿١٣﴾
عِنْدَ سِدْرَةِ الْمُنْتَهٰى ﴿١٤﴾
عِنْدَهَا جَنَّةُ الْمَأْوٰى ﴿١٥﴾
إِذْ يَغْشَى السِّدْرَةَ مَا يَغْشٰى ﴿١٦﴾
مَا زَاغَ الْبَصَرُ وَمَا طَغٰى ﴿١٧﴾
لَقَدْ رَأٰى مِنْ اٰيٰتِ رَبِّهِ الْكُبْرٰى ﴿١٨﴾
أَفَرَءَيْتُمُ اللّٰتَ وَالْعُزّٰى ﴿١٩﴾
وَمَنٰوةَ الثَّالِثَةَ الْأُخْرٰى ﴿٢٠﴾
أَلَكُمُ الذَّكَرُ وَلَهُ الْأُنْثٰى ﴿٢١﴾
تِلْكَ إِذًا قِسْمَةٌ ضِيْزٰى ﴿٢٢﴾
إِنْ هِيَ إِلَّا أَسْمَاءٌ سَمَّيْتُمُوْهَا أَنْتُمْ
وَاٰبَاؤُكُمْ مَّا أَنْزَلَ اللّٰهُ بِهَا مِنْ

तुमने और तुम्हारे बाप-दादा ने रख लिए हैं, अल्लाह ने उनके लिए कोई सनद (दलील) नहीं उतारी। वो तो महज़ गुमान की पैरवी करते हैं और उसकी जो उनके नफ़्सों की चाहत है; हालांकि उनके पास उनके रब की तरफ़ से हिदायत आ चुकी है,

24. क्या इनसान वह कुछ पा लेगा जिसकी उसने तमन्ना की?

25. आख़िरत और दुनिया का मालिक तो अल्लाह ही है।

26. आसमानों में कितने ही फ़रिश्ते हैं उनकी सिफ़ारिश कुछ काम नहीं आने की, अगर काम आ सकती है तो इसके बाद ही कि अल्लाह इजाज़त दे जिसे चाहे और पसन्द फ़रमाए।

27-28. जो लोग आख़िरत पर ईमान नहीं रखते वो फ़रिश्तों को औरतों के नाम से पुकारते हैं, हालांकि इस बारे में उन्हें कुछ इल्म नहीं; वो महज़ गुमान की पैरवी करते हैं, और बेशक गुमान हक़ के मुक़ाबले में कुछ काम नहीं देता।

29. पस तुम उससे एराज़ करो जो हमारे ज़िक्र से मुंह मोड़ता है, और दुनिया की ज़िन्दगी के सिवा उसने कुछ न चाहा।

30. ऐसे लोगों के इल्म की रसाई बस यहीं तक है। यक़ीनन तुम्हारा रब ही उसे ख़ूब जानता है जो उसके रास्ते से भटक गया और वही उससे भी ख़ूब वाक़िफ़ है जो हिदायतयाब हुआ।

31. अल्लाह ही का है जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है ताकि जिन लोगों ने बुराई की वह उन्हें उनके किए का बदला दे, और जिन लोगों ने भलाई की उनको अच्छा बदला दे,

32. वो लोग जो बड़े गुनाहों और शर्मनाक कामों से बचते हैं, यह और बात है कि कहीं किसी बुराई का ख़याल आ जाए या उसपर पांव पड़ जाए। यक़ीनन तुम्हारा रब बख़्शिश में फ़राख़ है। वह तुम्हें उस वक़्त से बख़ूबी जानता है, जबकि उसने तुम्हें ज़मीन से पैदा किया, और जबकि तुम अपनी माओं के पेटों में नाज़ायदा बच्चे थे, पस अपने नफ़्स की उमदगी व बालीदगी का दावा न करो; वह उस शख़्स को बख़ूबी जानता है जिसने तक़्वा इख़्तियार किया।

33. क्या तुमने उसे देखा जिसने मुंह फेरा,

सुल्तानिन्, इंय्यत्तबिऊ-न इल्लज़्ज़न्-न व मा तह्वल्-अन्फ़ुसु व ल-क़द् जा-अहुम् मिर्रब्बि-हिमुल्-हुदा (23)

अम् लिल्-इन्सानि मा तमन्ना (24)

फ़-लिल्लाहिल्-आख़िरतु वल्-ऊला (25) ●

व कम् मिम्-मलकिन् फ़िस्समवाति ला तुग़्नी शफ़ा-अतुहुम् शैअन् इल्ला मिम्बअ्दि अंय्यअ्-ज़नल्लाहु लिमंय्यशा-उ व यर्ज़ा (26)

इन्नल्लज़ी-न ला युअ्मिनू-न बिल्-आख़िरति ल-युसम्मूनल्-मलाइ-क-त तस्मि-यतल्-उन्सा (27)

व मा लहुम् बिही मिन् अिल्मिन्, इंय्यत्तबिऊ-न इल्लज़्ज़न्-न व इन्नज़्-ज़न्-न ला युग़्नी मिनल्-हक़्क़ि शैआ (28)

फ़-अअ्रिज़् अम्-मन् तवल्ला अन् ज़िक्रिना व लम् युरिद् इल्लल्-हयातद्दुन्या (29)

ज़ालि-क मब्लग़ुहुम् मिनल्-अिल्मि, इन्-न रब्ब-क हु-व अअ्लमु बिमन् ज़ल्-ल अन् सबीलिही व हु-व अअ्लमु बि-मनिह्तदा ● (30)

व लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि लि-यज्ज़ि-यल्लज़ी-न असाऊ बिमा अमिलू व यज्ज़ि-यल्लज़ी-न अह्सनू बिल्हुस्ना (31)

अल्लज़ी-न यज्तनिबू-न कबाइरल्-इस्मि वल्-फ़वाहि-श इल्लल्-ल-मम्, इन्-न रब्ब-क वासिअुल्-मग़्फ़ि-रति, हु-व अअ्लमु बिकुम् इज़् अन्श-अकुम् मिनल्-अर्ज़ि व इज़् अन्तुम् अजिन्नतुन् फ़ी बुतूनि उम्म-हातिकुम् फ़ला तुज़क्कू अन्फ़ु-सकुम्, हु-व अअ्लमु बि-मनित्तक़ा (32) ●

अ-फ़ र-ऐतल्लज़ी तवल्ला (33)

سُلْطٰنٍ ۭ اِنْ يَّتَّبِعُوْنَ اِلَّا الظَّنَّ وَمَا تَهْوَى الْاَنْفُسُ ۚ وَلَقَدْ جَاۗءَهُمْ مِّنْ رَّبِّهِمُ الْهُدٰى ۝٢٣

اَمْ لِلْاِنْسَانِ مَا تَمَنّٰى ۝٢٤

فَلِلّٰهِ الْاٰخِرَةُ وَالْاُوْلٰى ۝٢٥

وَكَمْ مِّنْ مَّلَكٍ فِي السَّمٰوٰتِ لَا تُغْنِيْ شَفَاعَتُهُمْ شَيْـــًٔا اِلَّا مِنْۢ بَعْدِ اَنْ يَّاْذَنَ اللّٰهُ لِمَنْ يَّشَاۗءُ وَيَرْضٰى ۝٢٦

اِنَّ الَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ بِالْاٰخِرَةِ لَيُسَمُّوْنَ الْمَلٰۗىِٕكَةَ تَسْمِيَةَ الْاُنْثٰى ۝٢٧

وَمَا لَهُمْ بِهٖ مِنْ عِلْمٍ ۭ اِنْ يَّتَّبِعُوْنَ اِلَّا الظَّنَّ ۚ وَاِنَّ الظَّنَّ لَا يُغْنِيْ مِنَ الْحَقِّ شَيْـــًٔا ۝٢٨

فَاَعْرِضْ عَنْ مَّنْ تَوَلّٰى ڏ عَنْ ذِكْرِنَا وَلَمْ يُرِدْ اِلَّا الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا ۝٢٩

ذٰلِكَ مَبْلَغُهُمْ مِّنَ الْعِلْمِ ۭ اِنَّ رَبَّكَ هُوَ اَعْلَمُ بِمَنْ ضَلَّ عَنْ سَبِيْلِهٖ ۙ وَهُوَ اَعْلَمُ بِمَنِ اهْتَدٰى ۝٣٠

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۙ لِيَجْزِيَ الَّذِيْنَ اَسَاۗءُوْا بِمَا عَمِلُوْا وَيَجْزِيَ الَّذِيْنَ اَحْسَنُوْا بِالْحُسْنٰى ۝٣١

اَلَّذِيْنَ يَجْتَنِبُوْنَ كَبٰۗىِٕرَ الْاِثْمِ وَالْفَوَاحِشَ اِلَّا اللَّمَمَ ۭ اِنَّ رَبَّكَ وَاسِعُ الْمَغْفِرَةِ ۭ هُوَ اَعْلَمُ بِكُمْ اِذْ اَنْشَاَكُمْ مِّنَ الْاَرْضِ وَاِذْ اَنْتُمْ اَجِنَّةٌ فِيْ بُطُوْنِ اُمَّهٰتِكُمْ ۚ فَلَا تُزَكُّوْٓا اَنْفُسَكُمْ ۭ هُوَ اَعْلَمُ بِمَنِ اتَّقٰى ۝٣٢

اَفَرَءَيْتَ الَّذِيْ تَوَلّٰى ۝٣٣

34. और थोड़ा सा देकर रुक गया,
35. क्या उसके पास इल्म-ए-ग़ैब है कि वह देख रहा है?
36-37. या उसे उन बातों की ख़बर नहीं पहुंची जो मूसा के सहीफ़ों में है, और इबराहीम के, जिसने वफ़ा का हक़ अदा किया?
38. कि कोई बोझ उठानेवाला किसी दूसरे का बोझ न उठाएगा?
39. और यह कि इनसान के लिए बस वही है जो कुछ उसने सअई (कोशिश) की,
40. और यह कि उसकी सअई अनक़रीब देखी जाएगी,
41. फिर पूरी जज़ा उसे दी जाएगी,
42. और यह कि पहुंचने की मंज़िल तुम्हारे रब ही की तरफ़ है,
43. और यह कि वही है जो हंसाता और रुलाता है,
44. और यह कि वही है जो मारता और जिलाता है।
45. और यह कि वही है जिसने जोड़े के दोनों नर और मादा पैदा किए,
46. एक बूंद से जब वह टपकाई जाती है,
47. और यह कि उसी के ज़िम्मे दोबारा उठाना भी है,
48. और यह कि वही है जिसने दौलत दी और सरमायादार किया,
49. और यह कि वही है जो 'शिअरा' का रब है,
50. और यह कि उसी ने आद-ए-अव्वल को हलाक किया,
51-52. और समूद को भी, ग़र्ज़ किसी को भी बाक़ी न छोड़ा, और इससे पहले क़ौमे नूह को भी — यक़ीनन वो बड़े ज़ालिम और बड़े सरकश थे।
53. उलट जानेवाली बस्ती को भी नीचे गिराया,
54. तो ढक लिया उसे जिसने ढक लिया।
55. फिर तू अपने रब के करिश्मों में से किस-किस के बारे में शक करेगा?
56. यह पहले ख़बरदार करने वालों की तरह एक ख़बरदार करनेवाला है।
57. क़रीब आनेवाली क़रीब आ गई;
58. अल्लाह के सिवा कोई नहीं जो उसे हटा दे।
59. अब क्या तुम इस कलाम पर तअज्जुब करते हो?

व अअ्ता क़लीलंव्-व अक्दा (34)
अ-अिन्दहू अिल्मुल्-ग़ैबि फ़हु-व यरा (35)
अम् लम् युनब्बअ् बिमा फ़ी सुहुफ़ि मूसा (36)
व इब्राहीमल्लज़ी वफ़्फ़ा (37)
अल्ला तज़िरु वाज़ि-रतुंव्-विज़्-र उख़्रा (38)
व अल्लै-स लिल्-इन्सानि इल्ला मा सआ (39)
व अन्-न सअ्-यहू सौ-फ़ युरा (40)
सुम्-म युज्ज़ाहुल्-जज़ाअल्-औफ़ा (41)
व अन्-न इला रब्बिकल्-मुन्तहा (42)
व अन्नहू हु-व अज़्ह-क व अब्का (43)
व अन्नहू हु-व अमा-त व अह्या (44)
व अन्नहू ख़-लक़ज़्ज़ौजैनिज़्ज़-क-र वल्-उन्सा (45)
मिन्-नुत्फ़तिन् इज़ा तुम्ना (46)
व अन्-न अ़लैहिन्-नश्-अतल्-उख़्रा (47)
व अन्नहू हु-व अग़्ना व अक़्ना (48)
व अन्नहू हु-व रब्बुश्-शिअ्रा (49)
व अन्नहू अह्ल-क आ़-द-निल्ऊला (50)
व समू-द फ़मा अब्क़ा (51)
व क़ौ-म नूहिम्-मिन् क़ब्लु, इन्नहुम् कानू हुम् अज़्ल-म व अत्ग़ा (52)
वल्-मुअ्तफ़ि-क-त अह्वा (53)
फ़-ग़श्शाहा मा ग़श्शा (54)
फ़बिअय्यि आला-इ रब्बि-क त-तमारा (55)
हाज़ा नज़ीरुम मिनन्-नुज़ुरिल्-ऊला (56)
अज़ि-फ़तिल्-आज़िफ़ह् (57)
लै-स लहा मिन् दूनिल्लाहि काशिफ़ह् (58)
अ फ़-मिन् हाज़ल्-हदीसि तअ्जबून (59)

وَاَعْطٰى قَلِيْلًا وَّاَكْدٰى ٣٤
اَعِنْدَهٗ عِلْمُ الْغَيْبِ فَهُوَ يَرٰى ٣٥
اَمْ لَمْ يُنَبَّاْ بِمَا فِيْ صُحُفِ مُوْسٰى ٣٦
وَاِبْرٰهِيْمَ الَّذِيْ وَفّٰٓى ٣٧
اَلَّا تَزِرُ وَازِرَةٌ وِّزْرَ اُخْرٰى ٣٨
وَاَنْ لَّيْسَ لِلْاِنْسَانِ اِلَّا مَا سَعٰى ٣٩
وَاَنَّ سَعْيَهٗ سَوْفَ يُرٰى ٤٠
ثُمَّ يُجْزٰىهُ الْجَزَآءَ الْاَوْفٰى ٤١
وَاَنَّ اِلٰى رَبِّكَ الْمُنْتَهٰى ٤٢
وَاَنَّهٗ هُوَ اَضْحَكَ وَاَبْكٰى ٤٣
وَاَنَّهٗ هُوَ اَمَاتَ وَاَحْيَا ٤٤
وَاَنَّهٗ خَلَقَ الزَّوْجَيْنِ الذَّكَرَ وَالْاُنْثٰى ٤٥
مِنْ نُّطْفَةٍ اِذَا تُمْنٰى ٤٦
وَاَنَّ عَلَيْهِ النَّشْاَةَ الْاُخْرٰى ٤٧
وَاَنَّهٗ هُوَ اَغْنٰى وَاَقْنٰى ٤٨
وَاَنَّهٗ هُوَ رَبُّ الشِّعْرٰى ٤٩
وَاَنَّهٗٓ اَهْلَكَ عَادَا ۨالْاُوْلٰى ٥٠
وَثَمُوْدَاۡ فَمَآ اَبْقٰى ٥١
وَقَوْمَ نُوْحٍ مِّنْ قَبْلُ ۭ اِنَّهُمْ كَانُوْا هُمْ
اَظْلَمَ وَاَطْغٰى ٥٢
وَالْمُؤْتَفِكَةَ اَهْوٰى ٥٣
فَغَشّٰىهَا مَا غَشّٰى ٥٤
فَبِاَيِّ اٰلَاۗءِ رَبِّكَ تَتَمَارٰى ٥٥
هٰذَا نَذِيْرٌ مِّنَ النُّذُرِ الْاُوْلٰى ٥٦
اَزِفَتِ الْاٰزِفَةُ ٥٧
لَيْسَ لَهَا مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ كَاشِفَةٌ ٥٨
اَفَمِنْ هٰذَا الْحَدِيْثِ تَعْجَبُوْنَ ٥٩

60. और हंसते हो और रोते नहीं?
61. जबकि तुम मुतकब्बिर व मदहोश हो,
62. पस अल्लाह को सजदा करो और बन्दगी बजा लाओ!

सूरह अल-क़मर मक्की
(आयतें 55, रुकूआत 3)

ख़ुदा-ए-रहमान व रहीम के नाम से

1. वह घड़ी क़रीब आ लगी, और चांद फट गया।
2. मगर हाल यह है कि अगर वो कोई भी निशानी देखें तो एराज़ करेंगे और कहेंगे, "यह तो जादू है जो हमेशा से चला आ रहा है!"
3. उन्होंने झुटलाया और अपनी ख़ाहिशात की पैरवी की; मगर हर मुआमले के लिए एक वक़्त मुक़र्रर है।
4-5. उनके पास वो ख़बरें आ चुकी हैं जिनमें काफ़ी सामाने इबरत है। यानी कामिल हिकमत (दानाई); मगर तम्बीहात (चेतावनियां) उन्हें फ़ायदा नहीं देती!
6. पस उनसे रुख़ फेर लो — जिस रोज़ पुकारने वाला एक सख़्त नागवार चीज़ की तरफ़ पुकारेगा,
7. वो अपनी झुकी हुई निगाहों के साथ अपनी क़ब्रों से निकल रहे होंगे, गोया वो बिखरी हुई टिड्डियां हैं,
8. दौड़ पड़ने को पुकारने वाले की तरफ़। काफ़िर कहेंगे, "यह तो एक सख़्त दिन है"।
9. उनसे पहले क़ौमे नूह ने भी झुटलाया; उन्होंने हमारे बन्दे को झूटा क़रार दिया, और कहा कि "वह दीवाना है" और वह बुरी तरह झिड़का गया।
10. आख़िरकार उसने अपने रब को पुकारा कि "मैं मग़लूब हो गया हूं; अब तू इंतिक़ाम ले!"
11. तब हमने मूसलाधार बरसते हुए पानी से आसमान के दरवाज़े खोल दिए,
12. और ज़मीन को हमने बहते चश्मों में तबदील कर दिया, और सारा पानी उस काम के लिए जो मुक़द्दर था मिल गया।
13-14. और हमने उसे एक तख़्तों और कीलों वाली पर सवार किया जो हमारी निगाहों के सामने चल रही थी — यह बदला था उस शख़्स की ख़ातिर जिसको ठुकरा दिया गया था।

व तज़्हकू-न व ला तब्कून (60)
व अन्तुम् सामिदून (61)
फ़स्जुदू लिल्लाहि वअ्बुदू • (62)•

54 सूरतुल् क़-मरि (मक्की) इस सूर में अरबी के 1482 अक्षर, 348 शब्द, 55 आयतें और 3 रुकू हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम

इक़्त-र-बतिस्सा-अतु वन्शक़्क़ल्-क़मर् (1)
व इंय्यरौ आ-यतंय्-युअ्रिज़ू व यक़ूलू सिह्रुम्-मुस्तमिर्र (2)
व कज़्ज़बू वत्त-बऊ अह्वा-अहुम् व कुल्लु अम्रिम्-मुस्तक़िर्र (3)
व ल-क़द् जा-अहुम् मिनल्-अम्बा-इ मा फ़ीहि मुज़्-दजर् (4)
हिक्मतुम् बालि-ग़तुन् फ़मा तुग़्निन्-नुज़ुर (5)
फ़-तवल्-ल अन्हुम् • *यौ-म यद्अुद्-दाअि इला शैइन्-नुकुर* (6)
ख़ुश्श-अन् अब्सारुहुम् यख़्रुजू-न मिनल्-अज्दासि क-अन्नहुम् जरादुम्-मुन्तशिर (7)
मुह्तिअी-न इलद्-दाअि, यक़ूलुल्-काफ़िरू-न हाज़ा यौमुन् असिर (8)
कज़्ज़बत् क़ब्लहुम् क़ौमु नूहिन् फ़-कज़्ज़बू अब्-दना व क़ालू मज्नूनुंव्-वज़्दुजिर (9)
फ़-दआ रब्बहू अन्नी मग़्लूबुन् फ़न्तसिर (10)
फ़-फ़तह्ना अब्वाबस्-समा-इ बिमाइम्-मुन्हमिर (11)
व फ़ज्जर्नल्-अर्-ज़ अुयूनन् फ़ल्तक़ल्-मा उ अला अम्रिन् क़द् क़ुदिर (12)
व हमल्नाहु अला ज़ाति अल्वाहिंव्-व दुसुर (13)
तज्री बि-अअ्युनिना जज़ाअल्-लिमन् का-न कुफ़िर (14)

وَتَضْحَكُونَ وَلَا تَبْكُونَ ۝
وَأَنتُمْ سَامِدُونَ ۝
فَاسْجُدُوا لِلَّهِ وَاعْبُدُوا ۝٦٢

سُوْرَةُ الْقَمَرِ مَكِّيَّةٌ آيَاتُهَا ٥٥ رُكُوْعَاتُهَا ٣

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ

اقْتَرَبَتِ السَّاعَةُ وَانشَقَّ الْقَمَرُ ۝١
وَإِن يَرَوْا آيَةً يُعْرِضُوا وَيَقُولُوا سِحْرٌ مُّسْتَمِرٌّ ۝٢
وَكَذَّبُوا وَاتَّبَعُوا أَهْوَاءَهُمْ وَكُلُّ أَمْرٍ مُّسْتَقِرٌّ ۝٣
وَلَقَدْ جَاءَهُم مِّنَ الْأَنبَاءِ مَا فِيهِ مُزْدَجَرٌ ۝٤
حِكْمَةٌ بَالِغَةٌ فَمَا تُغْنِ النُّذُرُ ۝٥
فَتَوَلَّ عَنْهُمْ يَوْمَ يَدْعُ الدَّاعِ إِلَىٰ شَيْءٍ نُّكُرٍ ۝٦
خُشَّعًا أَبْصَارُهُمْ يَخْرُجُونَ مِنَ الْأَجْدَاثِ كَأَنَّهُمْ جَرَادٌ مُّنتَشِرٌ ۝٧
مُّهْطِعِينَ إِلَى الدَّاعِ يَقُولُ الْكَافِرُونَ هَٰذَا يَوْمٌ عَسِرٌ ۝٨
كَذَّبَتْ قَبْلَهُمْ قَوْمُ نُوحٍ فَكَذَّبُوا عَبْدَنَا وَقَالُوا مَجْنُونٌ وَازْدُجِرَ ۝٩
فَدَعَا رَبَّهُ أَنِّي مَغْلُوبٌ فَانتَصِرْ ۝١٠
فَفَتَحْنَا أَبْوَابَ السَّمَاءِ بِمَاءٍ مُّنْهَمِرٍ ۝١١
وَفَجَّرْنَا الْأَرْضَ عُيُونًا فَالْتَقَى الْمَاءُ عَلَىٰ أَمْرٍ قَدْ قُدِرَ ۝١٢
وَحَمَلْنَاهُ عَلَىٰ ذَاتِ أَلْوَاحٍ وَدُسُرٍ ۝١٣
تَجْرِي بِأَعْيُنِنَا جَزَاءً لِّمَن كَانَ كُفِرَ ۝١٤

15. हमने उसे एक निशानी बनाकर छोड़ दिया। फिर क्या है कोई याददिहानी हासिल करने वाला?

16. फिर कैसा रहा मेरा अज़ाब और मेरे डरावे?

17. हमने कुरआन को तज़कीर (नसीहत और याददिहानी) के लिए आसान कर दिया है। फिर क्या है कोई याददिहानी हासिल करनेवाला?

18. आद ने भी झुटलाया, फिर कैसा रहा मेरा अज़ाब और मेरे डरावे?

19-20. हमने एक मुसलसल नहूसत वाले दिन में तुन्द व तेज़ सर्द हवा भेजी, उसे उनपर मुसल्लत कर दिया, वह लोगों को उखाड़ फेंक रही थी, गोया वो उखड़े हुए खजूर के तने हैं।

21. फिर कैसा रहा मेरा अज़ाब और मेरे डरावे?

22. हमने कुरआन को नसीहत और याददिहानी के लिए मौज़ूं व साज़गार बना दिया है। फिर क्या है कोई याददिहानी हासिल करनेवाला।

23. समूद ने इनज़ार (डराने वाले) को झुटलाया।

24. और कहने लगे, "एक अकेला आदमी जो हम ही में से है क्या हम उसके पीछे चलेंगे? तब तो हक़ीक़त में हम गुमराही और दीवानगी में पड़ गए।

25. क्या हमारे दरमियान उसी पर याददिहानी नाज़िल हुई है? नहीं, बल्कि वह तो परले दर्जे का झूटा बड़ा खुदपसन्द है"।

26. कल को ही वो जान लेंगे कि कौन परले दर्जे का झूटा बड़ा खुदपसन्द है।

27. ऊंटनी को हम उनके लिए आज़माइश के तौरपर भेज रहे हैं; अब तुम देखते जाओ और सब्र से काम लो।

28. और उनको आगाह कर दो कि पानी उनके दरमियान तक़सीम किया गया है, हर एक अपने पीने की बारी पर हाज़िर होगा"।

29. आख़िरकार उन्होंने अपने रफ़ीक़ को पुकारा तो उसने ज़िम्मा लिया फिर उसने उसकी कूचें काट दीं।

30. फिर कैसा रहा मेरा अज़ाब और मेरे डरावे?

31. हमने उनपर एक धमाका छोड़ा; फिर वो बाड़ लगाने वाले की रौंदी हुई बाड़ के चूरे की तरह होकर रह गए।

32. हम ने कुरआन को याददिहानी के लिए मौज़ूं और साज़गार बनाया है। फिर क्या कोई है याददिहानी हासिल करने वाला?

33. लूत की क़ौम ने भी इनज़ार (डरानेवाले) की तकज़ीब की।

व लक़त्त-रक्नाहा आ-यतन् फ़-हल् मिम्-मुद्दकिर (15)
फ़कै-फ़ का-न अ़ज़ाबी व नुज़ुर (16)
व ल-क़द् यस्सर्नल्-क़ुर्आ-न लिज़्ज़िक्रि फ़-हल् मिम्-मुद्दकिर (17)
कज़्ज़बत् आदुन् फ़कै फ़ का-न अ़ज़ाबी व नुज़ुर (18)
इन्ना अर्सल्ना अ़लैहिम् रीहन् सर्-सरन् फ़ी यौमि नह्सिम्-मुस्तमिर्र (19)
तन्ज़िउ़न्ना-स क-अन्नहुम् अअ़्जाज़ु नख़्लिम्-मुन्क़अ़िर (20)
फ़कै-फ़ का-न अ़ज़ाबी व नुज़ुर (21)
व ल-क़द् यस्सर्नल्-क़ुर्आ-न लिज़्ज़िक्रि फ़-हल् मिम्-मुद्दकिर (22)
कज़्ज़बत् समूदु बिन्नुज़ुर (23)
फ़क़ालू अ-ब-शरम् मिन्ना वाहिदन् नत्तबिअुहू इन्ना इज़ल्-लफ़ी ज़लालिंव्-व सुअु़र (24)
अ-उल्क़ि-यज़्ज़िक्रु अ़लैहि मिम्बैनिना बल् हु-व कज़्ज़ाबुन् अशिर (25)
स-यअ्लमू-न ग़दम्-मनिल्-कज़्ज़ाबुल्-अशिर (26)
इन्ना मुर्सिलुन्ना-क़ति फ़ित्नतल्-लहुम् फ़र्तक़िब्हुम् वस्तबिर (27)
व नब्बिअ्हुम् अन्नल्-मा-अ क़िस्मतुम्-बैनहुम् कुल्लु शिर्बिम्-मुह्त-ज़र (28)
फ़नादौ साहि-बहुम् फ़-तआ़ता फ़-अ़क़र (29)
फ़कै-फ़ का-न अ़ज़ाबी व नुज़ुर (30)
इन्ना अर्सल्ना अ़लैहिम् सै-हतंव्-वाहि-दतन् फ़कानू क-हशीमिल्-मुह्तज़िर (31)
व ल-क़द् यस्सर्नल्-क़ुर्आ-न लिज़्ज़िक्रि फ़-हल् मिम्-मुद्दकिर (32)
कज़्ज़बत् क़ौमु लूतिम्-बिन्नुज़ुर (33)

وَلَقَدْ تَّرَكْنٰهَآ اٰيَةً فَهَلْ مِنْ مُّدَّكِرٍ ﴿١٥﴾
فَكَيْفَ كَانَ عَذَابِىْ وَنُذُرِ ﴿١٦﴾
وَلَقَدْ يَسَّرْنَا الْقُرْاٰنَ لِلذِّكْرِ فَهَلْ
مِنْ مُّدَّكِرٍ ﴿١٧﴾
كَذَّبَتْ عَادٌ فَكَيْفَ كَانَ عَذَابِىْ وَنُذُرِ ﴿١٨﴾
اِنَّآ اَرْسَلْنَا عَلَيْهِمْ رِيْحًا صَرْصَرًا فِىْ
يَوْمِ نَحْسٍ مُّسْتَمِرٍّ ﴿١٩﴾
تَنْزِعُ النَّاسَ كَاَنَّهُمْ اَعْجَازُ نَخْلٍ مُّنْقَعِرٍ ﴿٢٠﴾
فَكَيْفَ كَانَ عَذَابِىْ وَنُذُرِ ﴿٢١﴾
وَلَقَدْ يَسَّرْنَا الْقُرْاٰنَ لِلذِّكْرِ فَهَلْ
مِنْ مُّدَّكِرٍ ﴿٢٢﴾
كَذَّبَتْ ثَمُوْدُ بِالنُّذُرِ ﴿٢٣﴾
فَقَالُوْٓا اَبَشَرًا مِّنَّا وَاحِدًا نَّتَّبِعُهٗٓ اِنَّآ
اِذًا لَّفِىْ ضَلٰلٍ وَّسُعُرٍ ﴿٢٤﴾
ءَاُلْقِىَ الذِّكْرُ عَلَيْهِ مِنْۢ بَيْنِنَا بَلْ هُوَ
كَذَّابٌ اَشِرٌ ﴿٢٥﴾
سَيَعْلَمُوْنَ غَدًا مَّنِ الْكَذَّابُ الْاَشِرُ ﴿٢٦﴾
اِنَّا مُرْسِلُوا النَّاقَةِ فِتْنَةً لَّهُمْ فَارْتَقِبْهُمْ
وَاصْطَبِرْ ﴿٢٧﴾
وَنَبِّئْهُمْ اَنَّ الْمَآءَ قِسْمَةٌۢ بَيْنَهُمْ كُلُّ
شِرْبٍ مُّحْتَضَرٌ ﴿٢٨﴾
فَنَادَوْا صَاحِبَهُمْ فَتَعَاطٰى فَعَقَرَ ﴿٢٩﴾
فَكَيْفَ كَانَ عَذَابِىْ وَنُذُرِ ﴿٣٠﴾
اِنَّآ اَرْسَلْنَا عَلَيْهِمْ صَيْحَةً وَّاحِدَةً
فَكَانُوْا كَهَشِيْمِ الْمُحْتَظِرِ ﴿٣١﴾
وَلَقَدْ يَسَّرْنَا الْقُرْاٰنَ لِلذِّكْرِ فَهَلْ مِنْ مُّدَّكِرٍ ﴿٣٢﴾
كَذَّبَتْ قَوْمُ لُوْطٍۢ بِالنُّذُرِ ﴿٣٣﴾

34-35. हमने लूत के घरवालों के सिवा उनपर संगरेज़े बरसाने वाली तेज़ हवा भेजी; उन्हें हमने सेहर में अपनी तरफ़ से नवाज़िश कर के बचा लिया; हम इसी तरह उसे जज़ा देते हैं जो शुक्रगुज़ार हो।

36. उसने तो उन्हें हमारी पकड़ से ख़बरदार कर दिया था, मगर वो इनज़ार के बारे में झगड़ते और शक करते रहे।

37. उन्होंने उसे फुसलाकर उससे मेहमानों को तलब करना चाहा; आख़िरकार हमने उनकी आंखें मेट दीं कि "लो अब मेरे अज़ाब और इनज़ार का मज़ा चखो!"

38-39. सुबह सवेरे ही एक अटल अज़ाब उनपर आ पहुंचाः "लो अब मज़ा चखो मेरे अज़ाब और मेरे डरावे का!"

40. हमने कुरआन को याददिहानी के लिए मौज़ूं व साज़गार बना दिया है। फिर क्या है कोई याददिहानी हासिल करने वाला?

41. और आले फ़िरऔन के पास तम्बीहात आईं।

